छापे की अशुद्धियों को ग्रन्थकार के ऊपर लादना, इनका कितना अन्याय है ? 'सरस्वत्यै', 'गणेशाय' के आगे जो विसर्ग है—वह स्पष्ट ही छापे की अशुद्धिहै, इसे ग्रन्थकार की बताना सज्जनता नहीं है। आप के कल्पद्रुम में जितनी अशुद्धियाँ-अशुद्धि पत्र में गिना दी गई हैं, उनसे अधिक अभी इतनी और हैं कि जिन्हें गिना नहीं जा सकता ॥११॥१२॥१३॥

हम तो कल्पद्रुम की उन्हीं अशुद्धियों को दिखाएँगे-जिनका अयोग्यता से सम्बन्ध है। छापे की और अयोग्यता की अशुद्धियाँ स्पष्ट प्रतीत होती हैं। छापे की अशुद्धियों को तो हम छुएँगे ही नहीं, सज्जनों के मनोरंजन के लिये केवल उन्हीं को दिखायेंगे, जिनमें मिश्रजी की अयोग्यता हथेली पर रक्खे हुए आँवले के समान दीख रही है ॥१४॥१५॥१६॥

यद्यपि सज्जनों को दूसरों के दोष देखने की इच्छा नहीं होती, किन्तु दूसरों को सन्मार्ग पर लाने की इच्छा अवश्य होती है, सन्मार्ग को दिखाने के लिये उसके विपरीत असन्मार्ग भी दिखाना पड़ता है। गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने विश्वकल्याणकारिणी दैवी सम्पत्ति को जिस प्रकार दिखाया है, आसुरी सम्पत्ति का भी उसी प्रकार वर्णन किया है। विश्वकल्याण की इच्छा रखनेवाले सन्त असन्मार्ग से बचाने के लिये उसका भी वर्णन करते हैं ॥१७॥१८॥१९॥

अब हम 'वेदार्थपारिजात' के खण्डन में प्रवृत्त होनेवाले मिश्रजी को उन मोटी-मोटी अशुद्धियों को दिखाते हैं, जिन्हें देखकर यह बात सरलता से समझ में आ सकेगी कि क्या इनमें 'वेदार्थपारिजात' के खण्डन की योग्यता है। मिश्रजी को भी होश आ जायगा कि हाँ ! मेरा यह दुःसाहस है ॥२०॥२१॥

स्वामी दयानन्दजी स्वर्ग की सत्ता को नहीं मानते, उनके मत में भूमण्डल पर रहनेवाले विद्वान् ही देवता हैं, इनसे भिन्न स्वर्ग में रहनेवाले कोई देवता नहीं हैं। तब फिर देवताओं का कल्पद्रुम भी कोई वस्तु नहीं है, मिश्रजी ने अपने ग्रन्थ में इसका आरोप कैसे किया ? आश्रयासिद्ध * हेतु से साध्य की सिद्धि नहीं हो सकती। अरविन्दत्व हेतु से गगनारविन्द में सौरभ की सिद्धि कौन कर सकता है ?॥२२॥२३॥२४॥

---

* गगनारविन्द, बन्ध्यापुत्र, शशशृङ्ग में 'गगन', 'बन्ध्या' और 'शश' की सत्ता तो है, पर ये क्रमशः अरविन्द, पुत्र और शृङ्ग के आश्रय नहीं हैं। पर आपके 'कल्पद्रुम' का स्वर्गरूप आश्रय ही बन्ध्यापुत्रादिवत् अलीक है। न्यायनय में आश्रय की सत्ता होने पर भी योग्यता—विरहवशात् आश्रयत्व असिद्ध है; पर आपकी रीति से आश्रय की सत्ता ही असिद्ध है; अतः आपका 'कल्पद्रुम' आश्रयासिद्धि के निम्न नवीन दृष्टान्तों को चरितार्थ कर रहा है—

श्री करपात्री जी महाराज तो स्वर्ग की सत्ता को स्वीकार करते हैं। वहाँ नन्दन वन में देवताओं के वृक्ष पारिजात को भी मानते हैं, श्रीकृष्ण भगवान् के द्वारा उसका द्वारिका में लाया जाना भी उन्हें स्वीकार है, इसलिये उनका अपने वेदार्थ में 'पारिजात' का आरोप करना ठीक है। 'वेदार्थपारिजात' यह नाम सार्थक है ।।२५।।२६।।

मिश्र जी ने अपने वेदार्थकल्पद्रुम की प्रशंसा में चार श्लोक लिखे हैं--

प्रथम श्लोक में 'कीर्तेः' पदार्थ 'सौरभमारुतैः' के पदार्थैकदेश सौरभमें अन्वित हो रहा है, जो कि "पदार्थः पदार्थेनान्वेति न तु पदार्थैकदेशेन" इस व्युत्पत्ति के विरुद्ध है। "सविशेषणानां वृत्तिर्न वृत्तस्य च विशेषणयोगो न" इस व्युत्पत्ति के भी विरुद्ध है। तीसरे पद्य में साङ्गरूपक अलंकार दिखाया है; अब आप देखें किइसमें कितनी मोटी अशुद्धि है, जिसमें आरोप होता है उसका पूर्व प्रयोग उचितहै--जैसे कि आपने वेदार्थ में कल्पद्रुम का आरोप किया है, इसलिये वेदार्थ कापूर्व प्रयोग है और भी आनन्दाप्ति में फल का आरोप आदि ६ रूपकों में आरोपविषय का ही आपने वेदार्थ के अङ्गों में वृक्ष के अंगों का ही आरोप किया है, इसी प्रकार प्रमाणों में स्कन्ध का आरोप होने से 'प्रमाणस्कन्धैः' होना चाहिये। यहाँ आपने स्कन्धों को प्रमाण बनाकर उलटा कर दिया। अथवा लोक में कल्पद्रुप के अभाव से रूपक ही असिद्ध है, इस लिये इस गुड़गोबर में युक्तायुक्तत्व की चिन्ता अयुक्त है ।।२७।।२८।।

मिश्र जी अपनी प्रशंसा में लिख गये ४९,५०, ५१ वें श्लोक में जो कविता युवती का गला घोटा है, उस पर थोड़ी दृष्टि डालिये।

हेमराज का आत्मज के साथ समास करके 'हेमराजात्मज' इस शब्द का प्रयोग किया है। यह हेमराजात्मज 'अयोध्याप्रसाद' लेखक के पिता हैं। तत्पुरुष समास की उत्तर पदार्थ-प्रधानता पर दृष्टि रखते हुए 'शास्त्रकुशल' यह विशेषण इन्हीं का हो सकता है, हेमराज का नहीं। साहित्याम्बुधिपारगा निर्मला देवी ने यह विशेषण हेमराज का कैसे लिख दिया? इससे अगले ५० वें श्लोक के प्रथमचरण में लेखक ने 'आनन्दान्त विशुद्ध नामक' यह कहकर अपना नाम बताया है। इससे सीधा अपना नाम न बता सकने की अशक्ति

"मृगतृष्णाम्भसि स्नातः खपुष्पकृत शेखरः।
एष बन्ध्यासुतो याति शशशृङ्ग धनुर्धरः।।"

दूसरी ओर जब विद्वान् मनुष्य ही देवता हैं, तब पृथ्वी ही स्वर्ग है और कीकर, किंशुक और करीलादि ही कल्पद्रुम हैं; फिर 'मृत्यु ही मोक्ष है, राजा ही ईश्वर है और शरीर ही आत्मा है' ऐसा माननेवाले'चार्वाक' ही आपके आचार्य हैं।

प्रकट होती है। अपने चित्रके नीचे मुखपृष्ठ के श्लोक में भी 'आनन्दान्तविशुद्धमिश्रपदवी-नाम्ना' कह कर सीधा नाम न बता सकने की अपनी अशक्ति तो प्रकट की ही है, साथ ही 'मिश्रपदवी' को भी नाम के साथ जोड़ दिया है। इसी श्लोक में 'वेदार्थस्य' इस पद का सम्बन्ध 'फलप्रदाननिरतः' इस पद के एकदेश फल के साथ है, जो कि पूर्वनिर्दिष्ट व्युत्पत्तिद्वय के विरुद्ध है। 'इयं चार्धाङ्गिनी निर्मला' इस वाक्य को अधूरा छोड़कर अर्धाङ्गिनी को बीच में ही लटके रहने दिया, यदि यहाँ सान्निध्य से आप उनको अपनी पत्नी बता रहे हैं तो ५१ वें श्लोक के तृतीयचरण में उसको अपनी पत्नी बताने की क्या आवश्यकता ?

५० वें श्लोक के दूसरे चरण में निर्मला के विशेषण दिये हैं, तीसरे चरण में फिर अपना विशेषण दिया कि वेदान्तज्ञ विहारीलाल गुरु ने जिसको दीक्षादी है, चौथे चरण में शंका-समाधान की प्रतिज्ञा की है, ५१ वें श्लोक के तीसरे चरण में निर्मला जी को अपनी पत्नी बताने के लिये फिर उठाया, प्रथम और द्वितीय चरण में उसकी प्रशंसा की कि जिसके बालक और सेवक मातृभाषा की तरह संस्कृत बोलते हैं, 'सुरगिरा' में मातृभाषा का सादृश्य बताए बिना ही 'भाषन्ते' कहकर वाक्य समाप्त कर दिया। तीसरे चरण में सुरगिरा का आश्रय लेकर निर्मला जी की शोभा बढ़ाई, अब यहाँ से सुरगिरा को उठाकर प्रथम चरण के समाप्त हुए वाक्य में मातृभाषा सादृश्य बताने की विसङ्गति करनी पड़ती है। चौथे चरण में खण्डन करने की अपनी प्रतिज्ञा को फिर दोहराया। यहाँ अपने सम्बन्धियों का परिचय देकर अपना परिचय देते हुए खण्डन की प्रतिज्ञा का क्रम उचित था। वैसेतो यहाँ अपना इतिहास लिखना ही असङ्गत है, यह तो मूर्तिमती आत्मश्लाघा है। इस खिचड़ी के पकाने में काव्यमार्ग की अनभिज्ञता ही कारण है। 'संव्यधुः' में 'सम्' 'संशोभते' में 'सम्' 'सुभाष्य' में 'सु' यह सब पादपूर्ति के लिए बढ़ाए गये अक्षर हैं। ४९वें श्लोकके तीसरे चरण में 'जनिजुषो' इस पद का अन्वय कहीं नहीं लग रहा है। २९॥३०॥३१॥३२॥३३॥

हे विशुद्धानन्द जी ! इस काव्यकला में केवल आपकी ही अशक्ति प्रकट नहीं हो रही है, आपके स्वामी दयानन्द जी भी अपनी इस अशक्ति को प्रकट कर चुके हैं ॥३४॥

'ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका' के आरम्भ में उन्होंने अपने नाम का निर्देश किया। 'दयाया आनन्दः' यह विग्रह करके दोनों पद अलग-अलग दिखाये हैं। यह नहीं समझा कि ऐसा करने से संज्ञा का एक पदत्वरूप संज्ञात्व ही समाप्त हो जाता है। आपने भी अपनी प्रशंसा के १६वें श्लोक में—'श्रीमद्दयाप्रथमनन्दकृतिर्वरेण्या' कहकर 'दयानन्द' नाम की मिट्टी कूटी है। दयानन्द जी ने अपने नाम के आगे सरस्वती का निवास

भी बताया है, सरस्वती का स्वरूप नहीं बताया, वीणापाणि को तो आप मानते नहीं। यदि वही है तो आपके सिद्धान्त का भंग होता है और वह किसी के नाम के आगे निवास नहीं करती, अपने भक्तों के जिह्वाग्र पर तो अव्यक्तशक्ति से निवास करती हुई सुनने में आई है ॥३५॥३६॥३७॥

(अथवा)

'वेदार्थकल्पद्रुम' की प्रशंसा के छठे श्लोक में मिश्र जी लिखते हैं कि श्री हरि ने अपने पुत्र और सरस्वती के पुत्र दयानन्द को 'प्रमोदलोक' से पृथिवी पर आने की प्रेरणा दी। यह कह कर आपने श्री शुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षित्‌को सुनाई गई इस कथा पर विश्वास प्रकट किया है कि तामस मन्वन्तर में गजेन्द्र का उद्धार करने के लिए श्री विष्णु भगवान् ने हरिमेघा महर्षि के यहाँ माता हरिणी की कोख से प्रकट होकर 'श्रीहरि' के रूप में अवतार ग्रहण किया। मिश्र जी ! अब तो आप पौराणिक सिद्ध हो गए। प्रमोद लोक (स्वर्ग) की सत्ता को भी आपने स्वीकार कर लिया। इस प्रकार आपने आर्य समाज के सभी मूल सिद्धान्तों पर पानी फेर दिया और सरलता से श्री करपात्री जी महाराज के जय-जयकार का वातावरण बना दिया ॥ ३८।३९।४०।४१।४२॥

यह सज्जन सनातनधर्मावलम्बियों को पौराणिक कहते हैं, किन्तु हमने इन्हीं के लेखके आधार पर कहने मात्र के इन वैदिक जी को पौराणिक सिद्ध कर दिया है। हमारी पौराणिकता तो हमारी वैदिकता का मूलस्तम्भ है। क्योंकि पुराणों का ज्ञान प्राप्त किये बिना कोई वैदिक नहीं हो सकता। वेदों का विस्तार करने के लिए भगवान् विष्णु ने वेदव्यास के रूप में अवतार ग्रहण किया है। इनका कहना है कि इतिहास और पुराणों के तात्पर्य को समझकर वेदों का अर्थ करना चाहिये। बिना इनके समझे वेदों का अर्थ करने-वाला वेदों पर लेखनी कुठाराघात ही करेगा। इसी आधार पर अब तक श्री सायण-उव्वट-महीधर आदि आचार्यों ने वेदभाष्य किये हैं। तदनुसार पौराणिक ही वैदिक हो सकते हैं ॥४३-४४-४६-४६॥

अब तक मिश्र जी के इस ग्रन्थ की भूमिका के आदि-मध्य और अन्त के कुछअंशों पर स्थूल दृष्टि से ही थोड़ा विचार किया है, अब सिंहावलोकनन्याय के अनुसार बिलकुल प्रारम्भ से ही इस ग्रन्थ का पर्यवेक्षण करना है ॥४७॥४८॥

ग्रन्थारम्भ के प्रथम पृष्ठ में ही 'राष्ट्रीय' शब्द का उल्लेख है। यह प्रथम ग्रास में ही मक्खी गिर जाने के समान है। पाणिनि सूत्र में राष्ट्र शब्द से 'घ' प्रत्यय का विधान किया गया है, 'घ' को इयादेश होकर 'राष्ट्रिय' शब्द का प्रयोग होता है। हिन्दी वाक्यों

में तो 'राष्ट्रीय' शब्द का प्रयोग कुछ सह्य भी है, किन्तु यहाँ तो संस्कृत वाक्य में प्रयोग किया गया है, इसलिये असह्य है, इसको छापे की अशुद्धि नहीं कह सकते। इसमें तो सूत्र की अनुपस्थिति कारण है ॥४९॥५०॥५१॥

विशुद्धानन्द मिश्र के चित्र के नीचे जो उनका परिचायक श्लोक है, उसकी थोड़ी छानबीन और करें, इस श्लोक के द्वितीय चरण में तृतीयान्त नाम शब्द से 'आनन्दान्त विशुद्धमिश्रपदवी' यह नाम सूचित होता है। इस नाम में आनन्दान्त शब्द से अमङ्गल व्यक्त होता है, जो कि सहृदयों के लिये दुःखदायक है, दुःखान्त होता तो सुननेवालों को सुख मिलता। विशुद्ध शब्द को बीच में निकालकर यदि आनन्द के साथ जोड़ा जाय तो भी 'विशुद्धानन्दमिश्रपदवी' यह इतना बड़ा नाम निकलता है, यदि इतना बड़ा नाम मान लिया जाय तो सुननेवालों को ऐसा प्रतीत होगा कि यह कोई विदूषक है ॥५२॥५३॥५४॥५५॥५६॥

मुख्य पृष्ठ के पद्य का विवेचन तो हो चुका है, अब श्रीमती निर्मला जी के परिचायक पद्य का निरीक्षण कीजिये। इसके द्वितीय चरण में 'व्यवहरन्ति' क्रिया देकर वाक्य समाप्त कर दिया है। तृतीय चरण में निर्मला जी की प्रशंसा करके चौथे चरण में 'सुसंस्कृतगिरा' इस पद को 'व्यवहरन्ति' क्रिया के करण कारक के रूप में दिखाया है। यह जीता-जागता 'समाप्तपुनरात्तदोष' है ॥ यहाँ पत्नी आलम्बन विभाव है, उसके व्यवहार उद्दीपन विभाव हैं, पति के द्वारा की जा रही प्रशंसा अनुभाव है, हर्ष····आदि व्यभिचारिभाव हैं, दोनों स्त्री-पुरुषों का चित्र भी एक ही पत्र पर है, इसलिये सम्भोग शृङ्गार की अभिव्यक्ति हो रही है, इसका समाप्त पुनरात्तदोष से अपकर्ष हो रहा है ॥५७॥५८॥

'समर्पिति' के नीचे 'मातृपितृपादपद्मेभ्यः' लिखा है। यहाँ 'आनङृतो द्वन्द्वे' ६।३।२५ सूत्र की प्रवृत्ति अनिवार्य है! 'मातापितृपादपद्मेभ्यः' होना चाहिये ॥५९॥

'प्राग्वाक्' शीर्षक के नीचे 'निरचिनुवम्' लिखा है। यहाँ पितु होने से 'उवङ्' न होकर गुण होने पर 'निरचिनवम्' शुद्ध है ॥६०॥ 'प्रास्ताविकम्' में 'जरीजागर्ति' अशुद्ध है। 'जागृ' अनेकाच् धातु है, इसके प्रथम एकाच् को द्वित्व होने पर 'जजागरीति'— शुद्ध है ॥६१॥ वास्तव में तो अनेकाच्धातु से यङ् होता ही नहीं।

इसी लेख में 'प्राक्तना दृक्' लिखा है। यहाँ टित् होने से 'टिड्ढाणञ्' ४।१।१५ सूत्र से ङीप् होकर प्राक्तनी शुद्ध है ॥६२॥

श्वेताश्वतर उपनिषद् के 'अजामेकां'····मन्त्र में 'सरूपाः' पाठ है। इस लेख में स्वरूपा लिखा है। वैदिकधर्मावलम्बियों को मन्त्र की शुद्धि तो अवश्य देखनी चाहिये। मुद्रण की अशुद्धि है तो शुद्धिपत्र में स्पष्ट करनी चाहिये ॥६३॥

स्वगतभेदशून्य ब्रह्म को स्वगतशून्य लिखकर घोर अपराध किया है। स्वामी दयानन्द जी ने सत्यार्थप्रकाश में कई जगह ब्रह्म को सजातीय-विजातीय-स्वगतभेद-शून्य लिखा है। उन्होंने यह नहीं सोचा-समझा कि ऐसा लिखने से हमारे त्रैतवाद सिद्धान्त की हानि होती है। यद्यपि स्वगत शून्य लिखना छापे की अशुद्धि है; किंतु ११ पृष्ठ वाले शुद्धिपत्र में इसको स्थान न मिलना निन्दनीय है। हिन्दी में स्वगतभेद शून्य लिख दिया है ॥६४॥

'वेदार्थपारिजातपर्यालोचन' में 'संस्कृतलिपिबद्धे शास्त्रार्थे ते पौराणिकविदुषः पराजयन्त' यह वाक्य है। यहाँ 'पराजेरसोढः' १-४-२६ सूत्र से 'पौराणिकविदुषः' यह शब्द पञ्चम्यन्त है। इसका अर्थ है कि एक ही पौराणिक विद्वान् से सभी आर्यसमाजी विद्वान् हार गये। आपके इस सत्य भाषण के लिये धन्यवाद! यद्यपि असह्य अर्थ न होने पर पराजित करना भी इस क्रिया का अर्थ हो सकता है, किंतु यह पौराणिक विद्वान् तो आर्यसमाजी विद्वानों के लिये असह्य ही थे। जबकि स्वामी दयानन्द जी भी पौराणिक विद्वानों से ही पढ़कर वैदिक बने, गुरुकुल कांगड़ी के प्रथम गुरु अगाधमेध श्री काशीनाथ जी महाराज थे, उन्हीं के पढ़ाये हुए स्नातकों की शिष्य-प्रशिष्य परम्परा में आप सब लोग हैं, उन गुरुजनों को जीतनेमें आपलोगों की क्या सामर्थ्य है? इस लिये ही प्रकृति ने आपके मुख से 'परा' उपसर्गपूर्वक 'जि' धातु का प्रयोग कराया जिसका मुख्य अर्थ पराजित होना है। यदि 'वि' पूर्वक 'जि' का प्रयोग होता तो विजय ही होती, किन्तु वह सत्य नहीं थी, आर्यसमाजियों की पराजय ही सत्य है ॥६५॥६६॥६७॥६८॥

५९० पृष्ठ के इतने बड़े इस वेदार्थकल्पद्रुम ग्रन्थ में १५ पृष्ठ तक ही इतनी अशुद्धियाँ दिखाई हैं कि मिश्र जी और उनके सभी मित्र मिलकर भी इनका समाधान नहीं कर सकते। इसलिये अब आगे इस ग्रन्थ को देखने की उत्कण्ठा समाप्त हो गई। यदि इनका समाधान कर दिया जाय तो हम मिश्रजी को वेदाङ्गनद्यम्बुधि मान लेंगे और यदि यह वेदमन्त्रों का उच्चारण भी ठीक-ठीक कर सकें तो इन्हें हम वेदज्ञाननिधि भी स्वीकार कर लेंगे। किन्तु ये दोनों बातें असम्भव हैं। अतः अब हम इस ग्रन्थ की अगली अशुद्धियाँ नहीं दिखा रहे ॥६९॥७०॥७१॥७२॥७३॥

जिन पौराणिक विद्वानों से इन लोगों ने वेदविद्या प्राप्त की है, उन्हीं से स्पर्धा करने में इन्हें लज्जा का अनुभव नहीं होता। जिनके चरणकमणों की रजको मस्तक पर धारण करके स्वामी दयानन्द जी ने वेद पढ़े, उन्हीं को शास्त्रार्थ के लिये ललकारा ॥७४॥७५॥

गङ्गातट पर श्रीस्वामी श्रद्धानन्द जी ने वेदों के प्रचार-प्रसार के लिये गुरुकुल 'कांगड़ी' की स्थापना की। जिसमें सर्वतन्त्रस्वतन्त्र विद्याओं के निधि पुराणों के मर्मज्ञ पौराणिक

श्री काशीनाथ जी महाराज सर्वप्रथम गुरु थे। ये वहीं रहकर सनातन धर्मोचितमूर्तिपूजा आदि नित्यकर्म किया करते थे। श्री नरदेव, श्री विश्वेश्वर आदि-आदि अनेक आचार्य उनके शिष्य वहाँ के प्रथम स्नातक थे। श्री काशीनाथ जी ने श्री स्वामी दयानन्द जी के विषय में जो कुछ कहा है, उसको अभी प्रस्तुत करने से पूर्व श्री मिश्रजी के मिथ्या भाषणों को अब हम प्रस्तुत करते हैं ॥७६॥७७॥७८॥

श्री करपात्री जी के प्रताप की अग्निज्वालाओं से सन्तप्त होकर श्री मिश्रजी ने उनके लिये अनेक अपशब्दों का प्रयोग किया है—

करपात्री जी के समान शास्त्रों में आस्था-विश्वास शून्य अन्धविश्वासी भक्तों को ठगने के लिये शास्त्रों का सहारा लेनेवाला—परोत्कर्षासहिष्णु—दुष्ट-दुर्जन न कोई हुआ न होगा। स्वामी दयानन्द जी की ऋग्वेदादिभाष्य भूमिकापर आजतक किसी ने कोई कटाक्ष नहीं किया है। स्वामी दयानन्द जी का सिद्धान्त सर्वमान्य है ॥७९-८०-८१॥

अब आप इनके इस सफेद झूठ पर ध्यान दीजिये। इन्हें इस ग्रन्थ पर कुछ कौड़ियाँ भी इनाम में मिली हैं :—इसलिये और भी यह गड़गड़ा रहे हैं। इन्होंने अपने 'वेदार्थ-कल्पद्रुम' ग्रन्थ में बहुत बकवास की है। हम लोगों को शास्त्रार्थ के मञ्च पर भी बुलाया है। भृगुगोत्री ब्राह्मणों के वंश में अपने जन्म का निर्देश भी किया है। यहाँ इन्होंने जन्म से जातिवाद के सिद्धान्त को ठुकराने में सङ्कोच क्यों नहीं किया? स्वामी दयानन्द जी तो जन्म से जाति मानते होनहीं। आप उनके भक्त हैं। जन्म से अपनी जाति बताने की निरधिकार चेष्टा करते हुए आपको सङ्कोच होना चाहिये। अथवा जाति के लोभ से दयानन्द के मत को छोड़ देना चाहिये ॥८२-८३-८४॥

(मिश्रजी की मिथ्योक्ति)

सन् : १८८३ ई० १६ अक्टूबर को स्वामी दयानन्द जी की मृत्यु के ३६ साल बाद सन् १९१९ ई० में सदाचारमूर्ति श्री पं० घनश्याम जी शर्मा (प्रोफ़ैसर-सैण्ट जोन्स कालेज आगरा) ने ऋग्वेदादि भाष्य-भूमिका का खण्डन बड़े विस्तार से किया है। उस पर गुरुकुल कांगड़ी के प्रथम गुरु श्रीकाशीनाथ जी की संस्कृत में सम्मति का यह अनुवाद है। "यह विदित होना चाहिये कि सैण्ट जोन्स कालेज आगरा में संस्कृत के निपुण अध्यापक-सनातनधर्म के उद्धार का व्रत लेनेवाले इटावा विद्यापीठ के महोपदेशक-सनाढ्य ब्राह्मणों में ऊँची प्रतिष्ठा प्राप्त करने वाले आगरा निवासी श्री पं० घनश्याम शर्मा ने स्वामी दयानन्द जी की बनाई हुई 'ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका' के खण्डन में 'भूमिकाभास' ग्रन्थ लिखा है—इसका दूसरा नाम 'भूमिका धिक्कार' भी है।

सनातनधर्म का तत्त्व समझने की इच्छा रखनेवालों का यह ग्रन्थ महोपकारक है, प्रचार-प्रसार के योग्य है। इसमें स्वामी दयानन्द जी का बहुत बड़ा अज्ञान प्रकट किया है। इसमें हमारी भी सम्मति है ॥

ग्राम छाता, जिला बलिया निवासी, आज-कल काशी निवासी काशीनाथ ॥

३०० पृष्ठ का यह भूमिकाभास ग्रन्थ संस्कृत में है, हिन्दी में इसका अनुवाद भी है। हमारे पास है। इसके 'निवेदन' शीर्षक में श्री पं० उमापति द्विवेदी जी के प्रसिद्ध 'सनातनधर्मोद्धार' ग्रन्थ का उद्धरण दिया है। इसमें 'वेदविषयविचार' प्रकरण को लेकर २ से ९ पृष्ठ तक संस्कृत में स्वामी दयानन्द जी के वेदविषयविचार का कणशः खण्डन किया है।

वर्तमान समय से १०० वर्ष पूर्व के आस-पास 'मुरादाबाद' निवासी श्री पं० ज्वाला-प्रसाद मिश्र ने 'दयानन्दतिमिरभास्कर' ग्रन्थ के रूप में सत्यार्थप्रकाश का खण्डन लिखा है। इसके बाद श्री कालूराम आदि अनेक विद्वानों ने 'आर्यसमाज की मौत', 'दयानन्द छल-कपट-दर्पण' आदि अनेक ग्रन्थ लिखे हैं, जिनमें दयानन्द-मत को तिल-तिल करके पीस डाला है। इतने पर भी विशुद्धानन्द मिश्र जी का यह कथन कि करपात्री जी से पहले 'ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका' के वर्ण-पद-वाक्य सभी को तुच्छ—अविचारित कहने का जिसने दुःसाहस किया हो, ऐसा कोई नहीं हुआ। कितना सफेद झूठ है। निर्दोष कारपात्री जी पर मिथ्या दोषारोपण करना मिश्रजी की कितनी बड़ी सज्जनता है? 'भूमिकाभास' ग्रन्थ में जो कुछ लिखा है, उसका तो सारांश भी यहाँ नहीं लिखा जा सकता। स्वामी दयानन्द जी की भूमिका के आरम्भ में लिखे गये ८ श्लोकों की समालोचना जो वहाँ लिखी है, मिश्रजी के मिथ्या भाषण को पुष्ट करने के लिये उसका यह हिन्दी अनुवाद है ॥ ८५-८६-८७-८८-८२ ॥

'ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका' नामक ग्रन्थ को आरम्भ करते हुए स्वामी दयानन्द जी ने जगदीश्वर आनन्दस्वरूप परमात्मा के स्मरण के बहाने से कुछ श्लोक ग्रन्थ के आदि में ही निर्माण किये हैं, उनमें 'ब्रह्मानन्तमनादि' ......यह पहला ही श्लोक उनकी रचना में मङ्गलाचरण रूप है, जिसके देखने मात्र से एक बार ही उस महानुभाव के पाण्डित्य, साहित्य शास्त्र के ज्ञान और वेदभाष्य रचने की योग्यता का परिचय अच्छे प्रकार मिल जाता है। आश्चर्य है, पहले ही ग्रास में मक्खी आन पड़ी। हा! शोक है कि शब्द और अर्थों को प्रकाशित करनेवाली बुद्धिरूप लता के गुणरूपी गुच्छे पर इस दण्डी का उद्दण्डता से भरा हुआ कैसा दण्डप्रहार हुआ है?

अनेक शास्त्रों की विविध कलाओं के मर्म को जाननेवाले विद्वानों !! आप भी इस ओर ध्यान देकर इस पद्य को जरा विचारिये तो सही कि ब्रह्म का 'अनादि' विशेषण देकर भी 'अज' विशेषण देने से क्या लाभ ? जब कि दोनों का एक ही अर्थ है। सत्य और शाश्वत इन दोनों शब्दों का भी त्रिकालाबाधित एक ही अर्थ है, दोनों के प्रयोग में फिर 'पुनरुक्ति' है।

यह भी विचारणीय है :--कि निर्मल और जगत् का हित करनेवाली वह कौन सनातनी विद्या है, जो वेदों को धारण करती है। धारण किये जानेवाले वेद भी क्या वह उस वेदविद्या से भिन्न हैं ? 'हि', 'तु', 'सु' ये तीनों शब्द निरर्थक हैं—केवल पादपूर्ति के लिए ठूंसे गये हैं। 'निगमार्थभाष्यमतिना' इस पद का क्या अर्थ है ? वेदार्थभाष्य करने में आपकी कामना है या वेदभाष्य में ? यदि वेदार्थ भाष्य की कामना है तो वह वेदार्थ क्या आपका किया हुआ है जिसके भाष्य की कामना आपके हृदय में जागी ? उस वेदार्थ भाष्य का स्वरूप भी जिज्ञास्य है। यदि वह कामना वेदभाष्य की है तो बीच में अर्थ शब्द को ल्हसोड़ी की तरह लटकाने से क्या लाभ ? अधिक क्या लिखें, इस प्रथम पद्य में ही शब्द और अर्थ के दोषों की इतनी भरमार है कि कविता देवी उस शोचनीय दशा को प्राप्त हो गयी कि जिसे देखकर हमको दया आ रही है और खुले कण्ठ से कहना पड़ रहा है कि यह रसिक और चतुर पुरुष की प्राणप्रिया कविता कामिनी किसी कामातुर ग्रामीण के द्वारा सताई जा रही है। इसे बचाओ।

'कालरामाङ्क' ·· इस दूसरे श्लोक से भी स्वामी दयानन्द जी का पाण्डित्य अच्छे प्रकार विदित हो गया। 'कालरामाङ्कचन्द्रमितेऽब्दे' ऐसा कहना उचित था। स्वामी जी महाराज केवल काल आदि शब्दों से ही संवत् के मान का बोध कराने के लिए उद्योग कर रहे हैं। इनकी यह कुटिल वाक्यरचनाचातुरी बड़ी विचित्र है। कविता करने का साहस भी अद्भुत ही है, छन्दःशास्त्र के ज्ञान में असमर्थ भला कोई क्यों कर एकदम कविता करने में प्रवृत्त हो सकता है, यदि वह विचारशील हो। 'प्रतिपद्यादित्यवारे' इस चरण में पञ्चम अक्षर गुरु करके पिङ्गलाचार्य का भी अनादर कर दिया। 'भाष्यारम्भः कृतो मया' यहाँ पर भी आरम्भ शब्द आद्यकृति का वाचक है, 'कृतः' व्यर्थ है। 'भाष्यमारम्यते मया', इतना ही कहना पर्याप्त था।

'दयाया'—इति—यह स्वामी जी का तीसरा श्लोक है। इसका अन्वय इस प्रकार ही हो सकता है—जैसा कि संस्कृत में दिखाया है, मालूम होता है कि यह शिखरिणी कहीं एकान्त में बैठकर बड़े सावधान चित्त से बनाई है, नहीं तो जिसका अभिप्राय कठिनता से भी न मालूम हो सके और न जिसका सम्बन्ध ठीक-ठीक लग सके—ऐसे पदों

से भरी हुई इस अलौकिक कविता का प्रादुर्भाव कैसे होता। विद्वानों से परामर्श करने पर भी गुत्थियाँ नहीं सुलझीं। स्वात्मा में आनन्द के विदित होने का अभिप्राय समझ में ही नहीं आया। स्वामी जी की आत्मा में आनन्द शब्द विदित हुआ या उसका अर्थ? यदि शब्द विदित हुआ, तब तो सभी शब्द आत्मा में ही विदित होते हैं, आनन्द शब्द में क्या विशेषता है? यदि आनन्द शब्द का अर्थ विदित हुआ तो निष्प्रयोजन शब्द के प्रयोग से क्या लाभ? शोक है कि 'दयानन्द' इस नाम के बतलाने में किया गया अथक परिश्रम व्यर्थ गया। एक और भी रहस्य देखिये। सरस्वती जिसके आगे निवास करती थी—**'सदेव सौम्येदमग्र आसीत्'** इत्यादि वैदिक-स्थलों में **'अग्र'** शब्द पूर्वकाल का वाचक है—दयानन्द के जन्म से पूर्व ही सरस्वती कहीं जाकर छिप गयी। इस डर से कि कहीं यह दण्डी मुझ पर दण्डप्रहार न कर दे। 'अग्र' शब्द का सम्मुख अर्थ मानने पर भी सरस्वती शब्द का अभिप्राय समझ में नहीं आता। ब्रह्मप्रिया वाग्देवी तो आपके मत में कपोल-कल्पित है। उच्चारण की जाने वाली वाणी भी जिह्वा के अग्रभाग पर रहती है, सम्मुख नहीं। प्रततसुगुणा—वेदमनना—यह दो विशेषण भी ख्याति के निःसार हैं। इनसे ख्याति में कोई विशेषता प्रतीत नहीं हो रही। यह कविता नहीं है, बाललीला है। **'मनुष्येभ्यो हितायेति'**—इस चौथे श्लोक में भी 'हित' शब्द का प्रयोग उसके अर्थ को न जानकर ही किया है। अन्यथा इसमें चतुर्थी विभक्ति नहीं लगायी जाती। मनुष्य शब्द चतुर्थ्यन्त है ही। 'मनुष्येभ्यो हितं सत्यार्थं वेदभाष्यम्' यह अन्वय ठीक है। 'सत्यार्थं' यह पद रखकर फिर 'सत्यमानतः' इस पद का प्रयोग मनोहर नहीं। स्व शब्द भी व्यर्थ है। यहाँ कोई असाधारण निश्चय कराना प्रयोजन नहीं है। **'सर्वंवाक्यं सावधारणम्'**—इस नियम के अनुसार साधारण निश्चय तो सभी वाक्यों से अपने आप ही हो जाता है।

संस्कृतप्राकृताभ्यामिति—आश्चर्य है-बड़े शोक की बात है। इन स्वामी जी महाराज की धृष्टता तो देखो! इन्हें व्याकरण शास्त्र का लेशमात्र भी ज्ञान नहीं है और वेदभाष्य करने के लिए खड़े हो गये। देवि! संस्कृतवाणि!! निश्चय अब तेरी दशा दयायोग्य हो गयी। क्योंकि अपने को पण्डित माननेवाले पाखण्डियों में शिरोमणि कोई-कोई तेरे स्वरूप को अनेक प्रकार के दोषों से दूषित करने में लग गये हैं। अहो शोक! कि धर्म के तत्त्व का हल्ला-गुल्ला मचाने वाले और साधुवेष बनाकर मान कराने वाले लोगों की बाढ़ आ गयी है।

पक्षपात की दृष्टि से रहित विद्वज्जनों! आप इस मनोहर पद्य पर विचार करें कि जिसमें पहले ही अशुद्धिरूप छुरी से व्याकरण और अलङ्कारादि से सजे-धजे सरस्वती के शरीर पर कैसी चोट की गयी है! संस्कृत शब्द से स्त्रीत्व के द्योतन के लिये

1. 'अजाद्यतष्टाप्' सूत्र से टाप् प्रत्यय होकर 'संस्कृता' ऐसा रूप होता है, 'प्रकृति से आयी हुई' इस अर्थ के लिए 'अण्' प्रत्यय कर लेने पर प्रथम अच् को वृद्धि कर लेने पर 'प्राकृती' यह रूप सिद्ध होता है। दोनों का इतरेतरयोग द्वन्द्वसमास कर लेने पर 'संस्कृताप्राकृतीभ्याम्' यही शुद्ध रूप होता है। परन्तु 'संस्कृतप्राकृताभ्याम्' ऐसा रूप कहते हुए स्वामी दयानन्द जी के उच्चकोटि के पाण्डित्य में किसी विद्वान् को लेशमात्र भी सन्देह नहीं हो सकता ? क्योंकि जब योगी लोग सब प्रकार स्वतन्त्र होते हैं तब वे व्याकरणशास्त्र की भी अधीनता क्यों स्वीकार करने लगे ? क्या चिन्ता ! जैसा समझ में आया लिख मारा। मन्त्रार्थ वर्णन पर भी विचार करें। मन्त्रों के अर्थ को व्याख्या भाष्य से भिन्न है अथवा भाष्यस्वरूप हो है ? यदि भिन्न है तो उसका क्या स्वरूप है ? यदि भिन्न नहीं अर्थात्—भाष्यस्वरूप ही है तो मन्त्र और अर्थ इन दोनों शब्दों की क्या आवश्यकता ? यहाँ इस बात का भी पता नहीं लग पा रहा है कि स्वामीजी मन्त्रों की व्याख्या कर रहे हैं या उनके अर्थ की ? जैसे-जैसे विचार किया जाता है, वैसे-वैसे इस महर्षि के गम्भीर पाण्डित्य का परिचय प्राप्त होकर इसके प्रति संन्यासिजनोचित आदर से भी हमको बलपूर्वक अलग हटाता है। किसी कवि का यह कथन अच्छे प्रकार से घटता है। पहले मैंने जाना था कि इसमें चर्बी भरी हुई है, जब भीतर घुसकर देखा तो चमड़े-लकड़ी के सिवा कुछ न पाया। ढोल की पोल ही निकली ॥

आर्याणां मुन्यृषीणां

यहाँ पर इन स्वामिशिरोमणि जी से यह प्रष्टव्य है कि ऋषि लोग क्या आर्य नहीं होते और मुनि तथा ऋषियों में वास्तविक भेद क्या है ? जिसके आधार पर आप सनातनी व्याख्या रीति का आश्रय ले रहे हैं। यह भी बताइये कि वे है कौन-कौन ? 'नान्यथा' कहने की आपको क्या आवश्यतका पड़ गयी ? किसी ने क्या आपकी कृति में अप्रामाणिकता की शङ्का करने का दुःसाहस किया ? इस संसार में भला कोई ऐसा पुरुष है जो आप जैसे तपस्वियों के काम को कुदृष्टि से देख भी सके ? अधिक विस्तार से क्या ! बस इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि महाशय ! अच्छा मोटा-ताजा डोलडौल का शरीर रखते हुए आपने अखाड़े की ओर ही चित्त क्यों न लगाया ? उस काम में आप जैसे अनेक पुरुष धनादि के लाभ से कृतार्थ हो जाते हैं। वेदभाष्य का पाडित्य तो अनेक जन्मार्जित पुण्यों के प्रभाव से-सद्गुरु की कृपा से प्राप्त होता है। श्रद्धा तथा भक्ति से जिसकी शोभा होती है, ऐसी विद्वत्ता आप जैसे भ्रान्तचित्त और इधर-उधर घूमनेवालों को कैसे प्राप्त हो सकती है ?

येनाधुनिकेति

यह इनके मङ्गलाचरण की अन्तिम करतूत है । हा ! शोक है कि वेदार्थज्ञानी होने का अभिमान रखने वाले स्वामी दयानन्द जी ने इस पद्य को रचकर उत्तमोत्तम कविताओं का भाव समझनेवाले विद्वानों को पद-पदार्थ का व्यवस्था को सुरक्षित रखने में व्याकुल कर दिया है । हा शोक है कि इस तपस्वी ने गुणां से उपस्कृत-अलंकारों से अलकृत-- दोषगन्ध से रहित बेचारी कविता देवी को अत्यन्त अनुचित रूप में पहुँचा दिया है । वर्तमान काल में प्रचलित भाष्य आधुनिक होने के कारण यदि दोषों से भरे हुए हैं तब तो आपका भाष्य अधिक आधुनिक होने से और भी अधिक दोषों से भरा हुआ होगा । जबकि दोष शब्द से ही दूषित होना सिद्ध हो जाता है, तब 'दूषक' यह पद सर्वथा व्यर्थ है । शास्त्रकारों का यह सर्वसम्मत सिद्धान्त है कि 'यत्' और 'तत्' शब्द का नित्य सम्बन्ध होता है । यहाँ 'ये दोषाः' कहकर फिर 'तत्' शब्द का प्रयोग न करके केवल 'सर्वे' कह देना अनुचित है । और यह भी कहिये कि 'येन' पद से यदि आप भाष्य का ग्रहण करते हैं तो वर्तमान काल में बने भाष्यों में आपके माने हुए दोष अब भी ज्यों के त्यों विद्यमान हैं । आपके भाष्य ने इन्हे नष्ट नहीं किया ।

वेदानां यः सत्यार्थो स प्रकाश्यते —इस दूसरे श्लोक में भी सत्यार्थ का सनातन यह विशेषण निष्प्रयोजन है । दोनों शब्द एक ही अर्थ के वाचक हैं । 'ईश्वरस्य सहायेन' यहाँ पर 'सहाय' पद से सहायता अर्थ नहीं लिया जा सकता । अमरकोश में सहाय शब्द सेवक के अर्थ में गिनाया गया है । मेघदूत काव्य में भी सहाय शब्द का प्रयोग सेवक के अर्थ में किया गया है कि आकाश में राजहंस आपके सहायक होंगे । क्या ईश्वर दयानन्द का सेवक है ? अथवा ईश्वर का और कोई ऐसा सेवक है जो दयानन्द का काम सिद्ध करेगा ? इस प्रकार यह सब कथन निःसार है । लक्षणा से भी सहाय का अर्थ सहायता नहीं हो सकता । निरूढा और प्रयोजनवती इन दोनों लक्षणाओं में से यहाँ कोई नहीं है । साहित्यशास्त्र में निर्दिष्ट काव्यरचना के हेतुओं को बिना जाने हो एकदम स्वामीजो महाराज को कविता करने की रुचि हो गयी, जिससे कि विद्वज्जनों की सभा में पद-पद पर लड़खड़ाते हुए अपनी हँसी करा रहे हैं ।

"प्रयत्नः सुसिध्यताम्" यहाँ पर तो स्वामी जीने बहुत बुरी तरह पटकी खायी है । 'षिध्' धातु परस्मैपदी है । आपने इसका प्रयोग आत्मनेपद में किया है । 'सिध्यतु' होना चाहिये । प्रयत्न-सिद्धि की प्रार्थना भी अपनी अभिलषित वस्तु की पूर्ति का साधन नहीं हो सकती । अपना प्रयत्न सफल होने की प्रार्थना ही उत्तम है । "ईश्वरानुग्रहेणायं प्रयत्नः सफलो भवेत्" यह पाठ यदि होता तो अच्छा था ॥

ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका के आरम्भ में लिखे गये ८ श्लोकों का श्री घनश्याम शर्मा जी ने जिस प्रकार खण्डन किया हैं, वह यहाँ दिखाया। ९२७ पृष्ठों वाली इस भूमिका के ४½ पृष्ठों में लिखे गए ८ श्लोकों की जब यह दुर्दशा है—तब सम्पूर्ण भूमिका कैसी होगी, इसका अमुमान लगा लेना सरल है ॥९०-९१॥ इससे अगले वेदोत्पत्ति विषय के उपसंहार में श्री पं० घनश्याम शर्मा जी ने स्पष्ट कह दिया है कि अनुचित स्थान में किया हुआ प्रयत्न कभी सफल नहीं होता। यह वृद्धजनों का कथन ठीक ही है। इस महाशय ने संसार के हित की इच्छा से जो आर्यसमाज स्थापित किये हैं, उनमें अब आपस में फूट, शत्रुता, स्वार्थ, नास्तिकता, मुखिया बनने की हौंस--धन एवं प्रतिष्ठा प्राप्त करने की होड़ प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और तप का तेज, सत्य का प्रभाव--श्रेष्ठ स्वभाव—परोपकार-सत्कर्मों का अभ्यास-गुणों का उपार्जन--दोषों का त्याग दिन दूना और रात चौगुना घटता जा रहा हैं। बहुत क्या कहें—शास्त्रों के विचार में मूढ-ब्राह्मणों के द्वेषी--कदाचारी और महाभिमानी पुरुष इस समाज में प्रविष्ट होकर प्राचीन वेदोक्त वर्णाश्रम की मर्यादाओं को ताडकर धर्मप्राण भारत को अपने मनमाने मार्ग पर ले जाने का प्रयत्न कर रहे हैं। इसलिये विद्वानों के असावधान रहने का यह समय नहीं है।

भोलेभाले समाजी जिस महात्मा की रचना को सर्वश्रेष्ठ मानकर अपने आपको कृतार्थ मानते हैं, उस रचना का यह नमूना आपको दिखाया। मीमांसकों ने अकाट्य युक्ति.यों से और प्रमाणों से वेदों की नित्यता का समर्थन किया है, किन्तु यह भिक्षुक स्वामी दयानन्द ख्याति प्राप्त करने के लिये वृथा चेष्टा कर रहा है। इस दयानन्द के द्वारा इस समय वैदिक धर्म पर काले बादल मँडरा रहे हैं। ऐसे समय में सत्य के पक्षपाती विद्वानों का चुप रहना हमको खटक रहा है॥ इस प्रकार कुतर्कों से जकड़े हुए वेदविरुद्ध शिष्टजनों द्वारा अस्वीकृत दयानन्द के मत को उन्हें स्वीकार नहीं करना चाहिये, जिन्हें लौकिक-पारलौकिक कल्याण की इच्छा है।

इस भूमिकाभास से भी पूर्व काल में प्रकाशित श्री पं० उमापति द्विवेदी जी के 'सनातनधर्मोद्धार' ग्रन्थ में तो यहाँ तक लिखा है कि यह भूमिकाधारी दयानन्द छिपा हुआ चार्वाक है। क्योंकि यह यज्ञों का दृष्टफल जलवायु की शुद्धि मानता है! आचमन का फल कफ की निवृत्ति और मार्जन का फल आलस्य की निवृत्ति मानता है। स्वर्गरूप अदृष्ट फल नहीं मानता। अपने इस कथन में उन्होंने पूर्वमीमांसा के प्रसिद्ध वार्तिककार श्रीकुमारिल भट्ट के ६ श्लोक उद्धृत किये हैं, जिनका यह हिन्दी अनुवाद है। "यह मूर्ख नास्तिक लोग उस वेदोक्त धर्मानुष्ठान का भी दृष्ट-फल ही स्वीकार करते हैं, जिनका अदृष्ट ही फल है। अर्थात् अदृष्ट फल स्वीकार करते ही नहीं। यदि मीमांसकों ने इन्हें थोड़ा भी

अवसर दे दिया ये तो यह सम्पूर्ण धर्ममार्ग को पङ्किल कर डालेंगे। बन्दरों को और पिशाचों को जबतक अवसर नहीं मिलता तभी तक कुशल है, इसलिये धर्म के नाश पर उतारू दृष्टार्थवादी इन नास्तिकों को अवसर नहीं देना चाहिये ॥"

इस प्रकार यद्यपि श्री करपात्री जी से १०० साल पूर्व अनेकानेक विद्वानों ने दयानन्द के मत का खण्डन किया है, किन्तु नहीं मालूम श्री मिश्र जी का श्री करपात्री जी से ही इतना विरोध क्यों? यह कथन कि इनसे पूर्व किसी ने दयानन्द मत का खण्डन नहीं किया, कितना सफेद झूठ है।

अब आप इनके सफेद झूठ पर और भी दृष्टि डालिये। इसमें इन्होंने आकाश में ही हरे-भरे उद्यान का इन्द्रजाल दिखाया है। 'आभार' शीर्षक वाले लेख में इन्होंने हिन्दी में श्रीकरपात्री जी की ५ नई मान्यताएँ लिखकर इत्यादि लिखा है। वे पाँचों मान्यताएँ पूर्वनिर्दिष्ट हैं ॥९२-९३॥

इन प्रसिद्ध अत्यन्त प्राचीन मान्यताओं को नवीन कहनेवाला सूर्य को उँगलियों से ढकने की कुचेष्टा करता है। वेदार्थ पारिजात में अनेक युक्तियों और प्रमाणों से इन मान्यताओं की प्राचीनता को सिद्ध किया है; किन्तु यह मिश्र जी बकरी की तीन टाँगोंवाली हठ से चिपटे हुए लज्जित नहीं हो रहे हैं ॥९४-९५॥

प्राचीन मर्यादाओं की रक्षा का व्रत पालन करने में तत्पर श्री करपात्री जी पर नवीन कल्पना का आक्षेप अत्यन्त अनुचित है। स्वामी दयानन्द जी के मत में सभी कल्पनाएँ नवीन हैं। करपात्री जी पर नवीन कल्पना का आरोप मिथ्या प्रलाप है ॥९६-९७॥

मिश्रजी के दुराग्रह से विवश होकर अब हम स्वामी दयानन्द जी की उन नवीन कल्पनाओं को संक्षेप से दिखाते हैं, जिनमें लोकविरोध और वेदविरोध स्पष्ट है ॥९८॥

प्रसूता स्त्री ६ दिन तक ही बच्चे को अपना दूध पिलावे, पश्चात् धनाढ्य के बच्चे को धाय पिलावे। दरिद्र के बच्चे को ६ दिन बाद गाय या बकरी का दूध पिलावे ॥ पता नहीं कि स्वामी जी ने यह न्याय कौन से वेद से सीखा है। वेदों में तो मन्त्रोच्चारणपूर्वक बच्चे को प्रारम्भ में माता के ही दूध को पिलाने का विधान है ॥९९-१००-१०१॥

इस विषय में स्वामी जी का कोई नवीन अभिप्राय प्रतीत होता है, तरुण स्त्रियों को शीघ्र ही तारुण्य प्राप्त कराने की उत्कण्ठा से उन्होंने दूध पिलाना बन्द करने के लिए स्तनों पर किसी विशेष लेप का भी उपदेश किया है ॥१०२॥

६ दिन तक तो प्रायः प्रसूता के स्तनों में दूध आता ही नहीं है। उन दिनों में वैद्य लोग बच्चे को घुट्टी पिलवाते हैं ॥१०३॥

हाय ! धाय के बच्चों पर स्वामी दयानन्द जी की इतनी क्रूर दृष्टि क्यों हुई ? उन बेचारों को अपनी माता का दूध पीने से क्यों रोक दिया ? वे कहाँ जावें ? क्या करें ॥१०४॥

यदि धाय भी अपने बच्चे को दूध पिलाने के लिए किसी धाय को नियुक्त करे और वह भी किसी और धाय को, इस अनवस्था के कारण धायों का मिलते रहना असम्भव है ॥ दयानन्द के मत को शिरोधार्य करने वाले हे मिश्र जी ! आप ही इस अनवस्था को रोकने के लिए कोई व्यवस्था कीजिये। क्योंकि आप तो धाय का दूध पीकर ही पले होंगे ॥१०५-१०६॥

अपने आपको वैदिक धर्मावलम्बी होने की डींग मारने वाले स्वामी दयानन्द जी की एक और भी जघन्य मान्यता को सुनिये ॥ नैष्ठिक ब्रह्मचारी होकर भी उन्होंने योनि-संकोचन आदि उपायों का भी उपदेश किया है : नहीं मालूम यह शिक्षा उन्होंने कहाँ से प्राप्त की ॥१०७-१०८॥

'वेदों में इतिहास नहीं है' यह घोषणा करके उन्होंने परमेश्वर की सर्वज्ञता पर भी निर्दय प्रहार किया है ॥ भूत-भविष्यत् और वर्तमान काल की घटनाएँ जिसको करामलकवत् प्रत्यक्ष दीखती हों, उसको सर्वज्ञ कहते हैं ॥१०९॥

आधुनिकता हेतु से वेदों में अनित्यता स्वामीजी की मन्द बुद्धि में कहाँसे घुस बैठी। दैवज्ञ और सिद्ध पुरुष भी आगे होने वाली बातें बताया करते हैं। सर्वज्ञ परमेश्वर के बनाए हुए वेदों में (जैसा कि आप मानते हैं) आगे होने वाली बातें क्यों नहीं बताई जा सकतीं ? इस प्रकार आधुनिकत्व हेतु से वेदों में अनित्यता साध्य की सिद्धि नहीं हो सकती। यह हेतु व्याप्यत्वासिद्ध है ॥ ११०-१११-११२॥

'ब्राह्मणभाग वेद नहीं है', 'सम्पूर्ण मन्त्र भाग भी वेद नहीं है' यह कह कर स्वामी जी ने वेदों के शरीर के टुकड़े किये हैं ॥११३॥

चारों संहिताओं (दयानन्द की मानी हुई) में कहीं भी यज्ञोपवीत के धारण करने का—शिखाधारण करने का—आपकी संस्कार विधि में वर्णन किये गये—१६ संस्कारों का या ४८ संस्कारों का वर्णन नहीं है। आप के कथनानुसार यह सभी आर्य मर्यादाए अवैदिक हैं ॥११४-११५-११६॥

अमरकोश में वेदों का पर्यायवाचक समाम्नाय शब्द लिखा है। अष्टाध्यायी महाभाष्य के रचयिता भगवान् पतञ्जलि ने शिवजी के १४ सूत्रों के अक्षरों को 'समाम्नाय' कहा है। इस प्रकार वेदों के अङ्गों को भी वे वेद ही मानते हैं। क्योंकि अङ्गों के बिना अङ्गी सिद्ध ही नहीं हो सकता ॥ ब्राह्मण भाग को मन्त्रभाग की व्याख्या भी नहीं कह सकते,

पदच्छेद-पदार्थोक्ति-विग्रह-वाक्ययोजना-पूर्वपक्ष और उत्तरपक्ष इन सबको मिलाकर व्याख्या कहा जाता है। ब्राह्मण भाग में मंत्रभाग की ऐसी व्याख्या कहीं नहीं है। विशिष्ट–आख्यान अर्थ को लेकर जो कहीं व्याख्यानरूपता कही है वह भी लक्षणा वृत्ति से है। वेदों का रहस्य प्रकट करनेवाली पूर्वमीमांसा में विधिवाक्यों की ही प्रधानता कही है। सभी विधिवाक्य ब्राह्मण भाग में ही उपलब्ध होते हैं। इसलिए ब्राह्मण भाग अङ्गी है, अमुक मन्त्र का उच्चारण करके अमुक क्रिया करनी चाहिये, इस प्रकार सभी मन्त्रभाग उन-उन क्रियाओं का अङ्ग है। इसलिए विधायक होने से ब्राह्मण भाग स्वतन्त्र रूप से वेद है। भगवान् पतञ्जलि जब वेदाङ्गों को भी वेद मानते हैं तो विधायक ब्राह्मण भाग को कैसे वेद न माना जाय! 'ब्राह्मण भाग वेद नहीं है' यह बात आज तक कहीं नहीं कही। 'दोनों भाग वेद हैं' यही प्राचीन मान्यताहै। इसलिए दयानन्द की उपेक्षा करके श्री करपात्री जी के वेदार्थ-पारिजात पर ही श्रद्धा रखनी चाहिए ॥११७-११८-११९-१२०-१२१-१२२॥

नारायण के अवतार भगवान् वेदव्यास ने संहितात्मक एक ही-वेद को ११३१ शाखाओं में विभक्त किया है। पातञ्जल महाभाष्य और योगदर्शन के भाष्य में भी प्रसंगवश ११३१ शाखाओं का निर्देश मिलता है। सामवेद की १०००, यजुर्वेद की १०१, ऋग्वेद की २१, अथर्ववेद की ९ शाखाएँ सर्वत्र प्रसिद्ध हैं। 'चार संहिताएँ ही वेद हैं, ११३१ शाखाएँ नहीं' ऐसा निर्धारण कहीं नहीं मिलता, जैसा कि स्वामी दयानन्द जी का मन्तव्य है। इतने पर भी मिश्रजी की बुद्धि पर बलिहारी—जो कि यह कहते हैं कि ये मान्यताएँ करपात्री जी की हैं ॥१२३-१२४-१२५॥ वेदों का विभाग करनेवाले पराशर के पुत्र भगवान् वेदव्यास—विष्णु के अवतार हैं। वेद भी नारायण का ही स्वरूप है। यह बात तीनों लोकों में प्रसिद्ध है। यही दया के समुद्र व्यास स्त्रियों और शूद्रों के कल्याण के लिये १८ पुराणों और महाभारत के भी रचयिता हैं। दयानन्द के मत में वे भी पोप हैं और उनके उपदेश पोप-लीला हैं ॥१२६-१२७॥

पापों के पुञ्ज का शमन करनेवाले निर्जला एकादशी के पवित्र व्रत की भी स्वामी जी ने हँसी उड़ाई हैं ॥ धर्म के निर्णायक धर्मसिन्धु, निर्णयसिन्धु आदि ग्रन्थों का नाम लेकर स्वामी जी ने उनका निराकरण किया है, पर ये सर्वमान्य ग्रन्थ हैं ॥ आर्यों के आभूषण, आर्यावर्त में प्रसिद्ध जगन्नाथ पुरी आदि चारों धामों का भी स्वामी जी ने खण्डन किया है। मन्त्र भाग में भी यह वर्णन मिलता है कि गङ्गा-यमुना के सङ्गम में स्नान करने वालों को मोक्ष की प्राप्ति होती है, किन्तु स्वामी दयानन्द जी ने गङ्गा आदि पुण्य तीर्थों से जनता की श्रद्धा हटवा कर कौन-सा पाप नहीं किया? १२८-१२९-१३०-१३१-१३२॥

पितरों का श्राद्ध-तर्पण-मूर्तिपूजा-तीर्थयात्रा-परमेश्वर का अवतार—इन सभी धार्मिक कार्यों की अमान्यता ही स्वामी दयानन्द जी के मत में है। इन प्राचीन मान्यताओं को नवीन कल्पना कहना मिश्रजी का अपने आपको भी धोखा देना है। दुःख इतना ही है कि इतना दुराग्रह किसलिये ? ॥१३३॥

नास्तिकों के ग्रन्थों को छोड़कर ऐसी शिक्षा आस्तिकों के माननीय ग्रन्थों में कहीं देखने को नहीं मिल सकती ॥१३४॥

परलोक में गये हुए पितरों के निमित्त जो कुछ किया जा रहा है, उसे स्मार्त ग्रन्थों में 'श्राद्ध-तर्पण' कहते हैं। श्रौत ग्रन्थों में उसको ही, 'पितृमेध' कहते हैं। अग्निहोत्रियों की 'दर्शेष्टि' के दिन पितृमेध अवश्य होता है। ब्राह्मणभाग के विधिवाक्यों के अनुसार मन्त्र भाग के मन्त्रों का इसमें विनियोग होता है। उन मन्त्रों में सपत्नीक पिता-पितामह-प्रपितामह और सपत्नीक मातामह-प्रमातामह-वृद्ध प्रमातामह का नाम लेकर श्राद्ध-तर्पण किया जाता है। वेदों में इनका साक्षात् निर्देश है। कोई भी वैदिक कहाने वाला व्यक्ति इस वैदिक कर्मकाण्ड का निषेध कैसे कर सकता है ? सन् १८८३ ई० में १६ अक्टूबर के दिन स्वामी जी की मृत्यु से पूर्व सन् १८७५ ई० में उनकी उपस्थिति में छपे हुए सत्यार्थप्रकाश में जैसा देवर्षि पितृ-तर्पण लिखा है वैसा अभी दिखाया जा चुका है। इसके बाद १२ वीं बार के छपे हुए सत्यार्थप्रकाश तक यही देवर्षि पितृतर्पण लिखा हुआ मिलता है। बाद में आर्यसमाजियों ने इसका छापना बन्द कर दिया। आर्यसमाजियों का यह कहना नितान्त मिथ्या है कि स्वामी जी अपने जीवन काल में ही अपने इस लेख को अमान्य कह गये थे। उनकी मृत्यु से ८ साल पूर्व छपे हुए सत्यार्थप्रकाश का उद्धरण दिखाया जा चुका है। इसके पृष्ठ ४२ से ४८ तक और १२ वीं बार छपे सत्यार्थ प्रकाश के ६०० वें पृष्ठ पर यह देवर्षिपितृतर्पण छपा है।

मिश्रजी को वेदमन्त्रों में यदि श्राद्ध-तर्पण नहीं दीख रहा है तो अब सत्यार्थ प्रकाश में देखकर तो मान लेना चाहिये। देखना है कि अब मानते हैं या नहीं ? ॥१३५-१३६॥

कहिये मिश्रजी ! अब तो आपका स्वास्थ्य ठीक है ? अब तो अपने गुरु दयानन्द की आज्ञा के पालन में तत्पर हो जाइये ॥१३७॥१३८॥

जीवित पिता की आज्ञा का पालन करके क्षयाह के दिन एकोद्दिष्ट श्राद्ध करके और गया तीर्थ में पिण्ड देकर ही कोई पुत्र पुत्र कहलाने का अधिकारी होता है॥ आप भी अपने पितरों का श्राद्ध करके यथार्थ पुत्र बनेंगे अथवा पूर्वापर विरुद्ध बोलने वाले अपने गुरु दयानन्द का त्याग करेंगे ॥१३९॥

अब हम प्रसंगवश सन् १८८४ ई० में छपे सत्यार्थ प्रकाश में स्वामी दयानन्द जी के पूर्वापर विरुद्ध कुछ लेख बहुत संक्षेप में दिखाते हैं। (इस भूमिका के संस्कृतलेखों का यहाँ हिन्दी में अनुवाद किया जा रहा है। सत्यार्थ प्रकाश के हिन्दी लेख भी वहीं प्रकरणवश दिखा दिये गये हैं।)

स्वामी दयानन्द के पूर्वापर विरुद्ध कुछ ही लेख यहाँ दिखाये गये हैं। गहराई से देखने पर लेखों का परिगणन भी नहीं हो सकता ॥१४०-१४१॥ आसुरी भावना से अभिभूत होने के कारण अपने आपको वैदिक कहते हुए भी इन्होंने देवताओं और पितरों के खंडन करने वाली कुबुद्धि को अपनाया ॥१४२॥ संस्कृत भाषा से जिनका परिचय नहीं है, ऐसे बाबू पार्टी के लोगों को मोहित करने के लिये इन्होंने वेदमन्त्रों के मनमाने अर्थ कर डाले हैं ॥१४३॥ तैत्तिरीय श्रुति में ब्राह्मण भाग की जो व्याख्यानरूपता कही है, वहाँ किसी काव्य की टीका के समान मन्त्रभाग की व्याख्या समझना भ्रम है ॥ व्याख्यान और व्याख्यानरूपता इन दोनों शब्दों का एक ही अर्थ नहीं है। विधिवाक्यों के अनुसार मन्त्रों के विनियोग का निर्देश करना ही व्याख्यानरूपता है; अन्यथा उदात्त-अनुदात्त स्वरों के साथ ब्राह्मण भाग के उच्चारण करने की शिक्षा नहीं दी जा सकती थी। सस्वर पढ़े जाने के कारण ब्राह्मण भाग के वाक्य भी मन्त्र ही हैं। इसलिये इनको वेद न मानना नास्तिकता का प्रचार करना है ॥१७४-१४५-१४६॥

११३१ शाखाओं में से ११२७ को उड़ा देना, ब्राह्मण भाग को वेद न मानना—मन्त्रों के अर्थ का अनर्थ करना यह सब वेदानुयायी बनकर वेदों की कोख में छिपकर छुरी मारना है ॥१४७॥ शुद्धवंश में उत्पन्न--वेदाभ्यास में तत्पर कोई भी सत्पुरुष मन से भी ऐसे निन्दनीय कार्य को नहीं सोच सकता ॥१४८॥ शास्त्रीय परम्परा के विपरीत—विद्वानों द्वारा अमान्य—दयानन्द का चलाया हुआ यह आर्यसमाज अज्ञानी बाबुओं को मोह में डालने के लिये ही है ॥१४९॥

शिवरात्रि के दिन शिव की माया ने दयानन्द की बुद्धि पर पर्दा डाला और उसने तथा उसके अनुगामियों ने उसको बोधदिवस समझा ॥ ऐसी भी प्रसिद्धि है कि अपने ही बन्धु-बाधन्वों से तिरस्कृत होकर दयानन्द ने उनसे द्रोह करने के लिए यह रास्ता पकड़ा था। जो भी कुछ हो, प्रभु की प्रेरणा से ही सब कुछ होता है। कलियुग की वृद्धि के लिए ऐसे कलियुगाचार्य की भी आवश्यकता शिवजी ने समझी होगी ॥१५०-१५१-१५२॥

कविकुल-शिरोमणि श्रीहर्ष ने अपने प्रसिद्ध नैषधचरित महाकाव्य में कहा भी है कि—जैसे आँधी के अधीन होकर तिनके उड़ते हैं, वैसे ही भगवदिच्छा के अनुसार प्राणियों की प्रवृत्ति होती है ॥१५२॥

अब श्रीसुरेन्द्रकुमारजी के पाण्डित्य पर भी थोड़ा दृष्टिपात कीजिये। वे भी वेदार्थ पारिजात के पर्यालोचक हैं ॥१५३॥

प्रथम तो हम उनकी यह प्रशंसा करेंगे कि सन् १९४४ ई० में श्रीकरपात्री जी महाराज के द्वारा आयोजित शतकोटि महायज्ञ का उन्होंने स्मरण किया; फिर इसी प्रसङ्ग में उन्होंने सूर्य की पुत्री के रूप में श्रीयमुनाजी को याद किया उसके लिए विशेष धन्यवाद ! पुराणों में श्रीयमुनाजी के सूर्यपुत्री होने का वर्णन बड़े विस्तार से प्राप्त होता है। पुराणों को स्वीकार किये बिना यमुनाजी का सूर्य-पुत्री होना सिद्ध नहीं हो सकता। दयानन्दमत के अनुसार जड सूर्य की पुत्री होना असम्भव है। निष्पक्षपातहृदय श्री सुरेन्द्रकुमार शास्त्री ने दयानन्दमत की उपेक्षा करके यमुनाजी को सूर्य की पुत्री मान लिया ॥१५४-१५५-१५६॥

अब तो हम मिश्रजी और सुरेन्द्रकुमारजी दोनों को पौराणिक ही मानते हैं। सुरेन्द्रकुमारजी ने सूर्य को चेतन मानकर यमुनाजी को सूर्य की पुत्री माना है और मिश्रजी ने श्रीहरि की प्रेरणा से दयानन्द का स्वर्ग से उतरना मानकर स्वर्गलोक की सत्ता और विष्णु भगवान् का श्रीहरि के रूप में अवतार होना मान लिया है ॥१५७॥

किन्तु दो नौकाओं में चढ़ने की चेष्टा करने वाले ये दोनों उभयभ्रष्ट हैं। नहीं मालूम किस कारण से ये दोनों समझते हुए भी अन्धे बने हुए हैं ॥१५८॥

श्रीसुरेन्द्रजी ने ग्रन्थ सामान्यसमीक्षा की तीसरी पंक्ति पर १ का चिह्न देकर टिप्पणी में वेदार्थपारिजात के ५५० पृ० पं० २ का उद्धरण देकर कुछ नहीं लिखा। इसी दूसरे श्लोक के प्रथम पाद में आपने ९ अक्षर भर दिये हैं ॥१५९॥

२ अङ्क वाले चौथे श्लोक में 'व्यासेन ऋषिभिश्चैव' लिखकर अपने आप ही सन्धि न करने की शङ्का उठाकर समाधान लिखा है कि अनुकरण होने से यहाँ सन्धि नहीं की गयी है, किन्तु अनुकार्य में सन्धि है, इसलिए अनुकरण में भी सन्धि करना उचित है। यह समाधान आँखों में धूल झोंकने के समान है ॥१६०॥

व्याकरण वैदुष्य परीक्षा के प्रथम श्लोक में आपने 'त्रयो व्याहृतयः' लिखकर करपात्रीजी की व्याकरणज्ञानशून्यता सिद्ध की है। किन्तु इसके आगे पीछे ८-१० स्थलों में 'तिस्रो व्याहृतयः' छपा हुआ है। इसे देखकर आपको करपात्रीजी की योग्यता का परिचय भी प्राप्त हो जाना चाहिये था और 'त्रयो व्याहृतयः' में मुद्रण दोष समझ लेना उचित था। ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका में 'छन्दोपद' ऐसा ही ज्यों-का-त्यों पाठ है। करपात्रीजी ने यहाँ उसका ही अनुकरण किया है, इसलिए यह विसन्धि दोष किसी

प्रकार नहीं हो सकता। परीक्षकजी !! जरा आप तो अब अपनी तरफ को देखिये—जो कि आप इसी श्लोक में 'त्रिलिंगम्' शब्द का प्रयोग कर रहे हैं। मालूम होता है कि आपने अमरकोश के प्रारम्भ का पाँचवाँ श्लोक भी नहीं पढ़ा। उसमें 'त्रिलिंग्यां त्रिष्विति पदम्' पाठ है। समाहार अर्थ में 'द्विगोः' इस सूत्र से 'ङीप्' प्रत्यय यहाँ आवश्यक है। अभी आप और भी अपने इसी श्लोक में अपनी करतूत देखिये! 'प्रवृत्तो छन्दसां मध्ये' यहाँ आप गुण कर रहे हैं, श्चुत्व करना भूल गये। व्याकरण के परीक्षक बनकर बैठने का कुछ लिहाज तो आपको रखना चाहिए था। स्वामी दयानन्दजी का यह लेख 'ज्ञान के मध्य में' वेदार्थपारिजात में छिन्न-भिन्न कर डाला है। ४ चिह्न पर यहाँ आपने इस विषय में कुछ न लिखकर वृथा ही तर्कवर्जित और असार कहकर हवाई फ़ायर करके अपना पीछा छुड़ाया है ॥१६१-१६२-१६३-१६४॥

अब आप छन्दःसमीक्षा के लिए उठनेवाले हैं। इससे प्रथम आप अपने छन्दों के ज्ञान की समीक्षा कर लीजिये। इसी चौथे श्लोक के 'ग्रासादौ' इस दूसरे चरण में ९ अक्षर हैं। सम्भवतः इसी पृष्ठ पर ९ अक्षर वाले चरण का १ अक्षर यहाँ जोड़ने का आपका इरादा है। इसी पृष्ठ पर तीसरे और पांचवें श्लोक की गति पर ध्यान न देने से 'साहित्याचार्य' पदवी भी आपकी लज्जित हो रही है ॥१६५॥

वेदार्थ-पारिजात के ५०४ पृ० का हवाला देकर आपने जो यह लिखा है कि करपात्रीजी ने 'त्व' प्रत्यय का ज्ञान न होने से 'त्वल्' लिखा है। शास्त्रीजी! आपकी सज्जनता के लिए धन्यवाद! आप लिखते हैं कि यह छापे की अशुद्धि हो ही नहीं सकती। क्योंकि छापे पर आपका नियन्त्रण है। शास्त्री जी! आपका यह कुतर्क 'डूबते को तिनके का सहारा' इस कहावत की स्मृति करा रहा है। स्वामी दयानन्दजी के 'साक्ष्यत्वात्' इस पद में श्रीकरपात्रीजी द्वारा जो यह अशुद्धि दिखायी गयी है कि यहाँ एक ही अर्थवाले दो प्रत्यय व्याकरण-विरुद्ध हैं, उसका कोई समाधान न लिखकर 'त्व' के स्थान में 'त्वल्' छप जाने की अशुद्धि को करपात्रीजी की बताना आपकी सज्जनता की पाराकाष्ठा है। आपके कल्पद्रुम की यदि ऐसी अशुद्धियाँ हम भी ग्रन्थकार की कहें तो उन अशुद्धियों की ही एक पुस्तक बन जायगी; किन्तु हम ऐसा कर नहीं सकते। हमने अब तक मिश्रजी की और आपकी जो अशुद्धियाँ दिखायी हैं, उन्हें छापे की कहने का दुःसाहस कोई कर ही नहीं सकता। न उनके समाधान की सामर्थ्य आप लोगों में है। मिश्रजी ने शास्त्रार्थ के लिये भी आह्वान किया है, यदि किसी उभयसम्मत मध्यस्थ का प्रबन्ध हो जाय और जल्प-वितण्डा को स्थान न देकर केवल वाद को ही अपनाया जाय तब आपको दाल, आटे के भाव का पता लग जायगा ॥१६६-१६७॥

स्वामी दयानन्दजी के इस हिन्दी के वाक्य में कि 'पढ़कर ज्ञान होता है।' इसकी संस्कृत 'पठित्वा ज्ञानं भवति' इस वाक्य में पठ् और भू इन दोनों के कर्ता भिन्न-भिन्न हैं। समानकर्तृक न होने से क्त्वा प्रत्यय असङ्गत है। इसका कुछ उत्तर न देकर सुरेन्द्रजी ने जो अपना नया राग अलापा है; इसको पढ़कर बहुत खेद हुआ। 'कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा भानमती ने कुनबा जोड़ा' इस कहावत के अनुसार साहित्याचार्यजी ने जो बेतुकी हाँकी है; उसका नमूना भी देखिये। वेदार्थपारिजात के ५४४ पृष्ठ पर ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका के ४८ वें पृष्ठ के वाक्य का अनौचित्य प्रकट करते हुए लिखा है, 'अत्र-मुण्डकोपनिषदि तु 'महर्षेरङ्गिरसो ब्रह्मविद्याप्राप्तिपरम्परामुक्त्वा ततो ब्रह्मविद्यामधिजिगमिषुर्महाशालः शौनकस्तं पप्रच्छ—भगवन्! कस्मिन् विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति? अङ्गिरसा च शौनकं प्रति परापररूपे द्वेविद्ये वेदितव्ये' इत्युक्तम्। इसका सीधा सरल अर्थ यह है कि मुण्डकोपनिषद् १ खं० १ मंत्र में और २ मंत्र में ब्रह्मविद्याप्राप्ति की परम्परा का वर्णन किया गया है। सभी देवताओं से प्रथम प्रकट हुए ब्रह्माने अपने ज्येष्ठ पुत्र अथर्वा को ब्रह्मविद्याका उपदेश किया, अथर्वा ने अपने शिष्य अंगिर् को, अंगिर् ने भारद्वाजगोत्री सत्यवाह को, सत्यवाह ने अंगिरस् को उपदेश दिया। फिर ३ मंत्र में यह वाक्य है। "शौनको ह वै महाशालोऽङ्गिरसं विधिवदुपसन्नः पप्रच्छ।" सुरेन्द्रजी लिखते हैं—'इत्यादौ त्वद्वाक्ये' अर्थात् करपात्रीजी के इत्यादि वाक्य मे—यहाँ इत्यादि से पकड़ा जाने वाला 'कस्मिन् विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति'.........'द्वे विद्येवेदितव्ये' यह वाक्य भी मन्त्र का ही है। इस वाक्य को करपात्री जी का बताने वाले सुरेन्द्रजी की योग्यता को अब आप समझते चलें। करपात्रीजी ने तो यहाँ मुण्डकोपनिषद् का अनुवाद मात्र किया है। जिसका यह अर्थ स्पष्ट है कि श्रुति ने ब्रह्मा से लेकर अंगिरस् तक चली आने वाली ब्रह्मविद्याप्राप्ति की परम्परा को बताकर कहा है कि फिर शौनक ने अंगिरा से ब्रह्मविद्या का प्रश्न किया और अंगिरा ने उसका समाधान किया। सुरेन्द्रजी ने इतनी-सी बात का कितना बतंगड़ बनाकर खड़ा किया है। सुनिये, "यदि शौकन ने ब्रह्मविद्या प्राप्ति की परम्परा अंगिरा को बतायी तो 'अंगिरसः' इस पद में पञ्चमी और षष्ठी दोनों विभक्तियाँ अशुद्ध हैं। क्योंकि वच् धातु के गौणकर्म 'अंगिरस्' में द्वितीया विभक्ति उचित है। वास्तव में यहाँ शौनक ने ब्रह्मविद्या प्राप्ति की परम्परा अंगिरस् को नहीं बतायी, अपि तु सत्यवह-भारद्वाज ने कही। अतः महर्षि अंगिरा से ब्रह्मविद्या प्राप्ति की परम्परा को बताकर उससे महाशाल शौनक ने पूछा "ऐसा हिन्दी अनुवाद करने वाला भी उपनिषद् ग्रन्थ प्रसंगज्ञान में भ्रान्त ही है"॥ साथ ही इस स्थल पर 'उक्त्वा' क्रिया का कर्ता भारद्वाज और 'पप्रच्छ' क्रिया का कर्ता महाशाल शौनक है, अतः समानकर्तृकत्व न होने से करपात्रीकृत 'उक्त्वा' में त्वा का विधान अशुद्ध है। जो व्यक्ति त्वा प्रत्यय के

विधान में स्वयं इस प्रकार की अशुद्धि करे और 'उपदेशं श्रुत्वा''''मनुष्याणां ज्ञानं भवति' में ऋषि दयानन्द की अशुद्धि निकालने का दुष्प्रयास करे, यह कदापि शोभनीय नहीं। इस प्रकार करपात्रीजी का व्याकरणवैदुष्य चिन्तनीय है ॥"

सुरेन्द्रजी का यह कथन कितना सारगर्भित है। अब आप देखें, 'मुण्डकोपनिषदि तु '' ब्रह्मविद्याप्राप्ति परम्परामुक्त्वा''''इत्युक्तम्। इस पूर्वोक्त वाक्य का अर्थ स्पष्ट किया जा चुका है। उपनिषद् ही ब्रह्मविद्याप्राप्ति की परम्परा को बताकर शौनक और अंगिरा के संवाद का वर्णन कर रहा है। दोनों जगह वच् क्रिया की कर्त्री उपनिषद् है। भारद्वाज ने अंगिरस् को ब्रह्मविद्या का उपदेश किया है, ब्रह्मविद्या की परम्परा को तो श्रुति ही बता रही है। सुरेन्द्रजी ने जो यहाँ भारद्वाज को 'उक्त्वा' क्रिया का कर्ता कह कर छल किया है, वह खुल गया। अभी और सुनिये! **'शौनक ने ब्रह्मविद्या प्राप्ति की परम्परा अंगिरा को बतायी'** यह कह कर तो सुरेन्द्रजी ने आदमी के सिर पर भी सींग लगा दिये। यह अर्थ तो इस वाक्य में अपने आप ही गढ़कर सुरेन्द्रजी ने सब्जबाग दिखा दिया है। इसलिये पञ्चमी-षष्ठी विभक्तियों की अशुद्धि का प्रश्न उठाकर और 'क्त्वा' प्रत्यय का प्रश्न उठाकर जो करपात्रीजी के व्याकरण-वैदुष्य की चिन्तनीयता कही थी, वह निर्मूल हो गयी। किन्तु सुरेन्द्रजी! आपके दयानन्दजी की चिन्तनीयता तो अभी हरी-भरी है। 'उपदेशं श्रुत्वा ज्ञानं भवति' का समाधान नहीं हुआ है ॥१६८-१६९-१७०॥

अब आप व्याकरण की अपनी योग्यता पर भी ध्यान दीजिये। श्रीकरपात्रीजी के परीक्षक श्रीमान् जी! आपके इस छोटे से लेख में ही परिगणनातीत अशुद्धियाँ हैं, पर्यालोचन करने के लिये बैठने पर तो आपको भी सावधान रहना पड़ा होगा, विश्वविश्रुत श्रीकरपात्रीजी के पर्यालोचन के लिये तो और भी। तब आपकी अशुद्धियों की यह स्थिति है, यदृच्छा लेखों की अशुद्धियों का तो क्या ही कहना होगा!

'उभे + अपि' इस स्थिति में एदन्त द्विवचन की प्रगृह्य संज्ञा होने पर प्रकृतिभाव हो जाने से सन्धि नहीं हो सकती। आपने ससन्धिक प्रयोग किया है उभेऽपीति। श्रुति का पाठ है—'शौनको ह वै', 'शौनको स वै' आप लिखते हैं। क्या यहाँ स को ह समझकर शौनको में गुण कर दिया। यदि यही बात है तो अशुद्धिपत्र में सूचित कर देते, अशुद्धिपत्र भी आपका बहुत बड़ा है। अन्यथा 'शौनकः स वै' ऐसा सविसर्ग पाठ होना चाहिये। अथवा आप इन मामूली सन्धियों के ज्ञान में भी कच्चे हैं। नहीं तो इतनी मोटी अशुद्धियाँ नहीं हो सकती थी ॥१७१॥

आपके द्वारा 'श्रीकरपात्रीजी की छन्दःसमीक्षा' से पूर्व हम आपकी छन्दःसमीक्षा कर ही चुके हैं। अनुष्टुप् के किसी चरण में ७, किसी में ९ अक्षर रखकर आप भी

अनित्यं यः सदा पश्येत् संसारं सार्वजितम् ॥५५॥
तत्रासूयादिदोषाणां सम्भवो नैव विद्यते ।
इन्द्रादिपदवी यस्य मते सूकरसन्निभा ॥५६॥
कल्पितापि कथन्तत्र स्यादीर्ष्येति विचारय ।
एवं ये कल्पिता दोषाः स्वामिन्येव तु ते तव ॥५७॥
दयानन्दे स्थिता नूनं सर्वखण्डनकारके ।
वेदस्य खण्डके चैव पुराणोन्मूलके तथा ॥५८॥
कोषव्याकृतिसाहित्यनीतिशास्त्रादिनिन्दके ।
ईर्ष्यासूयादिदोषाः स्युर्नसन्त्यद्वैतवादिनि ॥५९॥
सत्त्वासत्त्वादिचिन्तायां ब्रह्मण्येवानपेक्षिणि ।
सर्वभारं समर्प्यैव निश्चिन्तो यो भवेद् ध्रुवम् ॥६०॥
कथं स दोषभाक् कस्मात्कारणात्स्यादिति स्थितिः ।
दयानन्दात्समायाताः सर्वे दोषास्त्वदीयके ॥६१॥
हृदये प्रतिबिम्बन्त्वन्तेर्षा पश्यसि निश्चितम् ।
स्वच्छकासारसदृशे निर्मलेऽतिपवित्रके ॥६२॥
करपात्रस्य' हृदये मूकत्वं भज मानद ।
एवं केवलदोषाणामसतां कल्पना त्वया ॥६३॥
कृता नैव कृतं युक्तिप्रमाणैः खण्डनं क्वचित् ।
तथापि खण्डनं मिथ्या कल्पद्रुमकृतं मया ॥६४॥
खण्ड्यते तर्कयुक्तीनां प्रमाणाच्च भक्तितत, ।
'दयानन्दीय' इत्येतत् ऋग्वेदादि विशेषम् ॥६५॥
तेन तत्कर्तृना नैव लभ्या स्यादिति तत्पृथक् ।
तृतीयान्तं दयानन्दपदं प्रोक्तं सदर्थकम् ॥६६॥

तदीयस्वीयपदयोः प्रयोगो न तदर्थकः ।
यतो वृत्तस्य योगो न विशेषणकृतो भवेत् ॥६७॥
वृत्तिश्च नैव भवति सविशेषणभागिनी ।
अतः स्वीय तदीयेति चिन्ता तव निरर्थिका ॥६८॥
भूमिकानामनिर्देशे तदज्ञानं यदुच्यते ।
यच्चाप्यादिपदं नोक्तं न तद्दूषणकृद्भवेत् ॥६९॥
ऋग्वेदपदमेवात्र बोध्यमन्योपलक्षणम् ।
अन्यवेदविनिर्देशे, ततः स्वामी न दोषभाक् ॥७०॥

नामाज्ञानं छलादिश्च तस्मान्नैवात्र विद्यते ।
वेदोत्पत्तिप्रकरणे 'तस्माद्यज्ञादि' ति श्रुतौ ॥७१॥
ऋग्यजुः सामशब्दानामृगाद्यर्था इति स्फूटम् ।
न ऋग्वेदयजुर्वेदसामवेदास्तवेष्टदाः ॥७२॥

यतो दयानन्दमते चतस्रः संहिता मताः ।
वेदत्वेन न तास्वेते शब्दाः सन्ति त्वदिष्टदाः ॥७३॥
अर्थः शब्दाश्रितो नूनं मतः सर्वैस्तु वादिभिः ।
शब्दा एव यदा नैव कुतोऽर्थः सम्भवेदिति ॥७४॥

विचारय मनाक् साधु खपुष्पसदृशास्तव ।
ऋग्वेदश्च मजुर्वेदः सामवेदस्तथैव च ॥७५॥
अथर्ववेद इत्येते कुत्र शब्दाः स्थिताः श्रुतौ ।
श्रुतिस्तव मते रूढा संहितानां चतुष्टये ॥७६॥
न तास्वेते च कुत्रापि दृश्यन्ते बहु शोधिताः ।
पदार्थं एव संसारे स्वशब्दाभिहितो यदा ॥७७॥
नास्तीति कथमन्यार्थः शब्दस्तत्साधको भवेत् ।
अतस्तस्मादृचः सामेत्यादि मन्त्रेषु न त्वया ॥७८॥

दयानन्दशतैर्वापि ऋग्वेदाद्यर्थकल्पना ।
कर्तुं शक्या कथमपि सायणालम्बनेन किम् ? ॥७९॥
सामणस्तु स्वकीयायां भूमिकायामतिस्फुटम् ।
ऋगादिशब्दान् भिन्नार्थानृग्वेदादींश्च वक्ति हि ॥८०॥
ऋग्वेदोऽग्नेस्तथा वायोर्यजुर्वेदोऽथ सूर्यतः ।
सामवेदोऽथ ऋग्वेद उच्चैरित्यधिकारके ॥८१॥

जैमिनीयन्यायमालाग्रन्थे सर्वप्रसिद्धिगे ।
त्वयोट्टङ्कित तद्ग्रन्थभूमिकाक्षरमालिका ॥८२॥
पूर्वपक्षेऽप्रमा वेदे स्थिताऽतो न त्वया तया ।
स्वपक्षः साधनीयः स्यादृग्वेदाद्यर्थभावनः ॥८३॥

वेदा नित्या इति ब्रूषे ततः प्रागिति चापि हि ।
नित्यस्य पूर्वपश्चात्त्वं वदन् व्याघातदोषभाक् ॥८४॥
"विरूप नित्यया वाचा" मन्त्रः स्पष्टं वदत्ययम् ।
ऋगादिशब्दान् मन्त्रार्थान् वेदरूपान्नहि ध्रुवम् ॥८५॥

ऋक्सामयजुषां यस्यान्मन्त्रत्वं स्वीकृतं बुधैः ।
वेदो न केवलं मन्त्ररूपः कैश्चिदभीप्सितः ॥८६॥
सायणाचार्यपादाश्च पूर्वाचार्यास्तथैव च ।
मन्त्रब्राह्मणयोर्वेदनामधेयं वदन्ति हि ॥८७॥

सर्वमीमांसकमते पञ्चधा वेद इष्यते ।
"विधिमन्त्रनामधेयनिषेधाश्चार्थवादकाः" ॥८८॥
तद्भेदाऽ पञ्च सर्वेषां दर्शनानां मते स्थिताः ।
अतः केवलमन्त्राणां वेदत्वं यो वदेत् स तु ॥८९॥

दर्शनानां समस्तानांञ्चाचार्याणां विरोधकृत् ।
एवन्ते वालुकाभित्तिर्गता किं न रसातलम् ? ॥९०॥
मन्त्राधारतया यस्मादृगादीनान्त्वया कृतः ।
ऋग्वेदाद्यर्थं एवन्ते सहेतुर्लोपमागतः ॥९१॥

ऋचाञ्च यजुषां साम्नामित्यग्रे कोष्ठके त्वया ।
"तत्तल्लक्षणयुक्तानां" वाच्यत्वं स्वीकृतन्न किम् ? ॥९२॥
ऋगादिशब्दा मन्त्रार्था न वेदार्था इति स्फुटम् ।
"ऋग्वेदस्यप्राथम्यादि" त्यादि च वृथा तव ॥९३॥

वाचोयुक्तिर्यतस्तेन सायणेन महात्मना ।
आध्वर्यवस्य मुख्यात्वं यजुर्वेदस्य भाष्यगे ॥९४॥
आरम्भे स्पष्टमेवोक्तमाम्नायस्य क्रियार्थता ।
गोपथे ब्राह्मणे चैव होतारं स ऋचैव हि ॥९५॥
ऋग्वेदविदमेवेति पृथगुक्तं निभालय ।
तस्यार्थन्त्वन्न जानासि मदुक्तं शृणु मन्दक ? ॥९६॥

ऋग्वेदस्य च सर्वस्य ज्ञाता होता भवेत्स च।
ऋचा कुर्याद्धोतृकर्मेत्येवं भिन्नार्थता स्फुटा ॥९७॥
नूनम्भवति विज्ञाता भिन्नरूपपदद्वयात्।
धूलिप्रक्षेपदक्षस्त्वं खण्डकं स्वमतस्य यत् ॥९८॥
वाक्यं तत्स्वेष्ट एवार्थे योजयेत्कस्त्वया विना।
एवमेव त्वया नूनं सायणस्यास्य भूमिका ॥९९॥
चतुःषष्टितमे पृष्ठे न ज्ञाता स्वविरोधिनी।
यजुराद्यास्ततः शब्दा विशिष्टानान्न वाचकाः ॥१००॥

मन्त्राणामेव ते नैव वेदानां वाचका इति।
वेदास्त्वेवोपलक्ष्यन्ते विशिष्टैर्मन्त्रवाचकैः ॥१०१॥
ऋगादिभिः पदैरेवं सायणः स्पष्टमाह हि।
वाचको लक्षकश्चापि भिन्नार्थे सति नैकके ॥१०२॥

वाचिका शक्तिरन्या स्यादन्यास्याच्चैव लक्षिका।
तयोरैक्यन्न केनापि मतं दार्शनिकेन च ॥१०३॥
गङ्गाशब्दः प्रवाहार्थवाचको लक्षकश्च सः।
तटरूपस्य चार्थस्य शक्तिभेदेन नान्यथा ॥१०४॥

ऋगादिशब्दा अप्येवं शक्त्या स्युर्मन्त्रवाचकाः।
लक्षणावृत्तितश्चैव वेदानामपि लक्षकाः ॥१०५॥
अस्माकमेव राद्धान्ते न ते सिद्धान्त इष्यते।
लक्षणावृत्तितश्चापि वेदानां लक्षका ऋचः ॥१०६॥

यतस्तव मते नैव वेदाः सिद्ध्यन्ति कुत्रचित्।
स्वाभिप्रेतासु शाखासु यजुर्वेदाद्यभावतः ॥१०७॥
तासु शाखासु सर्वत्र वेद शब्दो न विद्यते।
ग्रन्थार्थवाचकः क्वापि किमर्थं बहु वक्षि भोः ॥१०८॥
एतेनेत्यादि वचने त्वदीये यत्त्वयापि च।
लक्षितत्वञ्च वेदानामृगादिपदसम्मतम् ॥१०९॥
स्पष्टमेवेति विज्ञेयश्चमत्कारस्तु मूर्ध्नि ते।
करपात्रकृतो नूनं नरीनृत्यति सर्वथा ॥११०॥
ऋगादिवेदा उत्पन्ना इति वाक्ये महीधरः।
नामग्रहे तु नामैकदेशग्रहणयुक्तितः ॥१११॥

ऋक्पदं वेदपरकं वक्ति वाच्यतया न च।
तवैवातो भवंन्नूनं विवेचनदुराग्रहः ॥११२॥
एवं प्रमाणतर्काभ्यां मन्त्रवाचकतैव किम्।
ऋग्यजुः सामशब्दानां साधिता नेति को वदेत् ? ॥११३॥
श्रुते'र्जाताधिकारे'ति सूत्राधिकरणेन तु।
स्पष्टमेव समाख्यातमृगादिपदबोधिताः ॥११४॥
मन्त्रा एवेति विज्ञेयमन्यथाधिकृतिर्वृथा।
केवलं यदि वेदानां वाचकाः संशयः कुतः ॥११५॥
पूर्वपक्षश्च सिद्धान्तः सर्वथा व्यर्थतां भजेत्।
ऋगादिशब्दा मन्त्राणां वाचका मुख्यवृत्तितः ॥११६॥
गौण्या वृत्या लक्षणया वेदानां लक्षकाश्च ते।
कीदृशोर्थस्ततः कुत्र ग्राह्य एवेति संशये ॥११७॥
पूर्वपक्षश्च सिद्धान्तो वर्णितोऽस्ति विपर्यये।
एकार्थे संशयो नैव किमर्था स्याद् विचारणा ? ॥११८॥
दयानन्दमते ते च सर्वमेतन्निरर्थकम्।
यत एतानि वाक्यानि ब्राह्मणान्तर्गतानि हि ॥११९॥
ततस्तव मते नैषां प्रामाण्यं तेन किं फलम्।
विचारस्येति विज्ञेयं त्वया बुद्धिमता स्वयम् ॥१२०॥
अस्माकन्तु मते तेषां वेदत्वं सर्वसम्मतम्।
अतः फलं विचारस्य स्पष्टमेव प्रतीयते ॥१२१॥
वेदत्वं ब्राह्मणानाञ्च ह्येतेनापि प्रसिद्ध्यति।
पूर्वोत्तरे च मीमांसे वेदवाक्यार्थनिर्णये ॥१२२॥
प्रवृत्ते तन्मतं सम्यक् सर्वाचार्यैररीकृतम्।
तयोर्मीमांसयोश्चैव बाहुल्येन विचारणा ॥१२३॥
कृता ब्राह्मणवाक्यानां ततस्तव मते वृथा।
मीमांसाद्वयमप्येवन्तयोश्चोद्धरणं वृथा ॥१२४॥
अत्राधिकृतिसिद्धान्तपक्षोपि तव बाधकः।
उपक्रमे च राद्धान्ते 'वेदो वा प्रायदर्शनात्' ॥१२५॥
इत्युपक्रम्य वाक्यानि यान्यत्र लिखितानि तु।
तानि सर्वाणि किं सन्ति मन्त्रभागगतानि भोः ? ।१२६॥

किन्तु ब्राह्मणवाक्यानि ध्रुवमेतन्निभालय।
ततस्तव मते तेषां कुतः प्रामाण्यमावहेत् ? ॥१२७॥
वेदानुकूलतायास्तु व्यर्थः स्याच्च समाश्रयः।
अन्योन्याश्रयदोषेण ततोस्मत्पक्षमाश्रय ॥१२८॥
एषैव च गतिर्नूनं 'लिङ्गाच्च' इति सूत्रगा।
'ऋग्भिः प्रातरिति ज्ञेयं ब्राह्मणो यत्तु "ऋक्" पदम् ॥१२९॥
न तस्य वेदरूपार्थः कथञ्चित् कल्पितो भवेत्।
बह्वर्थकमिदं यस्मात् पदमृङ्मन्त्रवाचकम् ॥१३०॥
वेदस्य वाचकत्वे तु बहुत्वं सङ्गतङ्कथम् ?।
ऋग्वेदस्त्वेक एवास्ति बहुत्वं सङ्गतङ्कथम् ॥१३१॥
ऋक् संज्ञानान्तु मन्त्राणां बहुत्वं विद्यते ध्रुवम्।
मन्त्रवाचकता तस्मात् सर्वत्रैव विचारय ॥१३२॥
उच्चैस्त्वं चाप्युपांशुत्वं यो धर्मः स तु मन्त्रगः।
न हि वेदगतः सोऽस्ति मिथ्याभाषणपापकृत् ॥१३३॥
उच्चैस्त्वमृचि यच्चोक्त्वा साम्नि चापि प्रकीर्तितम्।
स्थूणानिखननन्यायाद् वृथा तन्नेति चिन्तय ॥१३४॥
'त्रयी विद्ये'ति सूत्रेपि मन्त्रनिर्देश एव हि।
त्रित्व संख्या न वेदस्य मन्त्राणामेव सा यतः ॥१३५॥
दयानन्दस्तु ते स्वामी सहस्रैकशताधिकाः।
सप्तविंशतिसंख्याका शाखा सर्वा निगीर्णवान्।
सर्वमाथर्वणं वेदं निजगार बुभुक्षया ॥१३६॥

वेदार्थपारिजातभाष्यवार्तिकम्

विषयविन्यासानुवादः

॥ श्रीहरिः ॥

वेदार्थपारिजातभाष्यवार्तिकम्

विषयविन्यासानुवादः

परमानन्दसमुद्रोल्लासनिवासैकपूर्णिमाज्योत्स्ने ।
श्रीमत्करपात्रचरणसरसीरुहपादुके वन्दे ॥१॥
संसृतिसागरनिपतल्लोकसमुद्धारकारणीभूते ।
श्रीमत्करपात्रचरणसरसीरुहपादुके वन्दे ॥२॥

सम्बन्ध-वार्तिक

श्री वेदभग्वान् को, वेदों के उत्पत्तिस्थान नित्य-सनातन परब्रह्म परमात्मा को और सभी गुरुजनों को भक्ति पूर्वक प्रणाम करके **'वेदार्थपारिजात'** की सनातन-वृत्ति का प्रणयन करता हूँ। यह प्रश्न ठीक नहीं कि 'यह वृत्ति सनातन किस प्रकार है ?'; क्योंकि सनातन-वेद की व्याख्या रूप यह 'वेदार्थपारिजातभाष्य' भी सनातन ही समझना चाहिये। उससे सम्बन्ध रखने वाली यह 'वृत्ति' भी सनातन ही है। विद्वानोंने नित्य शब्द और सनातन शब्द का एक ही अर्थं स्वीकार किया है। वेदों की नित्यता के विषय में अनेकानेक प्रमाण हैं ॥१-५॥

श्री करपात्री जी महाराज ने भी वेदों की नित्यताके बारे में अनेक प्रमाण दिये हैं; किन्तु वेदार्थपारिजात के खण्डन के लिये प्रवृत्त हुए 'वेदार्थ कल्पद्रुम' के प्रणेता श्री मिश्र जी ने यह कैसे कह दिया कि "उन्होंने वेदों की नित्यता के सम्बन्धमें कोई प्रमाण नहीं दिया" (पृ० ८) ? ॥६-६½॥
श्री व्यास ने कहा है कि—

[1]'अनादि-अनन्त-नित्य वेदमयी दिव्य वाणी सर्व प्रथम ब्रह्मा जी के मुख से प्रकट हुई, जिसके द्वारा धर्म में प्रवृत्ति और अधर्म से निवृत्ति का उपदेश

१. अनादिनिधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयंभुवा ।
आदौ वेदमयी दिव्या यतः सर्वाः प्रवृत्तयः ॥"

किया गया है। इसी प्रकार मनु ने 'वेदशब्देभ्य एवादौ'[2] (मनु० १·२१) कहकर वेद की नित्यता स्वीकार की है। आपके स्वामी दयानन्द जी महाराज ने भी मनु को प्रमाण माना है। इस लिये आप उन्हें अप्रमाण कैसे कह सकते हैं? ॥७-८½॥

वैदिक वाक्यों से भी वेदों की नित्यता प्रकट होती है। यथा—

'वाचा विरूपनित्यया। वृष्णे चोदस्व सुष्टुतिम' (ऋ०; नं० ८, सू. ७५, मं०) ॥९-९½॥

इस प्रकार और भी अनेक वैदिक वाक्य[3] हैं, जिनसे वेदों की नित्यता स्पष्ट प्रकट होती है। स्वयं भी आप इस पर विचार कीजिये कि नित्य वेदों का कर्ता कोई कैसे हो सकता है? क्योंकि वेद अपौरुषेय हैं, पुरुष[4] के मुख से निःश्वास रूप में प्रकट हुए हैं ॥१०-११½॥

'वेदार्थ कल्पद्रुम' लिखने का आपका दुःसाहस है। कोढ़ में खाज जैसा यह आपका वृथा परिश्रम है। क्योंकि श्री स्वामी दयानन्द जी ने वेद वाक्यों से

'स्मृतिरपि' कहकर भगवत्पाद शङ्करने ब्रह्मसूत्र देवताधिकरण १.३.२८ में इसे उद्धृत किया है। महाभारत शान्तिपर्व २३२.२५ में आजकल यह श्लोक इस रूप में है—

"अनादिनिधना विद्या वागुत्सृष्टा स्वयंभुवा।
ऋषीणां नामधेयानि याश्च वेदेषु सृष्टयः॥"

२. "सर्वेषां तु नामानि कर्माणि च पृथक्-पृथक्।
वेद शब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्थांश्च निर्ममे॥" (मनु० १.२१)
"वेद शब्देभ्य एवादौ निर्मिमीते स ईश्वरः।
नामधेयानि चर्षीणां याश्च वेदेषु सृष्टयः॥" (महा० शान्ति० २३२. २६)

३. 'यज्ञेन वाचः पदवीयमायन्तामन्वविन्दन्नृषिषु प्रविष्टाम्' (ऋ० सं० १०. ७१. ३), 'ऋचोऽक्षरं परमे व्योमन्यस्मिन्देवा अधि विश्वे निषेदुः' (ऋ० सं० १.१६४.३९), यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै' (श्वेता० ६, १८)। इन वैदिक वाक्योंके अभिप्रायकी पुष्टि निम्नलिखित वचनोंसे भी होती है—
'औत्पत्तिकस्तुशब्दस्यार्थेन सम्बन्धः' (जै० सू० १५),
'अत एव च नित्यत्वम्' (ब्र० सू० १.३.२९)
'न सोऽस्ति प्रत्ययो लोके यः शब्दानुगमादृते' (वाक्यपदीय १.१२३)

४. परमात्मा!

प्रमाणित स्वर्ग, नन्दनवन, कल्पवृक्ष और वहाँ रहने वाले देवताओं को स्वीकार नहीं किया है। फिर आपने किस आधार पर अपने ग्रन्थ में कल्पद्रुम का आरोप कर डाला? इस लिये आपके इस ग्रन्थ का कल्पद्रुम यह नाम निराधार है ॥१२-१४॥

हरिहरानन्द सरस्वती श्रीकरपात्री जी महाराज के ब्रह्मलीन होने पर वेद विचार वार्ता समाप्त हुई नहीं समझनी चाहिए; क्योंकि यह देखकर मुझे कष्ट हुआ कि उनके इस पवित्र ग्रन्थ पर कुछ लोग व्यर्थ कोचड़ उछाल रहे हैं, इसलिये मैं उनका खण्डन करने के लिये प्रवृत्त हुआ हूँ। मेरे इस कार्य में कीर्ति का लोभ कारण नहीं है ॥१५॥

श्री स्वामी करपात्री जो महाराज ने जो श्री दयानन्द जी के लिये अपने ग्रन्थमें 'धृष्ट' शब्द का प्रयोग किया है, वह अनुचित नहीं है; क्योंकि श्री स्वामी दयानन्द जी महाराज ने भी अपने ग्रन्थों में प्राचीन मर्हषियों के लिये निरर्गल गालियाँ दी हैं ॥१६,१७॥

भगवान् वेदव्यास को उन्होंने कसाई कहा है। भगवत्पाद श्री शङ्कराचार्य महाराज के सिद्धान्त का विना समझे ही खण्डन किया है। श्री वल्लभाचार्य जी के मन्त्र का अर्थ भी विना समझे ही खण्डन किया है। **'श्रीकृष्णः शरणं मम'** इस मन्त्र का अर्थ उलटा लगाया है कि 'श्री कृष्ण मेरे शरणागत हैं।' जबकि इसका अर्थ यह है कि **'श्री कृष्ण मेरे रक्षक हैं और** मेरे सर्वाधार हैं।', **'शरणं गृहरक्षित्रोः'** इस अमर कोष के अनुसार शरण शब्द का अर्थ आश्रय और रक्षा करने वाला है। अब सोचिये कि अत्यन्त प्रसिद्ध 'शरण' शब्द के अर्थ को न जानकर खण्डन करनेकी कुचेष्टा 'धृष्टता' है कि नहीं? ॥१८-२०॥

रामगोपाल जी शालवाले ने जो अपने प्रकाशकीय वक्तव्य में श्री दयानन्द जी को वेदों का उद्धारक (पृ० ५) कहकर थोड़ा भो संकोच नहीं किया है, वह ठीक नहीं है; क्योंकि उन्होंने (श्री दयानन्द ने) ११३१ (ग्यारह सो एकतीस) शाखाओं को न मानकर केवल ४ (चार) ही शाखाएँ स्वीकार की हैं और शेष सबका खण्डन किया है। ऐसी स्थिति में उन्हें वेदों का उद्धारक कैसे कहा जा सकता है? यह तो उनके द्वारा वेदों का संहार ही कहना चाहिये ॥२१-२४॥

स्वामी दयानन्द जी से पूर्व धर्मशास्त्र के प्रणेता मनु आदिकों ने, सर्वज्ञकल्प महार्षियों ने और सभी प्राचीन आचार्यों ने सभी शाखाओं को वेद रूप में

स्वीकार किया है। क्योंकि वेदों की भिन्न-भिन्न शाखाओं के अनुसार सूर्योदय होने पर, न होने पर और उदय होने के मध्य में अग्निहोत्र का विधान किया गया है। ये तीनों ही विधि वैदिक हैं। इन शाखाओं को वेद न स्वीकार करने पर इन तीनों पक्षों को वैदिक कैसे कहा जा सकता है ? आपको यह जानकारी होनी चाहिये कि स्वयं मनु ने इन वचनों को श्रुतिशब्द द्वारा साक्षात् 'वेद" कहा है ॥२५,२६॥

श्री विशुद्धानन्द मिश्र ने आभार प्रकट करते हुए (पृ० ७-९ में) लिखा है कि 'यह ग्रन्थ मैंने श्री करपात्री जी के जीवन काल में ही लिखा है[५]'; किन्तु यह बात मिथ्या है; क्योंकि यह ग्रन्थ उनके निर्वाण के वाद ही प्रकाशित हुआ है। मिश्र जी की यह बात जिस प्रकार मिथ्या है, उसी प्रकार उनका यह ग्रन्थ प्रमाणाभासों और तर्काभासों से भरा हुआ है। इसमें सत्यता का लेश भी नहीं है ॥१७-२८½॥

पुराणों की सम्पूर्ण कथाएँ वेद- सम्मत हैं। **'ऋचः सामानि छन्दांसि** इस अथर्व वेद ११.१७.२४ के मन्त्र में पुराणों में वेदों की समानता ही नहीं, अपितु पुराणों की प्रधानता भी घोषित की है। **'पुराणं यजुषा सह'** अ० ११.१७.२४ इस वाक्य में पाणिनीय व्याकरण के अनुसार अप्रधान अर्थको द्योतित करने वाली 'तृतीया विभक्ति' है। इस प्रकार वेदों की अपेक्षा पुराणों की प्रधानता भी स्पष्ट होती है ॥२९-३१½॥

श्री मिश्र जी ने जो बार-बार हम लोगों को रूढिग्रस्त होने के प्रमाण-पत्र दिये हैं, वह ठीक नहीं है। क्योंकि **'योग की अपेक्षा रूढ़ि बलवान् होती हैं'**, इस बात को न समझकर जो आपने हम लोगों को 'अन्धविश्वासी' कहा है, यह शब्द भी आप पर ही लागू होता है; क्योंकि आपको रूढ़ि की बलवत्ता का परिचय नहीं है (अभिप्राय यह है कि इस अज्ञता का परम्परा से वहन करने के कारण इस उपालम्भ के उपयुक्त पात्र आप स्वयं हैं ॥३२,३३॥

---

५. आपका यह ग्रन्थ विक्रमाब्द २०४१, सन् १९८४ में प्रकाशित हुआ है। 'वेदार्थ पारिजात' के प्रकाशन और श्री स्वामी करपात्री जी महाराज के निर्वाण के कई वर्ष बाद आपके ग्रन्थ का प्रकाशन इस बात को सिद्ध करता है कि उनके जीवन-काल में इस प्रकार निःसार ग्रन्थ के प्रकाशन का साहस आपको नहीं हुआ।

आपने श्री करपात्री जी के ऊपर जो यह आरोप लगाया गया कि 'उन्होंने श्री दयानन्द जी के लिये अपशब्दों का प्रयोग किया है' सो यह बात भी आप पर ही घटित होती है; क्योंकि आपने श्री करपात्री जी के लिये 'गेरुआ वस्त्र धारी दम्भी (पृ० १४-१७) आदि शब्दों का प्रयोग किया है ॥३४,३५॥

"वेदों का कोई कर्ता नहीं है' यह हमारी मान्यता नवीन नहीं है। 'सभी शाखाओं को वेद मानना' भी नवीन कल्पना नहीं है। सभी वेदवेत्ता आज तक इन तथ्यों को सिद्ध और स्वीकार करते चले आ रहे हैं। मनु जी ने, भगवान् पतञ्जलि ने और सभी आचार्यों ने ईश्वर को साकार माना है। **'सहस्रशीर्षा'** (वा० सं० ३१.१), **'नमस्ते रुद्र मन्यवे'** (वा० सं० १६.१), **'नमस्ते अस्तु धन्वने' 'प्रजापतिश्चरति गर्भे'** (यजु० ३१.१९) **'इदं विष्णुर्विचक्रमे'** (वा० सं० ५.१५) इन सभी मन्त्रों में ईश्वर की साकारता का वर्णन है।[१] दयानन्द जी ने भी ईश्वर का प्रकट होना माना है। इस लिये ये मान्यताएँ नवीन (पृ० ८) नहीं हैं, अपितु प्राचीन हैं और सर्व-सम्मत हैं। श्री करपात्री जी ने भी ईश्वर की साकारता को प्रकट करने वाले मन्त्र उद्धृत किये हैं ॥३६-४१॥

---

६. 'प्रजापतिश्चरति गर्भे अन्तरजायमानो बहुधा विजायते' (यजु० ३१.१९) = "कभी जन्म न लेनेवाला परमेश्वर जीवों के अन्तःकरण के मध्य में विचरता है। वह परमेश्वर कार्यरूप जगत् को उत्पन्न करने से 'अनेक प्रकार से अपने अस्तित्व को प्रकट करता है, अथवा प्रकट होता है।"

ध्यान रहे, 'अनेक प्रकार से अपने अस्तित्वको प्रकट करता है अथवा प्रकट होता है' ऐसा भी लिखना और अवतार भी न मानना विज्ञों की दृष्टि में स्पष्ट ही 'वदतो व्याघात' नामक दोष है।

'न तस्य प्रतिमा अस्ति' (वा० सं० ३२.३) यहाँ 'नैव प्रतिमार्थेन मूर्तयो गृह्यन्ते, परिमाणार्था गृह्यन्ते' कह कर श्री स्वामी दयानन्द जी ने जब प्रतिमा का अर्थ मूर्ति माना ही नहीं तब इस वचन के बल पर मूर्ति पूजा का निषेध भी स्वोक्ति-विरोध ही है।

'संवत्सरस्य प्रतिमां यां त्वा रात्र्युपास्महे' (अथर्व० ३.१०.३) यहाँ स्पष्ट ही प्रतिमा पूजा का (मूर्ति-उपासना) का समर्थन है। 'अश्मा भवतु ते तनूः' आदि वैदिक-वाक्यों में मूर्तिपूजा का विधान है ही।

आभार प्रकट करने के बहाने से जो आपने अपनी प्रशंसा की है वह धर्मशास्त्रों के अनुसार आत्म हत्या के समान है ॥४२॥

आज तक सभी विद्वान् नव्यन्याय के शब्दों का आदर करते चले आ रहे हैं। आप (मिश्रजी) उन्हें भी जाल बता रहे हैं ॥४३॥

आपने अपने कल्पद्रुम की जो इतनी बड़ी प्रशंसा लिखी है (पृ०१२,१३), वह भला किस प्रकार ठीक हो सकती है ? क्योंकि वेदार्थपारिजातमें वेद-विरुद्ध सिद्धान्तों का खण्डन किया गया है। इस बात को जानते हुए भी आपने (लेखक ने) अपने पवित्र भाव को छिपाकर अपनी कीर्तिका नाश किया है। इसमें शिष्टाचार पर भी विचार नहीं किया गया। वेदविचार-शून्य मनुष्य इसकी प्रशंसा भी करते रहें तो उससे क्या ? ॥४४॥

यह आपका 'वेदार्थ कल्पद्रुम' धूल उछालने में अत्यन्त निपुण है। सूर्य का प्रकाश पाकर भी अपनी चञ्चलता-रूप अन्धकार को नहीं छोड़ पा रहा है। इसमें शिष्टाचार की गन्ध भी नहीं है। स्त्रैण और आत्मप्रशंसा-द्योतित होनेसे यह अपनो लघुता अपने आप प्रकट कर रहा है। अन्यथा पारदर्शी विद्वानों में भ्रान्ति की कल्पना कौन कर सकता है ? ॥४५॥

इसका 'कल्पद्रुम' नाम अर्थशून्य है। इससे पढ़ने वालों का आनन्द लुप्त हो जाता है। यह नीरस भी है और असत्-शास्त्रों के प्रमाणों से परिपूरित होने के कारण इसमें दुर्गन्ध भी आ रही है। इसमें सत्-सिद्धान्तों के पराग का लेश भी नहीं है। प्रमाणों के शिथिल होने से इसके स्कन्ध ढीले हैं, यह विद्वानों के मनोरथ किस प्रकार पूर्ण कर सकता है ? ॥४६॥

मूलरहित होने से इसकी सूखी हुई शाखाएँ केवल भ्रान्ति देने वाली हैं, इसलिए इसकी छाया भी अभी तक किसी की दृष्टिगोचर नहीं हुई है। इसमें न पत्ता है, न फूल है, इसलिये इसे कल्पद्रुम न कहके 'स्थाणु' (ठूँठ) कहना चाहिये ॥४७॥

श्री करपात्री जी महाराज ने अपने वेदार्थपारिजात में जो हेतु दिये हैं, उन्हें अभी तक आपने आभास सिद्ध नहीं किया ॥४८॥

मिश्रजी और उनके सहायकों ने इसमें केवल छल ही किया है। दयानन्द जी के सभी ग्रन्थों के सिद्धान्तों का श्रुति-सम्मत और युक्तियुक्त पूर्ण रूप से खण्डन किया गया है। जिनके दर्शन मात्र से मिश्रजी दुर्बल हो गये हैं ॥४९,५०॥

मिश्रजी का यह कथन भी मिथ्या है कि 'ऋग्वेदादि-भाष्य-भूमिका' का आज तक किसी ने खण्डन नहीं किया है। (पृ० १४, १६)। संस्कृत में **'भूमिकाभास'** (धिक्कार) ग्रन्थ छप चुका है, इसमें केवल भूमिका का ही खण्डन है ॥५१॥

पं० ज्वालाप्रसाद मिश्र ने स्वामी दयानन्द जी के सत्यार्थ प्रकाश का खण्डन किया है, उनकी पुस्तक का नाम **'दयानन्दतिमिरभास्कर'** है। पं० कालूराम शास्त्री जी ने दयानन्द जी के मत का खण्डन करने में अनेक पुस्तकें लिखी है। **'आर्यसमाजकी मौत', 'दयानन्द की बुद्धि दो पैसे में', 'दयानन्द छल-कपट-दर्पण'** इत्यादि अनेक पुस्तकें आर्य समाज के विरोध में उनके द्वारा लिखी जा चुकी हैं ॥५२, ५२½॥

वेदार्थपारिजात में आपने न्याय, व्याकरण की अशुद्धियाँ दिखायी हैं। न्याय और व्याकरण के वे ग्रन्थ आपके मत में प्रमाण हैं ही नहीं, जिनके द्वारा उनका ज्ञान हो सकता है। फिर उनके आधार पर आप शुद्धि-अशुद्धिका विवेचन कैसे कर सकते है ? ॥५३-५४½॥

वेद-वेदाङ्गों के जानने वाले वीतराग विद्वानों को पौराणिक मात्र कहना कहाँ तक संगत है ? इन लोगों के लिये आपने 'प्रवचन प्रवीण' आदि शब्दों का अनेकों वार प्रयोग किया है। इससे आपके हृदय का कालुष्य अवश्य प्रकट होता है। आपका यह कहना भी व्यर्थ है कि संस्कृत न जानने वालों को प्रभावित करने के लिए यह **'वेदार्थपारिजात'** कठिन संस्कृत में लिखा गया है। (पृ० १४, १६, १७) भला आप ही वताइये कि जो संस्कृत जानते ही नहीं, उन्हें संस्कृत की जटिलता और सरलता का ज्ञान कैसे हो सकता है ? श्री करपात्री जी के ग्रन्थ का खण्डन आप स्वप्न मे भी नहीं कर सकते हैं। इस दुःसाहस का कारण आपकी बुद्धि का व्यामोह (भ्रम) है ॥५५-५८½॥

कल्पद्रुम की 'प्रस्तावना' (पृ० १८-२५ सं०, २६-३४ हि०, ३५-४३ ई०) लिखनेवाली बेचारी श्रीमती निर्मलादेवी श्री दयानन्द जी के लिये 'धृष्ट' शब्द का प्रयोग किये जाने पर बहुत दुःखी हुई। यह सरल बुद्धि वाली यह नहीं जान सकती कि दयानन्द जी के लिये 'धृष्ट' शब्द का प्रयोग करना अनुचित नहीं है। क्योंकि दयानन्द जी ने वेदों की ११३१ (ग्यारह सौ इकतीस) शाखाओं में से ४ (चार) शाखाओं को ही वेद माना है। इस प्रकार वेदों के उद्धार के नाम पर वेदों के संहार करने वाले को 'धृष्ट' क्यों न कहा जाय ? सत्यार्थ प्रकाश के

ग्यारहवें समुल्लास में स्वामी दयानन्द जी ने मन्वादि सभी धर्म शास्त्रकारों, रामानुजादि सभी आचार्यों का व्यर्थ खण्डन किया है। इन सबों के लिये अनुचित शब्दों का प्रयोग भी किया है। वेदरूपी दुर्ग में प्रवेश करने के लिये मार्ग बनाने वाले सायणादि आचार्यों का तिरस्कार करनेवाले स्वामी दयानन्द जी को 'वंचक' अथवा 'धृष्ट' कहना सर्वथा उचित ही है। स्वामी दयानन्द जी ने सभी दार्शनिक सिद्धान्तों का और सभी प्राचीन और प्रामाणिक भाष्यकारों का खण्डन किया है। इनकी यह धृष्टता नहीं तो और क्या है? ॥५९-६४॥

पातिव्रत धर्म का नाश करने के लिये स्वामी दयानन्द जी ने स्त्री के लिये [७]ग्यारह पति लिखे हैं। इस लिये इनके मत में प्राचीन वैदिक मर्यादा के

---

७. "इमां त्वमिन्द्र ! मीढ्वः ! सुपुत्रां सुभगां कृणु। दशास्यां पुत्रानाधेहि पतिमेकादशं कृधि।" (ऋ० १०.८५.४५) इस मन्त्रका अर्थ स्वामी दयानन्द जी लिखते हैं—हे मीढ्व इन्द्र ! = वीर्य सींचने में समर्थ ऐश्वर्ययुक्त पुरुष ! तू इस विवाहित स्त्री या विधवा को सौभाग्य युक्त कर; विवाहित स्त्री में दश पुत्र उत्पन्न और ग्यारहवीं स्त्री को मान। हे स्त्री ! तू भी विवाहित पुरुष वा नियुक्त पुरुषों से दश सन्तान उत्पन्न कर और ग्यारहवें पति को समझ।"

इनके साम्प्रदायिक शिष्य रामचन्द्र देहलवी जी ने इस मन्त्र का अर्थ किया है—"पहले तीन पादों में तो पति को आज्ञा दी गयी है कि इस स्त्री को सुपुत्रा वा सुभगा कर और इसमें दश पुत्र उत्पन्न कर। चौथे पाद में स्त्री को सम्बोधन किया है कि ११ (ग्यारह) वाँ पति कर, अर्थात् ११ वें तक पति कर। यदि इसमें पहले तीन पादों को स्त्री के लिये बदल दिया जावे और चौथे को पुरुष के लिये तो इसका अर्थ यह होगा कि "हे ! स्त्री तू इस पति से १० (दस) सन्तान उत्पन्न कर इसको अच्छे पुत्र वाला और सौभाग्य शाली बना और हे पति ! तू ग्यारहवीं स्त्री कर।"

वस्तुतः इस मन्त्र में वर प्रार्थना कर रहा है—'इमां त्वमिन्द्र ! मीढ्वः·····' "=हे मनोरथादि की वृष्टि के कर्ता इन्द्र ! इस स्त्री में दस पुत्रों को आधान—स्थापन कर और ग्यारहवें मुझ पति को रख।", इस मन्त्र में वर वक्ता है, प्रतिपाद्य नहीं। वर अपनी पत्नी के लिये इन्द्र से प्रार्थना करता है—'तुम्हारे अनुग्रह से मेरी पत्नी दश पुत्रों वाली बने और ११ (ग्यारह) वाँ मैं इसके पति रूप में बना रहूँ। यदि स्त्री के लिये अनेक विवाह विवक्षित होता तो वर ग्यारहवाँ ही कैसे बना रहता ?

अनुसार कोई भी स्त्री किसी की भी धर्म पत्नी नहीं हो सकती। इस प्रकार धर्म की आड़ में अधर्म का प्रचार करने वाले इन स्वामी दयानन्द जी को और इनके अनुयायी आर्य समाजियों को 'धृष्ट क्यों न कहा जाय? दयानन्द का अनुगमन करने वाले आर्यसमाजी लोग सभी प्राचीन आचार्यों का आदर नहीं करते। इनकी बुद्धि पर कैसा पर्दा पड़ा है कि ये लोग चारों वेदों को जानने वाले सनातन धर्म के विद्वानों को केवल पौराणिक कहते हैं और अपने आपको वैदिक कहते हुए जरा भी लज्जित नहीं होते, जब कि वे स्वर सहित एक भी मन्त्र का उच्चारण नहीं कर सकते ॥६५-६९॥

मृत पितरों का श्राद्ध, मूर्ति पूजा, ईश्वर की साकारता, ईश्वर का अवतार ये सभी प्राचीन काल से चले आ रहे हैं। मन्त्र भाग और ब्राह्मण भाग इन दोनों को ही अनादि काल से वेद संज्ञा दी जा रही है। अद्वैत वाद भी यदि दयानन्द जी की समझ में नहीं आया और भी जो लोग अद्वैत को नहीं समझ सकते (या द्वैताभिनिवेश के कारण अद्वैत-सहिष्णु नही हो सकते), उनके विरोध-मात्र से अद्वैत अप्रामाणिक या अमान्य हो गया? 'अद्वैत मत में प्रकृति और जीव की सत्ता नहीं मानी गयी है।' यह आपकी मान्यता अनुचित है। व्यावहारिक सत्ता[८] अद्वैत मत में इनकी मान्य है (व्यावहारिक सत्ता का निषेध नहीं है।) ॥७०-७२॥

यदि आप प्रेम पूर्वक विचार करना चाहती हैं तो शास्त्रार्थ के मञ्च पर आइये। हम पुष्प-मालाओं से आपका स्वागत करेंगे ॥७३॥

पुरूरवा, उर्वशी, विश्वामित्र, वसिष्ठ, इन्द्र, अहल्या आदि का इतिहास वेदों में स्वीकृत होने पर भी वेदों की नित्यता खण्डित नहीं होती। कारण

---

८. कदाचित् माया और जीव के बिना ही केवल परमेश्वर से प्रपञ्च की उत्पत्ति को आप अद्वैत मानते हैं, तब तो निःसन्देह आप 'शाङ्कर-अद्वैत' से अनभिज्ञ हैं। तन्त्रोन्मुख परिणामवाद या अविकृतपरिणामवादपरक शाक्ताद्वैत, शैवाद्वैत या वैष्णवाद्वैत की मान्यता को ही आप 'शाङ्कर-अद्वैत' समझ रहे हैं। यदि प्रातिभासिक और पारमार्थिक केवल दो सत्ता को लेकर आपका उक्त आक्षेप है, तो भी युक्तियुक्त नहीं है। शुक्ति-रजतादि प्रातिभासिकसत्तासम्पन्न पदार्थों में भी अर्थक्रियाकारित्व मान्य है। कदाचित् बोधोत्तर अर्थक्रियाकारित्व की असिद्धि को लेकर आक्षेप है, तब स्वभावगत वैलक्षण्य को लेकर परिहार प्रस्तुत है। 'वेदान्त-सिद्धान्त मुक्तावली', 'वेदान्त-परिभाषा' आदि आकर ग्रन्थों का अनुशीलन अपेक्षित है।

यह है कि भूत, भविष्यत् और वर्तमान काल की सभी घटनाएँ वेदों में प्रसिद्ध हैं ॥७४, ७५॥

मुख्यार्थ सम्भव होने पर अर्थान्तर मानना अनुचित है। प्रसिद्ध अर्थको छोड़ कर अप्रसिद्ध अर्थों की कल्पना अन्याय है। विश्वामित्र आदि शब्द जिन ऋषि आदि अर्थों के वाचक हैं, उनकी अन्यार्थ कल्पना नहीं हो सकती। इसी लिये **'मित्रे चर्षौ'** (पा० ६.३.१३०) इस पाणिनीय सूत्र से विश्वामित्र शब्द में दीर्घ होता है। इस सूत्र के अर्थ के अनुसार दीर्घ तभी हो सकता है, जब विश्वामित्र नामका ऋषि इस शब्द का अर्थ हो। इस प्रकार सभी वेदवाक्यों में वही अर्थ लिये गये हैं ॥७६-७८॥

आप लोगों ने सायणाचार्य, दुर्गाचार्य और स्कन्दाचार्य इत्यादि वेद भाष्यकारों को जब प्रमाण ही नहीं माना, तब उनकी उक्तियों को प्रमाण रूप से उपन्यस्त करने का आपको क्या अधिकार है? मुख्यार्थ बाध होने पर ही लक्षणावृत्ति से अन्य अर्थ की उपस्थिति होती है। मुख्यार्थ को न मानकर उसके बाध का ज्ञान भी नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में मुख्यार्थ के विना औपचारिक अर्थ हो ही नहीं सकता ॥७९-७९½॥

'वृत्र' शब्द का 'मेघ' अर्थ करने पर भी वेदों की नित्यता सिद्ध नहीं हो सकती। यदि इन अनित्य पदार्थों के रहते हुए भी वेद नित्य हैं तो इतिहास के रहते हुए भी वेद नित्य हो सकते हैं; क्योंकि वेदों में भविष्यत्काल की घटनाओं का होना भी अनुचित नहीं है। निरुक्त के अनुसार ही सायण, उद्गीथ, भट्ट आदि आचार्यों ने वेदों में इतिहास को मानकर भी उनकी नित्यता पर आँच नहीं आने दी है ॥८०-८२½॥

निरुक्तकार के जो शब्द आपने उद्धृत किये, उनसे स्पष्ट ही इतिहास पूर्वक कथान्तर का प्रकाश मिल रहा है। इन दोनों अर्थों से इतिहास का ही प्रतिपादन निरुक्तकार कर रहे हैं, न कि पूर्वोत्तर का ॥८३-८४॥

प्राचीन मत का खण्डन करते हुए और नवीन मत की स्थापना करते हुए कोई किस प्रकार अपने को प्राचीनतम कह सकता है? अपनी प्रतिष्ठा वृद्धि के लिये ही जिसने वेदों के शरीर के टुकड़े किये हों, वह माननीय अथवा सम्माननीय कैसे हो सकता है? ॥८५, ८६॥

'ब्राह्मण भाग को मन्त्र भाग की व्याख्या कहना' भी सङ्गत नहीं है; क्योंकि मन्त्र भाग में भी मन्त्रों की व्याख्या मिलती है, इसको आप देखिये ॥८७॥

'पृच्छामि त्वां' इस मन्त्र की उत्तर मन्त्र में व्याख्या इस प्रकार है **'इयं वेदी परो अन्तः'** इति ॥८८॥

इस प्रकार मन्त्रभाग में अनेक मन्त्रों की व्याख्या स्पष्ट है। ब्राह्मण भाग में भी यदि कहीं मन्त्रभाग की व्याख्या मिलती है तो उसको किसी पुरुष की कृति नहीं कहा जा सकता ॥८९॥

हे श्रीमती निर्मला जी ! आपने जो श्री पट्टाभिराम शास्त्री 'विद्यासागर' के विषय में लिखा है कि उन्होंनें क्षीर सागर को क्षार सागर बना दिया, सो यह तो आप पर ही घटित होता है ॥९०॥

इस सम्पूर्ण जगत् में दयानन्दमतानुयायी कोई भी वेद के स्वरूप का निरूपण नहीं कर सकता ॥९१॥

क्योंकि दयानन्द जी ने चार संहिताओं को ही वेद माना है। इन चारों संहिताओं में कहीं भी ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद ये नाम नहीं आये हैं, तव फिर वेदों के स्वरूप का निर्णय कैसे हो ? ॥९२॥

अन्य संहिताओं में ऋग्वेदादि शब्द मिल भी जाँय तो उनसे आपके स्वार्थ की सिद्धि नहीं हो सकती। कारण यह है कि आप उन्हें वेद नहीं मानते। 'वेद-वेद-वेद' चिल्लाने मात्र से बुद्धिमान् विद्वान् वेद का निश्चय कैसे करें ? ॥९३-९६½॥

"सूत्र ग्रन्थ और प्राचीन ग्रन्थों में भी ब्राह्मण भाग को वेद नहीं माना गया", यह दयानन्द का कथन लज्जास्पद है; क्योंकि **'ऋचः सामानि'** (यजु० ३१.७) आदि मन्त्रों में पुराण शब्द के द्वारा ब्राह्मण भाग का भी ग्रहण किया गया है। स्वयं दयानन्द जी का यह मत है। वेद के ब्राह्मण भाग के आठ भेद हैं। उनमें पुराण भी ब्राह्मण भाग के अन्तर्गत हैं। अथर्ववेद की संहिताओं में और अन्यान्य **'स बृहतीं दिशं'** आदि प्रसिद्ध मन्त्रों में इतिहास, पुराणादि शब्द ब्राह्मण भाग के ही वाचक हैं, ऐसा स्वामी दयानन्द ने भी माना है। आपका कथन उनके विरुद्ध होने से भी तुच्छ है। केवल कात्यायन ने ही नहीं, अपितु अन्यान्य आर्षो ने भी ब्राह्मण भाग को वेद स्वीकार किया है। वदार्थ पारिजात में उन सबका उद्धरण दिया गया है। भगवत्पाद शंकराचार्य जी ने तो स्थान-स्थान पर ब्राह्मण वाक्यों को श्रुति के रूप में उद्धृत किया है। इन बातों की पुनरावृत्ति हमें इस लिये करनी पड़ रही है कि कल्पद्रुम में इन्हीं बातों को बार-बार दुहराया गया है। इसलिये यहाँ पर फिर हमको कहना पड़ रहा है कि

ऋग्वेद, यजुर्वेद आदि चारों शब्द आपकी मानी हुई शाखाओं में नहीं हैं। इतने प्रमाण दिये जाने पर तो ब्राह्मण भाग को वेद न मानने के हठका त्याग करना ही चाहिये और सङ्कुचित होना चाहिये ॥९७-१०५॥

हम लोग ब्राह्मण भाग के जिन शाखाओं और संहिताओं को वेद के रूप में मानते हैं, उनमें ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद नाम आये हैं। इस प्रकार ब्राह्मण भाग का वेद होना स्पष्ट है, इस सम्बन्ध में आगे बोलने के लिये आपका रास्ता बन्द है। केवल याज्ञिकों ने ही नहीं, धर्म-शास्त्रकार मन्वादिकों ने, सभी आचार्यों ने और दार्शनिकों ने ब्राह्मण भाग को वेद माना है ॥१०६-१०८½॥

'सह युक्तेऽप्रधाने' इस सूत्र के आधार पर जो आपने पुराणों को और ब्राह्मणों को अप्रधान कहा है, सो यह बात **'यजुषा सह'** इस मन्त्र में मन्त्र भाग की ही अप्रधानता माननी पड़ेगी। इस सूत्र के आधार पर आपने ब्राह्मण भाग की अप्रधानता कही वह गलत है। हमने इस मन्त्र के आधार पर मन्त्र भाग को अप्रधान और ब्राह्मण भाग को प्रधान सिद्ध कर दिया ॥१०९-१११॥

'कृष्ण यजुर्वेद' में आपने जो ब्राह्मणादि ग्रन्थों के पाठ की बात कही है, (पृ० २२) वह बिल्कुल मिथ्या है, युक्ति और प्रमाण से शून्य है। वहाँ अगले वाक्यों में मन्त्र भाग और ब्राह्मण भाग के लक्षण का वर्णन किया गया है ॥११२, ११३॥

मन्त्र भाग के समान ब्राह्मण भाग भी अनादि काल से चला आ रहा है, इस लिये इसके कर्ता का भी स्मरण कैसे हो सकता है ? **सामश्रमी** आदि विद्वानों ने ब्राह्मण भाग को वेदों का व्याख्यान कहा है; किन्तु उनके वेदत्व का खण्डन कहीं नहीं किया है। व्याख्या होने मात्र से यदि वे वेद नहीं हैं तो मन्त्र भाग में भी मन्त्रों की व्याख्या होने से उन्हें भी वेद नहीं मानना होगा। **'अनाम्नातेष्वमन्त्रत्वम्'** (मी० सू० २.१.३४) इस सूत्र में भी ब्राह्मण भाग को वेद न होना नहीं कहा है; क्योंकि यह तो अनाम्नात को अमन्त्र कह रहा है। ब्राह्मण का तो यहाँ नाम तक नहीं है ॥११४-११६॥

'ईश्वरानुक्त' इत्यादि वाक्य आपके ही हैं, जैमिनि के नहीं; क्योंकि जैमिनि ने ईश्वर को स्वीकार नहीं किया है। 'ब्राह्मण भाग वेद नहीं हैं' ऐसा हरिवंश पुराण में कहाँ लिखा है ? जहाँ भी ऋक् और यजुः शब्द आये हैं, वे सब वेद के वाचक नहीं हैं, मन्त्रों के वाचक हैं। गोपथ ब्राह्मण में अवश्य ही ये

चारों नाम आये हैं; किन्तु वहाँ यह कहीं नहीं लिखा कि ब्राह्मण भाग वेद नहीं हैं। केवल चार वेदों की संख्या बतायी है, जो ब्राह्मण को वेद मानने पर भी खण्डित नहीं होती। गोपथ ब्राह्मण में ऋक्, यजुः, साम इन तीन का जो निरूपण किया गया है, वह तो मन्त्रों के प्रकार मात्र का निर्देश है। ब्राह्मण ग्रन्थों के वेदत्व का निषेध नहीं है। वहाँ तो वेद शब्द भी नहीं है ॥११७-१२१॥

'सर्वानुक्रमणी' के वाक्यों का कल्पद्रुम में कोई उद्धरण नहीं है, इस लिये हम उसका खण्डन क्यों करें? जो प्रश्न अब तक उठाये हैं, उनका खण्डन अवश्य किया गया है ॥१२२॥

इस प्रकार आपके वचनों में कहीं भी सच्चाई नहीं दीख रही। श्री करपात्री जी ने ब्राह्मण भाग को जो वेद माना है, वह सभी प्राचीन आचार्यों के विचारों से अनुमोदित है। उन्होंने श्री स्वामी दयानन्द जी के लिये 'धृष्ट' अवश्य कहा है; किन्तु आप कुपित न होंवें, थोड़ा विचार करें कि स्वामी दयानन्द जी ने तो किसी को गाली दिये विना नहीं छोड़ा। भाष्यकार शंकर, महर्षि वाल्मीकि, साकारोपासक सभी जितेन्द्रिय ऋषि-मुनि, कालिदास आदि कवि, नाट्यकार, धर्मशास्त्र के प्रणेता, निबन्धों के लेखक, कोषकार और सभी प्राचीन पण्डितों का नाम ले-ले करके इन लोगों को सत्यार्थप्रकाश में गालियाँ दी गयीं हैं। ऐसी स्थिति में यदि उनको 'धृष्ट' कह दिया तो क्या इतना कहना ही गाली हो गया? ॥१२३-१२७½॥

आपका अन्तिम प्रश्न भी विचार को सहन नहीं कर सकता। वेदान्त-सिद्धान्त में ब्रह्म को अनादि और अनन्त माना है। जीव को भी ब्रह्म से अभिन्न माना है, तब फिर जीव भी अनन्त है। व्यावहारिक सत्ता प्रकृति की भी मानी है ॥ १२८–१३०॥

ब्रह्मसूत्र के द्वितीय अध्याय के अविरोध-प्रकरण में भगवान् शङ्कराचार्य जी ने प्रक्रिया विरोध दर्शाते हुए भी सभी दर्शनों का परस्पर अविरोध[९] सिद्ध किया है ॥ १३१–१३२ ॥

---

९ भगवत्पाद शङ्कराचार्य ने परोवरीयक्रम से सभी दर्शनों का तात्पर्य वेदान्तवेद्य अद्वितीय परमात्मतत्त्व के प्रतिपादन में तथा परमात्मसाक्षात्कार के उपयुक्त देह, इन्द्रिय, मन और प्राणों के सम्पादन में सिद्ध किया है। ऐसा होने पर भी 'शङ्कराचार्य ने सभी दर्शनों से विरोध का ही प्रतिपादन किया है' यह कथन सर्वथा अनुपयुक्त ही है। सृष्टि की प्रक्रिया को लेकर, आत्मा के एकत्व-अनेकत्व,

आपका यह कहना भी मिथ्या है कि भगवान् शङ्कराचार्य ने सांख्याचार्य भगवान् कपिल की सत्ता को ही स्वीकार नहीं किया; क्योंकि उन्होंने अपने भाष्य में श्री विष्णु भगवान् के अवतार कपिल और सांख्यसूत्रकार कपिल इन दोनों की सत्ता स्पष्ट वर्णन की है। इतना अवश्य है कि श्री विष्णु के अवतार भगवान् कपिल को ही सम्मान दिया है, उन्हीं के कथन को 'स्मृति' कहा है। स्मृति की अनवकाशता को लेकर यह प्रसंग स्पष्ट हुआ है ॥ १३३–१३५ ॥

आपने तो स्वामी दयानन्दजी के ही चरण-चिन्हों पर चलकर दूसरे की आँखों में धूल झोंकना ही सीखा है ॥ १३६ ॥

श्रीमद्भागवत में तो सांख्यसूत्रकार कपिल की चर्चा ही नहीं है। 'सांख्य और योग ये दोनों आत्मा की एकता को स्वीकार नहीं करते हैं।' भगवत्पादका यह लेख सत्य ही है। हमारे और तुम्हारे कथन का तो कोई मूल्य है ही नहीं। इस प्रकार इन दोनों के सिद्धान्तों में आत्मा की अनेकता लिखने से भाष्यकार पर कोई कटाक्ष नहीं किया जा सकता। "दोनों कपिल एक-दूसरे के विरुद्ध हैं" इतना कहने से और उन दोनों का परस्परविरोध दिखला देने से वासुदेवांश कपिल की अवैदिकता सिद्ध नहीं होती। पाँचों दर्शनकारों में इसी प्रकार का अविरोध सिद्ध किया गया है। छठे व्यास ने भी योगदर्शन के मत में आत्मा के

अणुत्व-विभुत्व, विभुत्व-मध्यमत्व, देहातिरिक्त आत्मा के अस्तित्व-अनस्तित्व, ईश्वर के अस्तित्व-अनस्तित्व, ब्रह्म के परिणामित्व-अपरिणामित्व, ईश्वर के निमित्तत्व-अभिन्ननिमित्तोपादानत्व तथा द्वैत-अद्वैत और द्वैताद्वैत को लेकर दर्शनों और दार्शनिकों में जो विगान (वैमत्य) है, उन्हें दर्शाना तो उन-उन दार्शनिकों के अनुसार भी उचित ही है। किसी मत के खण्डन अथवा मण्डन के लिए उसका यथावत् उल्लेख भूषण ही है, न कि दूषण। फिर सूत्रकारका अनुगमन करना भाष्यकार का दायित्व भी है। प्रमाण तथा प्रमेयगत प्रभेद और प्रमातृस्वरूप निर्धारण को लेकर तथा केवल मन्त्रात्मक, लोकोत्तरविग्रहात्मक, विद्वान् मनुष्यात्मक अधिदैवस्वरूप को लेकर जो दार्शनिकों और दर्शनों में विगान है, उसका परिहार क्या हो सकता है? क्या अपने मत में सबको घसीटकर विलीन कर लेना ही समन्वय है? या साधर्म्य और तादात्म्य को लेकर अन्तर्भाव तथा वैधर्म्य और अतादात्म्य को लेकर वैलक्षण्य द्योतित करना तथा सत्ताभेदको लेकर समन्वय साधना ही उपयुक्त है?

नानात्वकी सिद्धि की है, वेदान्तके अनुसार नहीं। इतने पर भी वासुदेवांश कपिलको और शङ्कराचार्यजी को अवैदिक कहना मिथ्या भाषण की पराकाष्ठा है। स्वयं सूत्रकारने **'एतेन योगः प्रत्युक्तः'** (ब्रह्म० २.१.३) इस सूत्रसे अवैदिकांश योगका खण्डन किया है, फिर भाष्यकार शङ्करका क्या दोष ? ॥ १३७–१४२ ॥

भगवतत्पाद को षड्दर्शनाचार्य कहने में आपको क्या आश्चर्य है, जबकि उनकी जिह्वा पर जिह्वा की अधिष्ठात्री देवी स्वयं नृत्य करती थी। **'कर्त्ता शास्त्रार्थवत्त्वात्'** (ब्रह्म० २.३.३३) इस सूत्र में जीव को कर्ता और भोक्ता अविद्या के माध्यम से कहा गया है। अविद्या की उपाधि से रहित होकर वह स्वयं ब्रह्मरूप ही है। ब्रह्म में कर्ता और भोक्तापन का अभाव प्रमाणित किया गया है[10] (द्रष्टव्य तक्षाधिकरणम्) ॥१४३-१४५॥

---

१०. पुनर्जन्म-उत्क्रमण, बन्धन-मोक्ष, सुख-दुःखादि के संक्रमण को लेकर उठने वाले प्रश्नों का समाधान पाँचों दर्शनोंमें आत्मा, मन और देहकी अनेकनताको लेकर किया गया है। छठे वेदान्त-दर्शन में आकाशवत् आत्मा को विभु और एक मान करके भी बुद्धि के उन्मानत्व (परिच्छिन्नत्व) और उमसे होने वाले आत्मा के तादात्म्य की दृष्टि से किया गया है। विशेषण या उपाधिरूप अन्तःकरण मिथ्या है; अतः तत्कृत परिच्छेद और उत्क्रमणादि भी अवास्तव है, वास्तव नहीं। आत्मा को आकाशवत् व्यापक कहने वाली श्रुतियाँ नहीं हैं, ऐसा भी नहीं। **'आकाशवत् सर्वगतं सुसूक्ष्मं'** (शाण्डिल्यो० २) आदि श्रुतियों में स्पष्ट ही आत्मा को आकाशवत् व्यापक माना गया है। वेदान्त दर्शनके मानने वाले कई मान्य आचार्यचरणों ने उपनिषदादि के आधार पर आत्मा को सदा ही या बद्धदशामें ही स्वाभाविक अणु माना है; तथापि युगपत् शीत-उष्णादि अनुभूति की असिद्धि और आकाश तुल्य व्यापकता के प्रतिपादक वचनों की असिद्धि रूप दोषद्वय की प्राप्ति होती है।। ज्ञान गुण की व्यापकता मानकर भी उक्त दोषों का परिहार असंभव है। मणि और दीपतुल्य आत्मा के सावयवत्व रूप दोष की प्राप्ति ऐसा मानने पर होती है।

विचारक ध्यान दें। निर्मला जी श्री आद्य शङ्कराचार्य के लिए 'षड्दर्शन स्थापनाचार्य' लिखा देखकर आश्चर्यचकित हुई बताती हैं और उन्हें षड्दर्शनाचार्य न मानकर 'षड्दर्शनमहाप्रासादप्रध्वंसप्रयासपरायण' मानती हैं (पृ० २४) जबकि उन्हीं के सम्प्रदाय में दीक्षित तथा सम्प्रदायच्युत स्वामी दयानन्द सरस्वती को समस्त शास्त्र की प्रतिष्ठा के पुनः स्थापक' बताती हैं। द्वादश दर्शनों के मर्मज्ञ

'प्रकृतिश्च'[११] (ब्रह्म० १.४.२३) इस सूत्र की व्याख्या में भाष्यकार ने अभिन्ननिमित्तोपादानकारणरूपमें ब्रह्म की प्रतिष्ठा की है। ब्रह्म की अभिन्न-निमित्तोपादानकारणता व्यास के सूत्रों के अनुसार ही है। शङ्कराचार्य का यह नया आविष्कार नहीं है ।।१४६, १४७।।

श्री शङ्कराचार्य के मत में ब्रह्म परिणामी नहीं है, अपितु विवर्ती-उपादान है। सांख्य-योग का समवन्य करके वेदान्त दर्शन की महिमा को बढ़ाने वाले भगवत्पाद को खिचड़ी पकाने वाला कहना कितना अन्याय है? उन्होंने श्रुतियों और स्मृतियों के अनुसार वेदान्त के कठिन प्रकरणों को सुगम बनाया

श्री वाचस्पति मिश्र, श्री मण्डनमिश्र, श्री हर्षमिश्र, श्री विद्यारण्य स्वामिपाद, श्री आनन्द गिरि और श्री मधुसूदन सरस्वती आदि महाभाग जिनकी विद्या और प्रतिभा को अपार मानकर जिन्हें अपना सर्वस्व मानते हैं, उन्हें षड्दर्शनानभिज्ञ और दयानन्द जी को समस्त शास्त्र के पारङ्गत बताना कुटिलता की पराकाष्ठा है। क्या श्रुति-युक्ति और अनुभूति के विरुद्ध मत की प्रस्थापना करना तथा श्रुति-युक्ति और अनुभूति के मर्मज्ञों को गालियाँ देना ही सर्व शास्त्र-निष्णात होने की कसौटी है? पूर्व मीमांसा और उत्तर मीमांसा के विरुद्ध क्रमशः वर्ण-व्यवस्था की नवीन कल्पना तथा देव-विग्रहादिकी अवहेलना करने वाले तथा श्री मध्व और श्री रामानुजादि की शैली में द्वैत, त्रैत का समर्थन करने वाले श्री दयानन्द जी भला किस पाण्डित्य और परम्परा के अनुसार पूज्य हो सकते हैं?

११. सम्बन्धित सूत्र भी मूल श्रुति के अनुसार ही हैं। **'तदैक्षत'** (छान्दोग्यो० ६.२.३), **'स ईक्षाञ्चक्रे'** (प्रश्नो० ६.३), **'सोऽकामयत'** (तैत्ति० २.६) आदि श्रुतियों ने ब्रह्मको निमित्त कारण माना है और **'बहुस्यां प्रजायेयेति'** (छान्दोग्यो० ६.२.३) आदि श्रुतियों ने उसी को उपादान कारण भी। इस तरह ब्रह्म अभिन्ननिमित्तोपादानकारण सिद्ध होता है। 'यस्मिन् विज्ञाते सर्वंविज्ञातं भवति' (शाण्डिल्यो० २) के अनुसार एक (ब्रह्म) विज्ञान से सर्वविज्ञान की श्रौतप्रतिज्ञा और उसके निर्वाह के लिए मृत्, लोह, सुवर्णरूप धातुविज्ञान से मृद्घट, लोहयन्त्र, सुवर्णभूषण विज्ञान रूप दृष्टांत भी तभी सम्भव है, जब ब्रह्म जगत् का अभिन्ननिमित्तोपादन-कारण हो! अन्य पाँचों दर्शन से छठे वेदान्त शर्शन की यह अपूर्वता है। जिसे भगवत् पाद शङ्कराचार्य ही नहीं, श्री रामानुजाचार्य, श्री निम्बार्काचार्य और श्री वल्लभाचार्यों ने भी मुक्त स्वर से माना है। इस विश्व प्रसिद्ध तथ्य को भी न मानना कहाँ तक शोभनीय है?

है। **'मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनन्तु महेश्वरम्'** (श्वेताश्वतरो० ४. १०) इस श्रुति में माया और प्रकृति का ऐक्य दिखलाया गया है। जबकि आप प्रकृति को अनादि और अनन्त मानती हैं। माया और प्रकृति एक ही है, तब आप ही मायावादी[12] सिद्ध होती हैं, माया के जटिल जालमें पड़ी हुई हैं, श्री शंकराचार्य नहीं ॥१४८-१५२॥

इसलिये अपशब्दों की बौछार करने का आपका दुःसाहस क्षमा के योग्य नहीं है। सत्, असत्, उभय और अनुभय इन चारों कोटियों में न आनेवाली ब्रह्म के आश्रित रहकर उसी का आवरण करनेवाली 'माया' सिद्ध होती है। सीपी में चाँदी की प्रतीति इसका दृष्टान्त है। सीपी में चाँदी सत्य नहीं है; क्योंकि सीपी का ज्ञान होने पर वह नहीं रहती बाधित हो जाती है। जब तक सीपी का ज्ञान नहीं होता, तब तक वह प्रतीत होती रहती है, इसलिये वह असत्य भी नहीं है। परस्पर विरोध होने से उभय रूप और अनुभय रूपा भी नहीं कही जा सकती। रज्जुसर्प, मृगमरीचिका, चलचित्र आदि अनेक दृष्टान्तों के रहते हुए भी चतुष्कोटि विनिर्मुक्त माया का कोई दृष्टान्त[13] नहीं है, यह कथन सफेद झूठ है ॥१५३-१५९॥

---

१२. **"तम आसीत्तमसा गूढमग्रे"** (ऋ० सं० ८.७.१७.१), **"सदसद्विलक्षणानिर्वाच्या'** (त्रिपाद० महा० ३) **'माया नाम अनादिरन्तवती, न सती नासती 'अनिर्वचनीया'** (सर्वसारो०), **'ब्रह्मशक्तिरेव प्रकृतिः'** (निरालम्बो०) श्रुतियों के अनुसार श्री शङ्कराचार्य ने माया को चिदधिष्ठित प्रकृति और अनिर्वचनीय माना है—परमार्थ सत्य नहीं माना। आप तो बाधयोग्य माया (प्रकृति) को सत्य मान रही हैं। (पृ० २५)। आपके मत में माया का बहुत महत्त्व है। ऐसी स्थिति में मायावादी तो आप ही सिद्ध होती हैं।

१३. **"ब्रह्माश्रयन्ती चापि तदावरणं करोति, परं नैवंविधो दृष्टान्तो लोके समुपलभ्यते"** (पृ० २४ संस्कृत) = (माया) ब्रह्माश्रित रहकर भी ब्रह्म का आवरण कर लेती है; परन्तु लोक में ऐसा कोई दृष्टान्त नहीं है" (वे० कल्प० हिन्दी पृ० ३२)।

निर्मलाजी का यह आक्षेप सर्वथा निःसार है। उनकी अज्ञता का द्योतक है। जिस प्रकार ज्ञान, प्रेम आदि का लोक में एक आश्रय और एक विषय देखा जाता है; उसी प्रकार अज्ञान का भी आश्रय और विषय देखा जाता है। यह बात दूसरी है कि वैशेषिकादि के मत में आत्मा ही इनका आश्रय सिद्ध होता है और सांख्यादि के यहाँ आत्मचैतन्य से चेतित (प्रतिबिम्बित या अधिष्ठित) अन्तः

स्वामी दयानन्द के मत के अनुसार जीव, ईश्वर और प्रकृति इन तीनों को मिलाकर जगत् का कारण स्वीकार करने पर किसी एक की भी कारणता सिद्ध नहीं होती। यदि इनमें अलग-अलग पूर्ण कारणता है, तब एक ही कारण से काम चल जायगा! शेष दोनों को कारण कहना ठीक नहीं। अल्पज्ञ और अल्प शक्ति जीव को कारण कहना तो हास्यास्पद है। जड़ प्रकृति को भी कारण कहना असंगत है। **'अजामेकां'** (श्वेता० ४·६) इस श्रुति के अनुसार यदि प्रकृति को कारण माना जाय तो फिर जीव और ईश्वर को कारण कहना व्यर्थ है। यदि ये सब मिल करके जगत् के कारण हैं तो पहला विकल्प फिर उपस्थित होगा, जिसका निवारण नहीं हो सकता। यह श्रुति भी केवल प्रकृति को ही कारण कह सकती है, जीव और ईश्वर को नहीं। जीव को भोक्ता और ईश्वर को अभोक्ता कहने में इस श्रुति का तात्पर्य है। प्रकृति के त्याग का विधान करने वाली इस श्रुति से प्रकृति की नित्यता का भी खण्डन होता है। ब्रह्म को जगत का कारण बताने वाले हम लोगों को ब्रह्मवादी कहते हुए आप क्यों हिचकिचाते हैं। माया को जगत् का कारण बतलाने वाले आप अपने आपको मायावादी क्यों नहीं मानते, यह भी विचारणीय है ॥१६०-१६८॥

जड़ प्रकृति की पूजा करने वाले आप चेतन ब्रह्म की पूजा करने वाले

करण (चित्त या अहम्)। आश्रय और विषय का भेद ही नहीं; अपितु अभेद भी अनुभव सिद्ध है। आत्मज्ञान, आत्मप्रेम आदि स्थलों में दोनों का अभेद सिद्ध है। "मैं अज्ञ हूँ। मैं आत्मा को अद्वितीय सच्चिदानन्दस्वरूप नहीं जानता।" आदि स्थलों में अज्ञान के आश्रय और विषय की एक रूपता भी अनुभव-सिद्ध है। अन्धकार जिस कमरे में रहता है, उसीको आवृत करता है। इन बाह्याभ्यन्तर-दृष्टान्तों के रहते 'लोक में ऐसा कोई दृष्टान्त उपलब्ध नहीं है' क्या यह आक्षेप धूलि-प्रक्षेप नहीं है? इस सन्दर्भ में ललित दृष्टान्त भी प्रस्तुत है। अमरलता (वेल विशेष) जिस वृक्ष के समाश्रित रहती है, उसी को ढक लेती है। स्वयं मूलहीन होने पर भी अमरलता आश्रय-वृक्ष से जीवनी-शक्ति लाभकर मादक सुनहरे पुष्पों के पराग और मकरन्द से मधु मक्खियों को लुभा लेती है। इसी प्रकार स्वतः सत्ता-स्फूर्ति और रस हीन (सत्ता, चित्ता और प्रियता रहित) माया ब्रह्माश्रित रह कर अनन्त कोटि ब्रह्माण्ड का परिणामी उपादान बनती है और अज्ञ जीवों को भ्रमित करती रहती है।

इस सम्बन्ध में विवरण और भामतीप्रस्थानगत वैलक्षण्य और पञ्चदशी में श्री विद्यारण्य महाभाग प्रदत्त समन्वय का परिज्ञान अपेक्षित है।

हम लोगों को जड़-पूजक कहकर पद-पद पर निग्रहस्थान में आ रहे हैं। **'त्वं स्त्री त्वं पुमान्'** (श्वेता० ४.३) इस श्रुति के अनुसार सच्चिदानन्दघन ब्रह्म से उस प्रकृति की अभिन्नता को जानकर यदि उसको नमस्कार करते हैं या उसकी पूजा करते हैं तो चेतन की ही पूजा करते हैं, जड़-पूजक हम कब है? ॥१६९-१७१॥

प्रकृति को प्रत्यक्ष सिद्ध (पृ० २५) कहकर आपने अपनी हँसी उड़वायी है। श्रुति के अनुसार अथवा अनुमिति के अनुसार ही प्रकृति की सिद्धि होती है। प्रकृति का प्रत्यक्ष आज तक किसी ने नहीं माना। सभी अद्वैत वादी जीव की और प्रकृति की व्यावहारिक सत्ता स्वीकार करते हैं, पारमार्थिक सत्ता ब्रह्म की ही मानते हैं। सजातीय, विजातीय और स्वगतभेद-शून्य [14] ब्रह्म के सिद्ध हो जाने से आपका त्रैतवाद कहाँ रह सकता है? ॥१७२-१७५॥

---

१४. ब्रह्म के प्रतिपादक वेदवचन उसे **'एकं, एव, अद्वितीयम्'** इन तीन शब्दों के द्वारा स्वगत, सजातीय और विजातीय भेद रहित ही सिद्ध करते हैं। निरवयव, अज-एक और सर्वाधिष्ठान स्वरूप तत्त्व भला त्रिविध भेदयुक्त कैसे हो सकता? सजातीय-विजातीय और स्वगत भेद शून्य ब्रह्म जहाँ वस्तुकृत परिच्छेद से शून्य है, वहाँ नित्य और विभु होने से काल और देशकृत परिच्छेद से भी शून्य है।

श्री निर्मला जी ने **'स्वगतभेदशून्योऽपि ब्रह्मणि'** कहकर ब्रह्म को स्वगत-भेद शून्य मान लिया। निरवयव होने के कारण ब्रह्म स्वगतभेदशून्य मान्य है। आकाशतुल्य एक और निरवयव ब्रह्म में साजात्यभेद औपाधिक ही संभव है, वास्तविक नहीं। **"घटसत्ता, पटसत्ता, घटज्ञान, पटज्ञान"** आदि स्थलों में अनुगत सत्ता और स्फूर्ति को स्वभावतः भिन्न सिद्ध कर पाना कठिन है। साथ ही **"ब्रह्मणि सजातीय-विजातीय-भेदाऽभावो न स्यातुं युक्तः, आत्मप्रकृत्योः सत्त्वात्"** (पृ० २५) =' ब्रह्म में सजातीय-विजातीय भेद शून्यता (आत्मा सजातीय और प्रकृति विजातीय की सत्ता होने से) नहीं ठहरती।" आपका यह उद्गार भी व्यर्थ है। यदि जीवात्मा और परमात्मा में चित्साम्य को लेकर आपने साजात्य स्वीकार किया है, तब तो एकत्व-अनेकत्व, सर्वज्ञत्व-अल्पज्ञत्व, निर्गुणत्व-सगुणत्व, सर्वशक्तिमत्व-अल्पशक्तिमत्व, विभुत्व-अविभुत्वादि वैलक्षण्य को लेकर दोनों में वैजात्य भेद भी मान्य होना चाहिये। यदि चित्त्व-अचित्त्वरूप वैलक्षण्य को लेकर परमेश्वर और प्रकृति में वैजात्य मान्य है, तब तो सत्त्वको लेकर साजात्य भी मान्य होना चाहिये। हमारे सिद्धान्त में सत्ता भेद से भेद और भेद-शून्यत्व दोनों ही मान्य है। अर्थात् व्यावहारिक और प्रातीतिक रीति से भेद का निर्वाह तथा वस्तुतः भेद का अभाव मान्य है।

फिर भी अद्वैत को न स्वीकार करने और त्रैतवाद के चक्कर में ही पड़ा रहने से आपके द्वारा शास्त्रों का अनादर ही होता है ॥१७६॥

यह त्रैतवादी विना युक्ति और प्रमाण के ही सभी पूर्वाचार्यों के खण्डन पर तुला हुआ है। वेदों में जहाँ इतिहास का वर्णन है, वहाँ उसका स्वार्थ में भी तात्पर्य है, भूतार्थवाद के अनुसार वह सत्य होता हुआ भी प्रकृत अंश की प्रशंसा अथवा निन्दा में भी प्रयोग किया जा सकता है। 'इतिहास के आ जाने से वेदों की नित्यता खण्डित होती है', इस बात को सौ दयानन्द आकर और सैकड़ों

ध्यान रहे, श्री दयानन्द जी ने तो ब्रह्म को त्रिविध-भेद शून्य माना है (पृ० ४५ मूल ग्रन्थ)। आप उनके अनुगत होते हुए भी 'केवल स्वगत-भेद शून्य ब्रह्म है' ऐसा कैसे मान रही हैं ? त्रिविध भेद-शून्य या स्वगत-भेद शून्य ब्रह्म को मानकर भी त्रैतवाद की सिद्धि भला किस प्रकार सम्भव है ? आपने ब्रह्म को निरवयव होने के कारण स्वगत भेद-शून्य माना है या बहुभवन-सामर्थ्य शून्य होने के कारण ? यदि निरवयव होने के कारण तो प्रकृति और परमाणुओं की अपेक्षा आपके ब्रह्म में क्या विशेषता है ? यदि बहुभवन सामर्थ्य होने से ब्रह्म स्वगत-भेद शून्य है तो सृष्टि रचनादि सामर्थ्य को लेकर वह स्वगत भेद युक्त ही क्यों नहीं मान्य है ? यदि ये शक्तियाँ प्रकृतिनिष्ठ हैं तो ईश्वर मानने की क्या आवश्यकता है ? यदि ब्रह्म में 'ईश्वरत्व' औपाधिक है तब प्रपञ्च ब्रह्म का विवर्त और प्रकृतिका परिणाम ही क्यों नहीं मान्य है ? यदि ऐसा ही मान्य है, तब शाङ्कर मत ही विजयी है।

और भी मूलग्रन्थ पृ० ४४, ४५ पर आपने स्वामी दयानन्द जी के अनुसार ब्रह्म को त्रिविध-भेद शून्य और अपने अनुसार केवल स्वगत-भेद शून्य सिद्ध करते हुए दोनों में अविरोध दर्शाने के अभिप्राय से जो कुछ राग अलापा हैं उसका सारांश यही हो सकता है कि "ब्रह्म निरवयव होने से स्वगत-भेद शून्य और एक होने से सजातीय-विजातीय भेद-शून्य तथा जीव और जगत् को लेकर क्रमशः सजातीय, विजातीय भेद सहित है।" वैशेषिकों के आकाशादि द्रव्य भी इस तरह त्रिविध भेद रहित और द्विविध भेद सहित सिद्ध होते हैं। सांख्योक्त स्वाभिमत प्रकृति और ईश्वर दोनों ही सत्य और विभु होने से काल और देशकृत परिच्छेद शून्य हैं। फिर सजातीय, विजातीय और स्वगत-भेद शून्य या स्वगत-भेद शून्य कहकर आप किस भेद का वारण करना चाहती हैं ? यदि अवशिष्ट वस्तुकृत का ही, तब तो आप बहुत ही धन्यवाद के पात्र हैं, क्योंकि वस्तुकृत भेद साधने को ही वस्तुकृत भेद का वारण कहती हैं।

उनके शिष्य आकर भी सिद्ध नहीं कर सकते। श्री करपात्री जी के द्वारा जिस प्रकार सभी शास्त्रों का समन्वय[१५] किया गया है, वह अभी तक आपकी बुद्धि में क्यों नहीं आ रहा ? ॥१७७-१७९½॥

स्वामी दयानन्द ने सभी विद्वानों को गालियाँ दी हैं। श्री करपात्री ने ऐसा कहीं नहीं किया। स्वामी दयानन्द जी के द्वारा कठोर शब्दों की भरमार होने पर उन्होंने यदि एक-दो कठोर शब्दों का प्रयोग कर भी दिया तो आपको इतनी असूया क्यों ? ॥१८०-१८३॥

इतना भी उन्हें विवश होकर करना पड़ा। फिर भी उनकी यह कठोरता सत्यतागर्भित होनेसे अनुचित नहीं है ॥१८४॥

कहीं-कहीं इस प्रकारके जो आक्षेप किये गये हैं, वह जनता को सही मार्गदर्शन दिखाने के लिए और समझदारों को सन्तुष्ट करने के लिए हैं ॥ १८५-१८५½॥

वेदार्थपारिजात का नाम सुनते ही आपका प्यारा (दयानन्दजी का गुरु) चूहा मर गया और आपको भी बुखार आ गया। यह सब आपकी ही लिखी हुई घटना को हम याद दिला रहे हैं ॥१८६-१८७½॥

उन्नीसवीं शताब्दी में भारत की राजधानी दिल्ली में श्रीकरपात्रीजी के द्वारा प्रचुर धन-साध्य शतकोटि होमात्मक यज्ञ सम्पन्न हुआ था। उसमें आर्य समाजियों के लिए जो शास्त्रार्थ की घोषणा की गयी थी उसमें शास्त्रार्थमहारथी माधवाचार्यजी का हाथ था, करपात्रीजी का नहीं। उनके द्वारा शास्त्रार्थ की घोषणा लिखना मिथ्या है। मैं भी वहाँ प्रत्यक्षदर्शी और आयोजक था ॥१८८-१९१॥

आर्यसमाज के दोनों पण्डित व्यासदेव और हरिदत्त उस समय पराजय के

---

१५. **"समन्वयसाम्राज्यसंरक्षणम्", "भक्तिरसार्णवः"** नामक ग्रन्थ में तथा **"भक्ति-सुधा"** नामक ग्रन्थ के 'सर्वसिद्धान्तसमन्वय' और 'वेदान्तरसरहस्य' नामक निबन्ध में पूज्यपाद स्वामी श्री करपात्रीजी महाराज ने परोवरीयक्रम से चार्वाक से लेकर श्रीवल्लभाचार्यजी के सिद्धान्तों का तथा कर्मकाण्ड, उपासनाकाण्ड और ज्ञानकाण्ड-परक समस्त वचनों का जो हार्द और प्रामाणिक समन्वय प्रस्तुत किया है, वह किसी भी सहृदय विचारशील के लिए अमान्य नहीं हो सकता। ऐसे समन्वय-प्रिय सिद्धान्त-संरक्षक आगम-निगम सकलशास्त्रमर्मज्ञ श्री स्वामीजी के प्रति हीन भावना की अभिव्यक्ति आपकी मनःस्थिति को ही द्योतित करनेवाली है, उन महापुरुष के अपकर्ष को नहीं।

गर्त में गिरकर गोते खा रहे थे। माधवाचार्य शास्त्री की विजय हुई थी। उन्होंने व्यासदेव के कुतर्कों को काटकर रख दिया था। सनातनधर्म की इस विजय से श्रीकरपात्रीजी को प्रसन्नता अवश्य हुई। ऐसी स्थिति में निराशा का तो अवसर ही क्या था? 'दयानन्द के मत का खण्डन करने के लिए ही वेदार्थ-पारिजात की रचना हुई है' यह तो बहुत ही अनुचित कल्पना है। दयानन्द के ऊपर वृथा दोषारोपण करना, इस ग्रन्थ का ध्येय नहीं है। जिस प्रकार अन्याय वेदविरुद्ध मतों का खण्डन किया है, उसी प्रसङ्गमें दयानन्द के मतों का भी खण्डन किया है। श्रीमहीधर और श्रीउव्वटमत का मण्डन करते हुए दयानन्दजी के मत का खण्डन करना पड़ा। इस पारिजात में कहीं भी दयानन्दजीके अपूर्ण उद्धरण नहीं दिखाये गये हैं, न किन्हीं अंशों का परिवर्तन ही किया गया है। दयानन्दजी में विद्वत्ता का लेशमात्र भी नहीं था, इतनी बात अवश्य अभिव्यक्त हो गयी है। विद्वानों में उनकी प्रसिद्धि भी नहीं थी और मूर्खों की ख्याति से ईर्ष्या का होना निरर्थक है। इस प्रकार व्यर्थ दोषों की कल्पना करना ठीक नहीं ॥१९२-२००॥

इस प्रकार स्वामी दयानन्दजी पग-पग पर निग्रहीत हो रहे हैं और श्रीकरपात्रीजी को निग्रह स्थान में लाने के लिए आपके पास कोई उपाय नहीं है ॥२०१॥

सन् १९४४ में दिल्ली राजधानी में शतकोटि महायज्ञ सम्पन्न हुआ था। वहाँ लाखों मनुष्यों ने सनातन धर्म का जय-जयकार किया था। आप मिथ्या लिखने में इतने निपुण हैं कि थोड़ा भी संकोच न करके इसके विपरीत आर्य-समाज की जय की बात लिख रहे हैं (पृ० ४४) ॥२०२-२०३॥

श्रीकरपात्रजी की विद्वत्ता को कौन नहीं जानता? उनको भाषणशैली और ग्रन्थ-लेखन शैली विश्वविदित है। इसलिए श्रीदयानन्द के ऊपर मिथ्या आरोप करने के लिए और उनके दोष दिखलाने के ध्येय से यह ग्रन्थ नहीं लिखा गया है। केवल वेद विरुद्ध जितना असत्य अंश है, उनका खण्डन किया है ॥२०४-२०६॥

श्रीउव्वट और महीधर के भाष्य में कहीं भी अनौचित्य नहीं है। श्रीकर-पात्रीजी ने इन सब बातों को अच्छी तरह सिद्ध किया है। स्वामी दयानन्दजी के सभी उद्धरण मिथ्या हैं। आपने श्रीकरपात्रीजी पर जो यह दोषारोपण किया है कि 'दयानन्द के उद्धृत अंशों की तोड़-फोड़ की है और ईर्ष्या के कारण प्रसिद्धि पाने के लिए यह सब कुछ किया है।' (पृ० ४५) यह सब बातें आप पर ही लागू होती हैं ॥२०७-२०९॥

सहस्रों वर्षोंतक भी आपको पुराणों में कोई गप्प (पृ० ४५) नहीं मिल सकती। उनमें जो कुछ भी लिखा है, वह सत्य है और वेदानुमोदित है। अब हम स्वामी दयानन्दजी के ग्रन्थों में गप्पाष्टक दिखलाते हैं। प्रह्लाद के चरित्र का वर्णन करते हुए भी स्वामीजी ने स्तम्भ पर चीटियाँ चलती लिखी हैं, जिसका किसी भी पुराण में उल्लेख नहीं है। कबीरजी और नानकजी का नाम देकर उनके ग्रन्थों में 'वेद पढ़त ब्रह्मा मरे' यह लिखा है; किन्तु उनके ग्रन्थों में यह कहीं भी नहीं लिखा है ॥२१०-२१३॥

श्री स्वामी करपात्रीजी महाराजने वेदार्थपारिजात की रचना में किसी पण्डित की बौद्धिक सहायता नहीं ली। ग्रन्थ लिखने में उपयोगी सामग्री जुटाने, प्रेसकापी तैयार करने, स्थल ढूँढ़ने, अनुवाद करने, प्रूफ देखने और भूमिका लिखने वालों का नाम उनकी कीर्ति के लिए लिख दिया। इससे उनकी दयालुता ही सिद्ध होती है ॥२१४-२१५॥

आपने अपने कल्पद्रुम में जो अनेकों बार इस बात को दुहराया है कि श्री स्वामी करपात्रीजी ने स्वामी दयानन्दजी को गालियाँ दी हैं, सो यह बात बिल्कुल असत्य है। केवल कहीं-कहीं 'धृष्ट' शब्द का प्रयोग कर दिया है। किन्तु आप मेरठ से प्रकाशित **'दयानन्द गालिपुराण'** पुस्तक में दयानन्दजी के द्वारा पूर्वाचार्यों को दी गयीं गालियों का संकलन देखें, एक-दो माला बन गयीं हैं। **'कृत प्रति कृतन्याय'** से श्री स्वामी करपात्रीजी का स्वामी दयानन्दजी के प्रति इस प्रकार बोल देना अनुचित नहीं है। कल्पद्रुम के लेखक ने भी गाली देने में कोई कमी नहीं की है ॥२१६-२१९½॥

'वेदार्थपारिजात' को न समझने के कारण आपने जो यज्ञ के विषय में लिखा है कि इसका फल जलवायु आदि की शुद्धि है, सो यह बात दयानन्दजी को छोड़कर किसी ने भी आजतक नहीं मानी; क्योंकि वैदिक पद्धति के अनुसार देवताओं की तृप्ति ही यज्ञ का फल है, जिससे प्रसन्न होकर देवता यजमान को वाञ्छित फल देते हैं। 'जलवायु की शुद्धि' अवान्तर फल भी नहीं है, मुख्य फल तो है ही नहीं। स्वामी दयानन्दजी के ग्रन्थों को छोड़कर 'जलवायु की शुद्धि यज्ञ का फल' कहीं (किसी शास्त्र में) आपको मिला हो तो उसे आप क्यों नहीं प्रकट करते ?[१६] दयानन्दजीके मिथ्या भाषण का एकमात्र यह उदाहरण

---

१६. आपके मत में सुगन्धित-द्रव्य के समान दुर्गन्धिसे युक्त द्रव्य का भी अत्यन्त विनाश नहीं हो सकता, तब उसका निवारण कैसे होगा ? प्रयाग, हरिद्वार आदि में कुम्भ

पर्याप्त है। इसका समाधान करने का सामर्थ्य किसी आर्यसमाजी में हो तो सामने आये ॥२२०-२२६॥

स्वामी दयानन्द ने 'यज्ञ' को वेदार्थक माना है। 'यज्ञ' (वेद) के कर्ता ऋषि नहीं हैं' यह लिखकर व्यासजी को ऋषि होने के कारण वेद के कर्ता होने से हटा दिया है। यदि उन्हें वेद का कर्ता माना जायगा तो वे ऋषि कोटि में नहीं आ सकेंगे ॥२२७-२२७½॥

"गोवलीवर्दन्याय" में तो स्त्रीलिङ्ग और पुल्लिङ्ग का विवरण किया गया है। जाति के एकत्व की उसमें कोई सम्भावना नहीं है। इस न्याय की अपनी अनभिज्ञता आपने 'वेदार्थपारिजात' के लेखक पर सौंपी है। यही आपकी धृष्टता है ॥ २२८-२२९½॥

"ब्राह्मण वसिष्ठ न्याय" से भी आपके कथनानुसार वेदव्यास को ऋषि नहीं कहा जा सकता। क्योंकि स्वामी दयानन्दजी ने वेदव्यासजी को ऋषियों में परिगणित नहीं किया है। 'ब्राह्मणवसिष्ठन्याय' का अर्थ यह है कि अन्य ब्राह्मणों की अपेक्षा वसिष्ठ विशिष्ट (ऋषि) हैं। स्वामी दयानन्दजी ने तो ऋषियों का परिगणन करके वेदव्यासजी को अलग लिखा है; अतः स्वामी दयानन्दजी के अनुसार वेदव्यास ऋषि नहीं हो सकते। यदि ऋषि मानेंगे तो उनके किये गये संहिता के व्यास (विभाग) को भी आपको मानना पड़ेगा। इस तरह आप अब 'उभयतः पाशा-रज्जु' के चक्कर में हैं ॥२३०-२३०½॥

स्वामी दयानन्दजी ने लिखा है कि 'ईश्वरीय ज्ञान के मध्य में रहनेवाली वेदविद्या की प्रेरणा ईश्वर के द्वारा ऋषियों के हृदय में हुई।' आप अब इस बात पर विचार कीजिये कि यदि ईश्वर के ज्ञान का कोई मध्य है तो उसका आदि और अन्त भी होगा। क्या ईश्वरीय ज्ञान कोई मूर्त पदार्थ है, जिसका आदि, मध्य और अन्त होना चाहिए! दूसरी बात यह है कि ईश्वरीय ज्ञान ईश्वर में ही समवाय सम्बन्ध से रह सकता है, उसे अन्यत्र समवाय सम्बन्ध से पहुँचाना कैसे संभव है? ॥२३१-२३१½॥

मेले के अवसर पर लाखों आदमी जुटते हैं और बहुत-से यज्ञ भी होते हैं, तो भी आधुनिक-पद्धति से चूना, फिनाइल आदि के प्रयोग के विना यज्ञमात्र से दुर्गन्धि दूर नहीं होती। आजकल के वैज्ञानिकों ने छिड़कने के लिए पाउडर, तेल आदि का आविष्कार किया है जिससे कि विषाक्त कीटाणु, मक्खी, मच्छर आदि नष्ट हो जाते हैं। उनके लिए वेद में उपदिष्ट होना आदि का अनुष्ठान व्यर्थ है।

इसके उमाधान के लिए आदि, मध्य और अन्त इन शब्दों के अर्थ की मनगढ़न्त कल्पना उचित नहीं। मनगढ़न्त अर्थ करने में स्वामी दयानन्द बहुत प्रवीण थे। मिश्रजीने ऐसी बातों के उठाने को लघुता कहा है। ऐसा कहने से क्या समाधान होगा? यह लिखना केवल आपका प्रयासमात्र हुआ। ऐसी निःसार बातें लिखने में आपका ही बचपन जाहिर हो रहा है ॥२३२-२३५॥

यहाँ **'त्रयः'** यह पद व्याहृति का विशेषण नहीं है। पिछले दो वाक्यों में जो **'सारभूता'** यह पद आया है, उसका यह पुल्लिङ्ग विशेषण है। ॥२३६-२३७½॥

'छन्दो पदं' की जो आपने अशुद्धि निकाली है, वह ठीक नहीं; क्योंकि इसके आगे ही **'छन्दः पदेन'** ऐसा लिखा हुआ है। इस पर भी आप दृष्टि डाल देते तो 'छन्दो पदं' तो इस पद को मुद्रण का दोष मान ही लेना चाहिए था। अथवा यह आपका स्वभाव ही है कि जेसे कौवा भरे हुए तालाब के किनारे पर रखे हुए घड़े के पानी को पीता है, तालाब के पानी को नहीं पीता ॥२३८-२४१॥

'मुसल्गाँवकर, पद में लकार हल् है। इस लिये आठ ही अक्षर हैं, नौ नहीं। यदि कहीं नौ अक्षर हो भी जाँय तो भी छन्दों में कहीं-कहीं न्यूनता-अधिकता भी मानी गयी है। **'श्लोके षष्ठ गुरु ज्ञेयं', 'पञ्चमं लघु सर्वत्र'** इन दोनों लक्षणों में आठ अक्षरों का होना लिखा भी नहीं है। **'मदनुग्रहाय परमं'** भगवद्गीता के इस ग्यारहवें अध्याय के प्रथम श्लोक के चरण में नौ अक्षर हैं और पाचवाँ अक्षर दीर्घ भी है। इस प्रकार के हजारों श्लोक रामायण, महा भारत और पुराणों में हैं, जिनमें नौ अक्षर हैं और पाचवाँ दीर्घ है। वेद मन्त्रों में तो अक्षरों की ह्रस्वता-दीर्घता, अक्षरों की न्यूनना-अधिकता नियमानुकूल मानी गयी है। सायणादि आचार्यों ने किसी छन्द में दो-दो अक्षरों की न्यूनता को भी सही माना है और अधिक अक्षरों को भी सही माना है। यदि कहा जाय कि भारत, भागवत, रामायणादि ग्रन्थ आर्ष हैं, इस लिये वहाँ छन्द दोष नहीं, तो यह भी ठीक नहीं; क्योंकि 'कथासरित् सागर' आदि काव्यों में भी ऐसे श्लोकों की भरमार है, जिनमें सात और नौ अक्षर[१७] हैं तथा पञ्चमाक्षर दीर्घ हैं। इस

---

१७. वार्तिककार श्री सुरेश्वराचार्य का एक श्लोक इसी सन्दर्भ में उद्धृत किया जाता है—

"उपलक्षणं वा तद्ग्राह्यं ब्राह्मणग्रहणं श्रुतौ।
ब्राह्मणस्य प्रधानत्वाद् युक्तं तदुपलक्षणम् ॥"

(बृ० वार्तिक १.४.१६५३)

प्रकार लोक और वेद से सिद्ध एकाक्षराधिक्य छन्द का दोष नहीं कहा जा सकता। इस प्रकार काव्यदोषों की परीक्षा भी समाप्त हुई ॥२४२-२५५½॥

'अस्माभिर्ग्रथितस्यास्य' इस वाक्य में **'अस्य'** यह पद स्पष्ट ही ग्रन्थ का विशेषण है, प्रकृत और प्रसिद्ध होने के कारण वैसे भी इसका निश्चय हो सकता था यहाँ तो 'ग्रथितस्य' इस पद के पास ही यह है। इसको **'अभवन्मत सम्बन्ध'** कहना तो बहुत ही अनुचित है। इसके आगे **'देववाणी-मयस्य'** यह पद है, इससे भी ग्रन्थ की ही उपस्थिति हो रही है। देववाणीमय ग्रन्थ' यहाँ विधेय हो रहा है, इसलिये 'विधेयाविमर्शदोष' की कल्पना यहाँ हो ही नहीं सकती। अर्थात् 'अस्य' यह 'देववाणीमयग्रन्थ' का विशेषण है; अतः 'देववाणीमयग्रन्थ' विधेय है। यह बात विद्वान् लोग अच्छी तरह समझ सकते हैं। फिर 'विधेयाविमर्शदोष' की कल्पना मिथ्या है। यह आपको समझ में क्यों नहीं आता? **'भवेत्'** इस क्रिया का कर्ता **'हिन्दीमय'** है। मूल संस्कृत में 'स' और 'च' से यह भी स्पष्ट ही है। 'स' शब्द वाच्य 'आधार' भी स्पष्ट ही है ॥२५६-२६२½॥

आधार के तीन भेद हैं। अभिव्यापक, जैसे **'सर्वस्मिन्नात्मास्ति'** = 'सब जगह आत्मा है', (२) औपश्लेषिक, जैसे, **'कटे आस्ते'**, **'पचेत् स्थाल्यां'**='चटाई पर बैठा है', 'थाली में पका रहा है', (३) वैषयिक, जैसे **'मोक्षेच्छा'**—इच्छा का विषय मोक्ष है। ये तीनों उदाहरण तीनों आधार के हैं ॥२६४-२६५½॥

इनका परस्पर विरोध भी है। इसलिये ग्रन्थकारों ने और टीका कार और टीकाकारों ने जब पूछा कि दयानन्द कृत यह कौन-सी सप्तमी है तो कहना चाहिये था कि विषय सप्तमी है, लेकिन क्या करे बेचारा व्याकरण तो जानता ही नहीं ॥२६६-२६८॥

नेयार्थ; न्यूनपदता, भ्रष्टता, विचित्रता ये काव्य के दोष वेदार्थपारिजात में नहीं हैं, कल्पद्रुम में ये सब हैं।

'वेदार्थपारिजात' में श्री करपात्री जी ने जो प्रमाण दिये हैं, वे सब सत्य हैं। श्री दयानन्द जी की ऋग्वेदादि भाष्य-भूमिका में सब असत्य हैं ॥२६९॥

श्री करपात्री जी ने दयानन्द के सभी प्रमाणों को निराधार कर दिया है। श्री दयानन्द जी ने तो निरुक्त का स्पर्शमात्र किया है। ब्राह्मण भाग को न मानकर और व्याकरण को न जानकर उनका कहीं उद्धरण नहीं दिया है। 'वेदार्थपारिजात' तो निरुक्त, प्रातिशाख्य, ब्राह्मणग्रन्थ, सर्वानुक्रमणी, व्याकरण,

श्रौतसूत्र, गृह्यसूत्र और श्री सायणादि के मत तथा इतिहास, पुराणादि सभी अङ्गों और उपाङ्गों पर ठोक विचार करके लिखा गया है। इस लिये श्री करपात्री जी के ग्रन्थ का महत्त्व स्पष्ट है ॥२७०-२७५॥

'गणेशाय', 'सरस्वत्यै' यहाँ जो आपने विसर्गों की अशुद्धि कही है, स्पष्ट ही मुद्रण का दोष है; क्योंकि मुद्रक अपते मन से भी शब्दों की कल्पना कर लेते हैं। जैसे 'ईश्वर की रचना' के स्थान पर 'नो (९) सेर चना' इत्यादि। इस लिये यह ग्रन्थकार का दोष नहीं है। अथवा ये विसर्ग नहीं हैं, दो शून्य हैं। मन्द वुद्धि के लिये पद का भेद दिखलाने के लिये ऐसा जान-मान कर किया गया है। इसका अर्थ है गणेश ब्रह्म है। प्रकृति सरस्वती है। उनसे भिन्न सब शून्य हैं; कुछ नहीं है। इसी बात को बतलाने के लिये चार शून्य रखे गये हैं ॥२७६-२८०॥

'साक्ष्यत्वात्' इस पद में जो आपने 'त्वल्' प्रत्यय बताया है, वह तो कहीं श्री करपात्री जी ने नहीं लिखा है। क्या आपने कहीं देखा है? 'त्वल्' प्रत्यय तो होता ही नहीं, तल् प्रत्यय होता है ॥२८१-२८१॥

'महर्षि' और 'अङ्गिरा' इन दोनो पदों में शुद्ध षष्ठी विभक्ति है। यह सम्बन्ध-षष्ठी सभी कारकों से बलवान् होती है ॥२८२-२८३॥

'परम्परा से प्राप्त विद्या सुदृढ़ होती है' यह बात शौनक जी ने ही कही है। यहाँ कर्ता एक ही है। 'क्त्वा' प्रत्यय के दो कर्ता होने का जो आपने आक्षेप किया है, वह तो किसी प्रकार सङ्गत नहीं होता। क्त्वा' प्रत्यय के सम्बन्ध में आपको स्वयं ही स्वामी दयानन्द जी के वैदुष्य पर विचार करना चाहिये। अङ्गिरा को ब्रह्मविद्या दी थी' यह बात न मूल में कहीं कही गयी है न टीका में ही। वस्तुस्थिति यही है कि टीका या मूल में शौनक को कहीं पर भी 'वक्ता' नहीं कहा गया है, केवल आपने ही अपनी मन्दबुद्धि से और दोष दर्शन की दृष्टि से ऐसा कहा है। (पृ० ४७) भारद्वाज को प्रश्न का कर्ता कहना भी मिथ्या है। करपात्री जीने तो केवल एक शौनक को ही कर्ता माना है। "हे ब्रह्मन्! आपने जो ब्रह्मविद्या परम्परा से प्राप्त की है, उसका उपदेश मुझको भी कीजिये।" ऐसा शौनक ने कहा[१८] है ॥२८४-२९१॥

---

१८. अथवा श्रुति जिज्ञासुओं का परम कल्याण चाहती है। वह श्रोताओं को सुगमता पूर्वक वस्तु स्थिति हृदयङ्गम कराने के अभिप्राय से आख्यायिका को प्रस्तुत करती है। यह बात दूसरी है कि श्रौत शब्दों के अनुसार घटना घटित होती रहती है।

स्वामी दयानन्द के सिद्धान्त से प्रेम करने वाले मिश्र जी ! आप इस बात पर और भी ध्यान दीजिए कि स्वामी दयानन्द जी ने केवल वेदों को ही प्रमाण माना है और उनमें भी केवल चार संहिताओं को ही 'वेद' कहा है। उन चार संहिताओं से भिन्न संहिताओं को प्रमाण नहीं माना है। ऐसा होने पर भी अर्थ करते समय उनको प्रमाण मान लिया। इस प्रकार परस्पर विरुद्धोक्ति स्पष्ट है। यह आपका निग्रह स्थान है। जिनका प्रामाण्य स्वीकार नहीं किया, उनका फिर प्रामाण्य मान लेना, नितान्त असङ्गत है। यदि आप उनको अप्रमाण मान चुके हैं तो उनके द्वारा आपकी स्वार्थ सिद्धि कैसे हो सकती है ? यदि ऐसा कहें कि 'वेदानुकूल होने से वे ग्रन्थ भी शुद्ध वेदार्थ हैं।' तो आप कहिये कि वे वेदानुकूल

श्री भवभूति के अनुसार जब विशिष्ट ऋषियों की वाणी भी बिना अर्थ की अपेक्षा के भूत, वर्तमान और भविष्य का बोध कराती हैं तो परमेश्वर के निःश्वास वेदों को भूत, वर्तमान और भविष्य का बोधक मानने में क्या आपत्ति है ? यह तथ्य तो **'कैमुतिकन्याय'** से सिद्ध है। ऐतिहासिक व्यक्तियों की अनित्यता होने पर भी विभिन्न कल्पों के उस-उस व्यक्ति में वर्तमान जाति तो नित्य ही है। इसी दृष्टि से शब्द और अर्थ के सम्बन्ध की नित्यता बन जाती है। अर्थवाद वाक्यों का परम तात्पर्य विधि की स्तुति-निन्दा आदि में रहने पर भी अवान्तर तात्पर्य रचना में रहता ही है। इसी लिये विरोध में **'गुणवाद'** अवधारण में **'अनुवाद'** और अतीत अथवा भूत यथार्थ में **'भूतार्थवाद'** मान्य है—

"विरोधे गुणवादः स्यादपवादोऽवधारिते।
भूतार्थवादस्तद्धानादर्थवादस्त्रिधा मतः॥

'भूः' आदि शब्दोच्चारण पूर्वक ईश्वर ने 'भूः' आदि लोकों की रचना की। **'स भूरिति व्याहरत्स भूमिमसृजत'** (तै० ब्रा० २.२.४.२) यह तथ्य उक्त श्रुतियों, मन्वादि स्मृतियों और ब्रह्मसूत्रों से सिद्ध है। द्रष्टव्य ब्रह्मसूत्र १.३.२६-३३ देवताधिकरण शाङ्कर भाष्य, मनुस्मृति १.२१, महा० शा० २३२; इसी से हम वेदों में ऐतिह्य तथ्य का भी समर्थन करते हैं। मनु स्मृति में स्पष्ट ही बताया गया है कि कि भूत, वर्तमान और भविष्य सब कुछ वेदों से सिद्ध होता है—

"भूतं भव्यं भविष्यच्च सर्वं वेदात्प्रसिद्धयति" (मनु० १२.९७)

इसी दृष्टि से हम ऐसा भी मानते हैं कि 'क्त्वा' प्रत्यय को अपेक्षित एक कर्ता की सिद्धि श्रुति को वंश-परम्परा का और शौनक के रूप में प्रश्नों का कर्ता मानकर हो जाती है।

किस प्रकार हैं ? यदि ऐसा कहें कि 'उनसे भिन्न वेदमन्त्रों के अर्थ का सादृश्य उनमें मिलता है, इस लिये वे भी वेदानुकूल हैं' तो फिर यह बतलाइये कि जिन वेदमन्त्रों के अर्थ का ज्ञान प्राप्त करने के लिये उन ग्रन्थों के अर्थज्ञान की आवश्यकता को स्वीकार किया और वेदार्थ का ज्ञान होने पर ही उनके सादृश्य का ज्ञान होगा। अर्थ सादृश्य का ज्ञान होने पर उनमें प्रामाण्य की सिद्धि होगी, प्रामाण्य की सिद्धि होने पर उनसे वेदार्थ का बोध होगा। सादृश्य का बोध होने पर उनमें वेदानुकूलता का ज्ञान होगा। इस प्रकार वेदों के अर्थ का ज्ञान प्राप्त करने के लिये अन्योन्याश्रय, चक्रक, अनवस्था आदि दोषों का निराकरण न होने से आप तो वेदों से ही हाथ धो बैठे। जब वेद ही नहीं रहे तो वेदार्थ का बना बनाया आपका महल ढह गया ॥२९२-३०४½॥

श्री करपात्री जी ने तो पूर्वाचार्यों की शैली का आदर करते हुए तो कुछ लिखा है, वह सब यथार्थ है ॥३०५-३०५½॥

'जमदग्नि' आदि शब्दों में जो यौगिक अर्थ करने का आपका आग्रह है (पृ० ५०) वह भी मिथ्या है। आप इस बात को क्यों नहीं समझते कि रूढार्थ स्वीकार करने पर भी वेदों में अनित्यता नहीं आती। यह बात हम अनेक बार कह चुके हैं कि वेदों के द्वारा भविष्यत्-अर्थ की भी सूचना दी जाती है। **'वृत्र'** शब्द का **'मेघ'** अर्थ करने पर और **'जमदग्नि'** शब्द का **'चक्षु'** अर्थ करने पर और कश्यप का भी वैसा ही अर्थ करने पर क्या वेदों की नित्यता बाधित नहीं होती ? क्योंकि न मेघ नित्य है और न चक्षु ही नित्य[१९] हैं। यदि

---

१९. "**चक्षुर्वै जमदग्निः**' (श० ८.१.२.३), '**कश्यपो वै कूर्माः**' (श० ७.५.१.५), '**प्राणो वै कूर्मः**' (श० ७.५.१.७) = 'चक्षु ही जमदग्नि है,' 'कूर्म ही कश्यप हैं', 'प्राण ही कश्यप हैं', '**को वृत्रः मेघ इति**' (नि० २.६)='वृत्र कौन है ? मेघ' इन प्रमाणों से चक्षु और प्राण की ही जमदग्नि और कश्यप संज्ञा है, किसी देहधारी की नहीं।" यह धारणा अत्यन्त तुच्छ है। जैसे कि '**योषा वा अग्नि गौतम**' (बृह० ६.२.१३)='हे गौतम ! यह स्त्री ही अग्नि है।' इस श्रुति में गौणी वृत्ति से स्त्री में अग्नि शब्द का प्रयोग है, वैसे ही चक्षु आदि में जमदग्नि आदि शब्दों का प्रयोग गौणी वृत्ति से है। जैसे स्त्री में अग्नि शब्द का प्रयोग करने पर भी मुख्य अग्नि का अपलाप नहीं होता, वैसे ही चक्षु आदि में जमदग्नि पद का प्रयोग होने पर भी मुख्य जमदग्नि आदि ऋषियों का अपलाप नहीं होता। अथवा जैसे

प्रवाह नित्यता स्वीकार करनी है तो इन शब्दों का 'ऋषि' रूप रूढ अर्थ स्वीकार करने पर भी नित्यता बाधित नहीं होती ॥३०६-३१०॥

'यथा पूर्वमकल्पयत्' (ऋ० सं० १०.१९०.३) इस श्रुति के अनुसार प्रत्येक कल्प में यथापूर्व ही सृष्टि की कल्पना होती है। 'शरीर और उसके नेत्रादि अवयव अनित्य हैं[२०]', इतना भी आप क्यों नहीं जान पाते? ॥३११-३११½॥

प्रसिद्ध रूढार्थ को छोड़कर अप्रसिद्ध यौगिकार्थ का ग्रहण ठीक नहीं। स्वामी दयानन्द के पूर्ववर्ती सभी आचार्यों ने रूढार्थ का ही ग्रहण किया है। ब्राह्मण ग्रन्थ में जगदग्नि शब्द और प्राण शब्द की व्याख्या भी विरुद्ध नहीं है। क्योंकि योग की महिमा से और तप के प्रभाव से विशिष्ट ज्ञान नेत्रों वाले ब्रह्मर्षि

'वागेवाथर्वेदो मनो यजुर्वेदः प्राणः सामवेदः' (श० १४.४.३.१२)='वाणी ही ऋग्वेद है, मन यजुर्वेद है, प्राण सामवेद है।' इत्यादि स्थलों में वाणी आदि में ऋग्वेद आदि पदों को प्रयुक्त किये जाने पर भी ऋग्वेद आदि का अपलाप नहीं होता। निरुक्त ने ७.२४ भी कहा है **'बहु भक्तिवादीनि ब्राह्मणानि भवन्ति अग्निर्वै वैश्वानरः संवत्सरो वैश्वानरो ब्राह्मणो वैश्वानरः'** (नि० ७.२४)

२०. सांख्यों और वेदान्तियों के मत में ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय, प्राण और अन्तःकरण रूप सूक्ष्म-शरीर भी कार्य होने से अनित्य हैं। ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रियों की गोलकें जिस प्रकार स्थूल-शरीर के अङ्ग-अवयव हैं, उसी प्रकार ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रियादि सूक्ष्म शरीर के। सांख्यों के मत में ज्ञानेन्द्रिय, कर्मेन्द्रिय, प्राण और मन आहङ्कारिक हैं, जबकि वेदान्तियों के मन में अपञ्चीकृत पञ्च महाभूतों के कार्य होने से भौतिक। नैयायियकों के मत में ज्ञानेन्द्रिय सहित मन को सूक्ष्म शरीर माना जा सकता है। त्वक्, नेत्र, रसन और घ्राण उनके मत में वायु, तेज, जल और पृथिवी के परमाणुओं के कार्य होने से भौतिक और अनित्य हैं। मन न भौतिक है, न भूतात्मक। अणु परिमाणपरिमित स्वतन्त्र द्रव्य हैं। श्रोत्रेन्द्रिय आकाशात्मक ही है। इस प्रकार सांख्य और वेदान्त-मत में चक्षु आदि करणों की अनित्यता स्पष्ट है। इनका चरम उपादान अव्यक्त (त्रिगुणात्मक प्रधान या चिदधिष्ठित माया शक्ति) भी कैवल्य प्राप्त कृतार्थ योगी और ज्ञानी के प्रति नष्ट हो जाता है। न्यायनय के अनुसार भी आत्मेन्द्रिय संयोग अनित्य ही है। चक्षु और प्राणों की अनित्यता सर्व मान्य है ही।

जमदग्नि ही द्रष्टा हो सकते हैं, जड़ नेत्र नहीं। इस लिये हमारे स्वामी श्री करपात्री जी की व्याख्या ब्राह्मण वाक्यों के विरुद्ध नहीं है[२१] ॥३१२-३१७॥

वैदिक वाक्यों में श्रुतिरूप अर्थवाद की विवक्षा से यहाँ ब्राह्मण वाक्य में ऋषि को ही महान् चक्षु रूप कहा है। इस लिये हमारे मत में चेतन ऋषि की स्तुति है न कि जड़ चक्षु की। आप जड़ चक्षु की स्तुति करते हैं, इस लिये जड़वादी हैं। हम चेतन को स्तुति करने वाले चेतन वादी हैं। यह आपकी मान्यता ही आपको निग्रह स्थान में ला रही है ॥३१८-३२०॥

---

२१. भाक्तप्रयोग की बात बहुभक्तिवादीनि ब्राह्मणानि भवन्ति' इस निरुक्त (७.२४) वचन के अनुसार पहले कह दी गयी। अब हम आपसे पूछते हैं, क्या अग्नि में अग्नि बुद्धि तुल्य चक्षु में जमदग्नि बुद्धि मुख्य है अथवा रज्जु में सर्प बुद्धि तुल्य मिथ्या ? जहाँ भेद न हो पर भासे वहाँ मुख्य और जहाँ भेद हो पर न भासे, वहाँ मिथ्या शब्द का प्रयोग होता है। यदि 'चक्षु' में जमदग्नि बुद्धि मुख्य है तब तो वाक् में ऋग्वेद, मन में यजुर्वेद और प्राण में सामवेद बुद्धि (श० १४.४.३.१२) स्त्री में अग्नि, ब्राह्मण में और संवत्सर में वैश्वानर—बुद्धि भी मुख्य मान्य होगी। ऐसा मानने पर तो वेदपाठ आदि सब व्यर्थ ही सिद्ध होंगे। स्त्री और अग्नि में, ब्राह्मण और वैश्वानर में शब्द, प्रत्यय, कार्य (अर्थक्रियाकारित्व) और प्रतीति सिद्ध भेद भी विध्वस्त होगा। यदि चक्षु में जमदग्नि रज्जु में सर्पवत् मिथ्या है, तब तो चक्षु में देवदत्तादि तथा अग्नि में स्त्री आदि के मिथ्यात्व की भी प्रसक्ति होगी। उक्त दोनों मतों को मानने पर तो अजातवाद और विवर्तवाद मानने के लिये आप बाध्य होंगे। फिर तो आपका त्रैतवाद ही ढह जायगा। ऐसी स्थिति में पुत्रादि को आत्मा मानने के समान चक्षु को जमदग्नि मानना 'गौण' ही सिद्ध होता है। केवल चक्षु में द्रष्टृत्व असिद्ध है। कदाचित् चक्षु, प्राणादि का चेतन अर्थ कर भी लें तो चक्षु, प्राणादि का भेद ही लुप्त हो जायगा। मेघादि का अर्थ भी मेघादि कर्ता चेतन मानने पर सर्वत्र लक्षणा की प्रसक्ति होगी। इतना ही नहीं, कर्तृत्व को विक्रिया मानकर अन्ततोगत्वा चिद्रूप ब्रह्मात्म तत्त्व में ही लक्षणा की प्राप्ति होगी। फिर तो सम्पूर्ण वेदों और वेदप्रतिपाद्य पदार्थों का पर्यवसान ब्रह्मात्मतत्त्व में ही मान्य होगा। इसके लिये बाध सामानाधिकरण्य और मुख्य सामानाधिकरण्य की प्रक्रिया को अङ्गीकार करना भी अनिवार्य होगा। फिर तो शाङ्करसिद्धान्त ही प्राप्त होगा। इससे बचने के लिये यदि आप चक्षु को जमदग्नि गौणरीति से मानें तो भी आपका मत मण्डित हुआ।

श्री दयानन्द के सभी अर्थ अर्थाभास हैं। तदनुसारी आपका कल्पद्रुम भी व्यर्थ है। इसका खण्डन भी व्यर्थ है। फिर भी हम आपकी सन्तुष्टि के लिये ग्रन्थानुक्रमणी खण्ड का खण्डन न करके लीला पूर्वक इसके प्रधान विषय का खण्डन करते हैं ॥३२१-३२३॥

वेदार्थपारिजातभाष्यवार्तिकम्

वार्तिकानुवादः

॥ श्रीः ॥

वेदार्थपारिजातभाष्यवार्तिकम्

वार्तिकानुवादः

प्रभु—परमात्माने ऋषियोंके हृदयमें वेदार्थको प्रकाशित (पृ० १) नहीं किया—अपितु ब्रह्माजीके हृदयमें किया। **यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं'** यह श्रुति उक्त अर्थको स्पष्ट कर रही है (श्वेता० ६.१५)। **'अग्निर्देवता'** (वा० सं० १४.२०) आदि मन्त्रोंमें अग्निशब्द देवतावाचक है, ऋषिवाचक नहीं। पारदर्शी विद्वानोंके लेख कभी अशुद्ध नहीं हो सकते ॥ १–३ ॥

आप यह भी समझिये कि वेद यदि अनादि है तो उनका कोई कर्ता कैसे हो सकता है? आपके भी ऐसा मानने पर इष्टसिद्धि कैसे हो सकती है ॥ ४ ॥

यौगिकी पद्धतिका खण्डन तो हमने उपोद्घातमें ही विशेषरूपसे कर दिया है; क्योंकि इस पद्धतिसे सभी शब्दार्थ घोटालेमें पड़ जायेंगे। निरुक्त में सर्वप्रथम 'गो' शब्दका यौगिक अर्थ है **'गच्छति'** = जानेवाला। बैठी हुई या खड़ी हुई गायमें यह अर्थ कैसे घटित होगा? रूढार्थं माने बिना घट-पट आदि सभी सब्दोंके अर्थोंमें गड़बड़ी होगी ॥ ५–८ ॥

'वेदोंमें इतिहास मानने पर भी उनकी नित्यता नहीं बाधित होती।' यह बात कई बार कही जा चुकी है। वही आल्हा अलापते रहनेसे क्या लाभ? इस प्रकार सभी प्राचीन भाष्य ठीक हैं। उनसे विरुद्ध स्वामी दयानन्दका भाष्य सर्वथा दूषित है ॥ ९–१० ॥

ऐसे दूषित भाष्यके निर्माता स्वामी दयानन्द कभी हरिके सुपुत्र नहीं हो सकते। न वे दयालु हैं, न शान्तिके इच्छुक हैं। स्वर्ग उनको और आपको—दोनोंको, इष्ट नहीं है ॥ ११ ॥

आपके स्वामी दयानन्द कोरे कुतर्की हैं, दार्शनिक ज्ञानसे भी शून्य हैं। इन्हें वेदोंके सिद्धान्तका पता ही नहीं। वैदिकधर्म के भक्षण करनेवालों में ही उनकी प्रसिद्धि है ॥ १२ ॥

आपने जो दयानन्दकी प्रशंसाके पुल बाँधे हैं, वे निरर्थक हैं। इस विषय के खण्डनमें रुचि न होने पर भी हमको कुछ कहना ही पड़ रहा है। नरक-चतुर्दशीके दिन उनकी परलोक यात्रा प्रारम्भ हुई थी। लोगोंको भ्रममें डालने के लिये आपने उनकी परलोकयात्राका दिन दीपावली लिखा है ॥ १३-१४ ॥

इनकी भाष्यभूमिका भी सायणादि आचार्योंके विरुद्ध होनेसे विद्वानोंमें मान्य नहीं है ॥ १५ ॥

महामहिम श्री करपात्रीजीने कभी निरर्गल भाषण नहीं किया। कभी उन्होंने अपनी प्रशंसा नहीं चाही। उनकी वाणीमें, उनके लेखनमें कहीं कुतर्क नहीं है। गम्भीर अभिप्रायोंसे भरे उनके ग्रन्थसमुद्र आपने देखे ही नहीं हैं। देख लेने पर (अनुदर्शन और अनुशीलन करने पर) उनके खण्डनका आप कभी भी दुःसाहस न कर पाते। ऐसे ग्रन्थ न हुए न हो सकेंगे ॥ १६-१७ ॥

निरर्थक गालियोंसे भरे दयानन्दके अनुयायी आपकी वाणी में भी गालियोंकी भरमार है। जो स्वयम् जैसा होता है, वैसा ही औरोंको भी समझता है। आपने जो श्रीकरपात्रीजीके लिये अपशब्दोंका प्रयोग किया है इससे उनकी कोई हानि नहीं है, आपकी ही अन्तर्दृष्टिका पता लग रहा है ॥ १८-१९ ॥

इस बीसवीं शताब्दीमें अद्‌भुत वाणीकी गरिमाको लेकर प्रकट हुए, तीनों लोकोंके पण्डितोंके सिरमौर, समस्त शास्त्रोंके विचार-विनिमयमें कुशल, सर्वत्र अपराजित श्रीकरपात्रीजीके लिए आपने जो गालियाँ दी हैं, वे आपके ही मुखकी शोभा बढ़ानेवाली हैं। उन्हें तो आपके द्वारा किया गया सम्मान आपेक्षित नहीं है। वह मिले या न मिले ॥ २०-२१ ॥

कुबुद्धि लोगोंके द्वारा बढ़ाई गई, दुष्टवासनाओं द्वारा फैलाई गई, वेदों के पवित्र अर्थको जलानेवाली आग नित्य ही श्रुतियोंके अनुग्राहक तर्कोंकी मालारूप जलसे भरे हुए सद्‌ग्रंथरूप कलशोंसे सत्पुरुषों द्वारा शान्त की जाती है। निरन्तर जलप्रवाहके पड़ते रहनेसे वायुसे मित्र अग्निकी वृद्धि नहीं हो सकती। निरंतर पानीके बरसते रहनेसे दवानल भी शान्त हो जाता है ॥ २२-२३ ॥

मिथ्याभाषण में तत्पर, सत्यको छिपाने में परमचतुर अनार्यपुरुषोंकी बुद्धिमें आनेवाले अनुचित कार्योंका वर्णन भी कर्तव्यको समझानेवाले आर्य पुरुषों द्वारा कैसे हो सकता है ? वेद विरुद्ध सिद्धान्तोंमें निष्ठा रखनेवाले आप जैसी

बुद्धिवाले लोग क्या चन्द्रकिरणोंके समान चमकनेवाली श्रीकरपात्रीरूप समुद्रकी कीर्तिस्वरूप सुधा का लोप करनेमें समर्थ हो सकते हैं ? ॥ २४-२५ ॥

पुराणों को नवीन कहने वाले आपके वचन में व्याघात दोष है, जैसे कोई अपने आपको मौनी भी कहता जाय और बोलता भी जाय। पुराणों की व्याख्या के आधार पर ही वेदार्थ ठीक समझ में आता है, मतिभ्रम नहीं होता। पुराण के कल्याणमय प्रसंगों से परिपूर्ण श्रुति संगत अर्थ के वर्णन करने में निपुण राग-द्वेष से रहित विद्वानों का रूप धारण करने वाले सुगन्ध पुष्पों की माला से सुशोभित-पवित्र वाग्विलास से अलंकृत अधर की शोभा को धारण किये हुए विश्व विख्यात पूज्यपाद श्री करपात्री जी महाराजकी जय हो ॥२६, २७॥

वेदोक्त धर्म का यथार्थ निर्णय करने से तीनों लोकों में जिनकी कीर्ति है, शास्त्रानुकूल सत्कर्मों की व्याख्या करने वाली जिनकी वाणी है, वेदों के गुप्त रहस्य भी जिनके हाथ में हैं, अपने नाम को सफल करने वाले सन्यासियों की सभा के अलङ्कार श्री करपात्री जी महाराज शोभा को प्राप्त होते हैं ॥२८॥

जो अपने शिष्यों को प्रतिदिन वेद पढ़ाते हैं, उनका तत्त्व-निर्णय करते हैं, जिन्होंने अनेक ग्रन्थों की रचना में और उनकी व्याख्या में ख्याति प्राप्त की, सन्यासियों के राजा श्री करपात्री जी महाराज की जय हो !! ॥२९॥

ऐसे महामहिम मुनीश्वरों के भी सम्मान्य विपक्ष को परास्त करने में दक्ष, अपनी प्रशंसा में रुचि न रखने वाले श्री करपात्री जी के निन्दक आप जैसे कूटनीति-निपुण सद्धर्महीन-श्रद्धाहीन मनुष्यों के जीवन से क्या लाभ ! ॥३०॥

आपका आडम्बर व्यर्थ है। अपने ग्रन्थ में अपनी प्रशंसाओं की पुनरावृत्तियाँ करते रहने से आपका अन्तस्तल जैसा है, वैसा ही प्रकट हो गया है। आप जैसे निरर्गल पुरुषों की निन्दा-स्तुति से आप्तकाम-पूर्णकाम श्री करपात्री जी महाराज का क्या बनता-बिगड़ता है ? ॥३१॥

शास्त्रों के ज्ञान में प्रसिद्धि को प्राप्त श्री करपात्री जी को कौन नहीं जानता है ? धर्म की प्रतिष्ठा के लिये प्रवृत्त हुए इन महाराज के गुणों से कौन परिचित नहीं है ? ॥३२॥

आपके ग्रन्थ का अक्षर-अक्षर खंडित है। खण्डित का क्या खण्डन ? वेदार्थपारिजात सर्वथा अखण्डित है, मन से भी इसके खण्डन की बात कोई नहीं सोच सकता ॥३३॥

आपने जो समानत धर्म के पण्डितों को पक्षपाती कहा है और उन्हें रूढ़िग्रस्त कह कर, पौराणिक कह कर यौगिक प्रक्रिया का हत्यारा बताया है, वह सब द्वेष मूलक है। हमने वेदवाक्यों से ही पुराणों का प्रामाण्य प्रदर्शित किया है। स्वार्थ में तात्पर्य रखने वाले अखण्डित **'ऋचः सामानि'** (यजु० ३१.७) इत्यादि वेदवाक्यों से पुराणों का प्रामाण्य सिद्ध हो चुका है। रूढ़ि की अपेक्षा योग की निर्बलता भी बतायी जा चुकी है। स्वामी दयानन्द जी के मतानुसार केवल योग से अर्थों का अनर्थ भी दिखा दिया है ॥३४-३७॥

उन अनर्थों से उद्धार होने का आपके पास कोई उपाय भी नहीं है। ऐसी स्थिति में अब केवल सज्जनों की प्रशंसा के लिये—विद्वानों के सन्तोष के लिये प्रकारान्तर से भी आपके ग्रन्थ के खण्डन का उपक्रम करता हूँ ॥३८-३९॥

आपके ग्रन्थ की पुनरुक्तियों का खण्डन करने के लिये हमको भी पुनरुक्तियाँ करनी पड़ रही हैं। इस लिये हमारी पुनरुक्तियाँ निर्दोष हैं ॥४०॥

वेदार्थपारिजात के लिये माला लेकर भजन करने के समान आपने अपनी इन युक्तियों की ही आवृत्ति की है—(१) सनातन धर्म के पण्डितों को पौराणिक कहना, (२) उन्हें संकीर्ण वृत्ति का बताना और (३) उनके रूढ़िग्रस्त संस्कारों की दुहाई देना। हमने भी इन सबका युक्तिपूर्वक मुहतोड़ उत्तर दिया है और वेदवाक्यों से ही पुराणों की प्रमाणता को सिद्ध किया है। साथ-साथ यह भी हमारा डिण्डिमघोष है कि पुराणों में कोई दोष नहीं है, उनका कोई भी अंश वेदविरुद्ध नहीं है। वेदों के समान पुराण भी ब्रह्मा जी के निःश्वास हैं। इतना भेद है कि वेदों की आनुपूर्वी कभी नहीं बदलती, कल्पानुसार पुरणों की आनुपूर्वी बदलती रहती है। अर्थांश ज्यों-का-त्यों रहता है ॥४१-४५॥

योग की अपेक्षा रूढ़ि को सभी शास्त्रों ने बलवती माना है। रूढ़ार्थ की पुष्टि के लिये योग अपेक्षित होता है। यदि यागार्थ का ही प्रथम ग्रहण किया जाय तो गो शब्द से सास्नादिमती व्यक्ति के बोध लिये लक्षणावृत्ति का आश्रय लेना पड़ता है जो कि अनुचित है। यौगिक अर्थ ही स्वीकार किये जाने में और भी अनेक दोष बताए जा चुके हैं। विश्वामित्र आदि शब्दों में यौगिक अर्थ असंभव भी है ॥४६-४७½॥

संकीर्णवृत्तिता तो स्वामी दयानन्द जी से ही आरम्भ हुई है। विवाह आदि संस्कारों में खान-पान के व्यवहारों में, आर्य समाजियों की संकीर्णवृत्तिता

प्रसिद्ध है। पितरों के उद्देश्य से श्राद्ध के न मानने में भी आर्य समाजियों की कृपणता ही कारण है ॥४८-४९½॥

गुणों में दोष देखने का नाम असूया है। सभी आचार्यों की निन्दा करने वाले स्वामी दयानन्द जी में ही यह असूया घटित होती है ॥५०-५१½॥

ज्ञान-दान-शास्त्रार्थ चिन्तन आदि सद्‌गुणों के विषय में करपात्री जी की समानता कौन कर सकता है? सभी शास्त्रों के अध्ययन-अध्यापन में, धर्म-शास्त्रों के निर्णय में उनके समान कौन है? ऐसे नीति-निपुण-दयासागर-नवनीतादि से भी अधिक कोमल अन्तःकरण वाले श्री करपात्री जी महाराज के विषय में दोषों की कल्पना व्यर्थ है। इस असार संसार को जो बाल्यावस्था से ही अनित्य देखते चले आ रहें हैं, उनमें असूया आदि दोषों का होना असम्भव है। जिनके मत में इन्द्र आदि की पदवी भी सूकर-कूकर के समान है, उनमें ईर्ष्या की कल्पना भी कैसे हो सकती है? ॥५२-५६½॥

स्वामी दयानन्द में इन दोषों की कल्पना अवश्य हो सकती है, क्योंकि उन्होंने वेदों का भी खण्डन किया है, चार संहिताओं से अतिरिक्त संहिताएँ उनके मत में वेद नहीं हैं। पुराणों का, धर्म शास्त्रों का, कोष-व्याकरण-नीति आदि शास्त्रों का भी खण्डन किया है। अद्वैतवादियों में यह ईर्ष्या-असूया आदि दोष हो ही नहीं सकते। सर्वानन्य सर्वानपेक्ष-ब्रह्म पर ही सत्त्वासत् इहलोक-परलोक की चिन्ता का भार सौंपकर जो निश्चिन्त हैं, उनसे किस कारण कोई दोष आ सकता है? स्वामी दयानन्द जी के हृदय में जो दोष है, उनका ही प्रतिबिम्ब आपके हृदय में निश्चित है। श्री करपात्री जी अच्छोद सरोवर के सदृश निर्मल और पवित्र हृदय में दोषान्वेषण का हठ आप छोड़ दें। उनमें दोषों की कल्पना मिथ्या ही सिद्ध होगी। यद्यपि आपने अपने कल्पद्रुम में कोई युक्ति और प्रमाण उपस्थित नहीं किया है; युक्त्याभास और प्रमाणाभास ही उपस्थित किया है। उनकी आभासता ही अब मुझे प्रेमपूर्वक सिद्ध करनी है ॥५७-६४½॥

'दयानन्दीय' इस पद से यदि हम 'दयानन्द में ग्रन्थ के कर्तृत्व का बोध कराना चाहें तो इसको **'विधेय'** रूप से प्रस्तुत करना चाहिये, किन्तु समस्त होने पर विधेयांश अवमृष्ट हो जाता है और **'सविशेषणानां वृत्तिर्न, वृत्तस्य च विशेषणयोगो न'** इस व्युत्पत्ति का विरोध भी उपस्थित होता है। इन दोनों दोषों से बचने के लिये तृतीयान्त पद का प्रयोग किया गया है। 'दयानन्दीय यह पद **'ऋग्वेदादि'** का विशेषण है। 'तदीय' और 'स्वीय' पदों से भी ये दो

दोष बने रहते हैं जो **'दयानन्दीय'** पद के रहने से हैं। वैसे तो **'दयानन्दीय'** यह पद नहीं है, पदांश है। पद तो समस्त है ॥६५-६८॥

अब तो आपकी अच्छी योग्यता प्रकट हुई जब कि आपने **'ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका'** इस खण्डनीय ग्रन्थ के नामाज्ञान का आरोप **'पारिजात'** के प्रणेता पर लगाया। शायद यहाँ आप हम पर भी यह आरोप लगावें कि हमको भी **'वेदार्थपारिजात'** इस अपने ग्रन्थ का नाम याद नहीं है। क्योंकि यहाँ हमने 'पारिजात' शब्द का प्रयोग किया है, **'वेदार्थपारिजात'** नहीं। धन्य हो मिश्र जी महाराज ! 'आदि' पद के न लिखने से पारिजात के प्रणेता पर आपने बहुत अच्छा आरोप लगाया ! शायद आपने यह समझा होगा कि पारिजात के प्रणेता को **'उपलक्षण' पद्धति** का ज्ञान नहीं है। यह पद्धति दार्शनिक ग्रन्थों में बहुत प्रसिद्ध है। **इसके द्वारा तत्सदृशों का और तदवयवों का भी बोध होता है।** जैसे चार मनुष्यों के लिये कोई काम सौंपा उसके विषय में एक से कुछ पूछने पर चारों से पूछ लेना माना जाता है। आश्चर्य तो इस बात को लेकर है कि आपने इतना भी नहीं समझा कि मेरे द्वारा **'पारिजातप्रणेता'** पर लगाये गये इस आरोप को देखकर विद्वान् लोग कितनी खिल्ली उड़ावेंगे ! इन वातों से आपका **'कुशकाशावलम्बनन्याय'** का उदाहरण चरितार्थ होना सिद्ध होता है ॥६९-७०½॥

वेदोत्पत्ति के प्रकरण में **'तस्माद्यज्ञात्'** इस श्रुति के द्वारा ऋक्-यजुस्-सामन् इन शब्दों से मन्त्र रूप अर्थ का बोध होता है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद यह वेदरूप अर्थ नहीं प्रतीत होता। स्वामी दयानन्द जो की वेद रूप में मानी गयी चारों संहिताओं में कहीं यह अर्थ नहीं दिया गया। जब ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद यह शब्द ही कहीं नहीं तो इनका अर्थ भी कहीं नहीं; क्योंकि सभी अर्थ शब्दाश्रित हैं। अब आप विचार कीजिए कि आपके ऋग्वेद-यजुर्वेद-सामवेद ख-पुष्प (आकाश-कुसुम) हुए कि नहीं ? इस प्रकार आपके विचारों द्वारा वेचारा अथर्ववेद भी मारा गया। महाभारत में ठीक कहा है कि इतिहास पुराण के न जानने वाले वेदों का अर्थ नहीं करते, उन पर कलम-कुल्हाड़ा चलाने बैठते हैं। आप बेचारे ऋग्वेदादि की सिद्धि करने क्या बैठे, उन्हें खा ही गये। हाँ, श्री सायणाचार्य ने अपनी भूमिका में इन शब्दों का प्रयोग किया है। यदि आप इन पदों को वचाना चाहते हैं तो दयानन्द जी को छोड़कर सायणाचार्य जी की शरण में आ जाओ। देखो, वेदों पर प्रहार करना अच्छा

नहीं। श्री सायणाचार्य जी का अपनी भूमिका में यह वाक्य है **"ऋग्वेदोऽग्ने-स्तथा वायोयजुर्वेदोऽथ सूर्यतः"** ॥७१-८१॥

'जैमिनीय न्यायमाला' ग्रन्थ की भूमिका के आधार पर यदि आप ऋग्वेदादि को सिद्धि करना चाहते हैं तो श्री सायणाचार्य जी की ही शरण में आना पड़ेगा और दयानन्द के मत को छोड़ना पड़ेगा। वहाँ भी पूर्वपक्ष के अनुसार वेदों का अप्रामाण्य सिद्ध किया है। तब तो फिर वेदों से हाथ ही धोना पड़ा ॥८२-८३॥

वेदों को **'नित्य'** कहना और **'वेदों से पूर्व'** भी मानना स्पष्ट ही **'व्याघातदोष'** है। नित्य में पूर्वापरभाव कैसा ? ॥८४॥

'ऋच्' आदि शब्द मन्त्रों के ही वाचक हैं, वेद के नहीं। सायणाचार्य और उनसे पूर्ववर्ती आचार्यों ने एक स्वर से मन्त्र और ब्राह्मण दोनों को ही वेद माना है। **सभी मीमांसक आचार्यों ने वेद के पाँच भेद माने हैं—(१) विधि, (२) मन्त्र, (३) नामधेय, (४) निषेध और (५) अर्थवाद। ब्राह्मण भाग को वेद माने बिना वे पाँच भेद सिद्ध नहीं हो सकते; क्योंकि विधि वाक्य तो सब ब्राह्मण भाग में ही हैं। केवल मन्त्र को वेद कहने वाला तो सभी दर्शनों और आचार्यों का विरोधी है।** इस प्रकार आपकी बालू की दीवार ढह गयी ॥८४-९०॥

मन्त्रों का आधार मानकर जो आपने **'ऋच्'** आदि शब्दों का ऋग्वेद आदि अर्थ किया है, उसका अपने ही आप लोप भी कर दिया। आपने ही कोष्ठक में **'ऋच्'** आदि शब्द लिखकर उनके लक्षण वर्णन किया है और उनका मन्त्र रूप अर्थ माना है। ऋग्वेद की मुख्यता बताना भी आपका भ्रम है; क्योंकि यजुर्वेद भाष्य के प्रारम्भ में ही यजुर्वेद के ज्ञाता को **'अध्वयु'** कहा है और उसके कार्य=**आध्वर्यव**, की मुख्यता बताई है। अध्वर्यु को ही सब क्रिया करनी पड़ती है। **"आम्नायस्य क्रियार्थत्वात्"** (मी० सू० १.२.१) इस सूत्र के अनुसार वेदों का मुख्य कार्य यज्ञादि क्रिया है। गोपथ ब्राह्मण के अनुसार ऋग्वेद के ज्ञाता को **'होता'** कहा जाता है। उसका कर्म—**'होत्र'** है। इसमें केवल ऋचाएँ पढ़ी जाती हैं। होता पढ़ता है। वह ऋग्वेद का जानने वाला तब कहा जा सकता है, जब मन्त्र भाग और ब्राह्मण भाग दोनों को जानता हो। केवल ऋचाओं के जान लेने से कोई होता नहीं हो सकता। इस प्रकार **'ऋच्' शब्द का अर्थ केवल मन्त्र ही है, ऋग्वेद नहीं। मन्त्र भाग और ब्राह्मण भाग दोनों**

मिलकर 'ऋग्वेद' बनता है। 'ऋच्' शब्द का ऋग्वेद अर्थ करना—आखों में धूल झोंकना है। आपने भी स्वयम् **'ऋच्'** शब्द का अर्थ **मन्त्र** माना है। फिर भी ऋग्वेद चिल्लाना तो अत्यन्त आश्चर्यजनक है। सायणाचार्य की भूमिका के ६४ वें पृष्ठ पर जो कुछ भी कहा है, वह सब आपके विरोध में है ॥९१-९९½॥

ऋच्-यजुस्-सामन् ये सब शब्द मन्त्र रूप अर्थ के वाचक हैं, ब्राह्मण भाग को मिलाकर वेद रूप अर्थ में लाक्षणिक हैं। वाचक शब्दों की शक्ति वृत्ति को अभिधा कहते हैं और लाक्षणिक शब्द की वृत्ति को लक्षणा कहते हैं। ये दोनों एक नहीं, इनके अर्थ भी एक नहीं। गङ्गा शब्द प्रवाह रूप अर्थ का वाचक है और तटरूप अर्थ का लक्षक है। ऋच् आदि शब्द भी अभिधा वृत्ति से मन्त्र के वाचक हैं और लक्षणावृत्ति से वेद के लक्षक हैं, वाचक नहीं। वाचक शब्द की वृत्ति को अभिधा और लाक्षणिक शब्द की वृत्ति को लक्षणा कहते हैं। यह अर्थ भी हमारे सिद्धान्त के अनुसार है, आपके सिद्धान्त के अनुसार नहीं; क्योंकि आपके मत में वेद नाम की कोई चीज ही नहीं है ॥१००-१०६½॥

स्वामी दयानन्द की मानी हुई शाखाओं में ऋग्वेदादि नाम कहीं नहीं हैं। **'एतेन'** इत्यादि आपके वचन में भी ऋगादि शब्दों के द्वारा वेदों का लक्षितत्व स्पष्ट हो रहा है। चमत्कार आपके सिर पर चढ़ कर बोल रहा है। **श्री करपात्री जी का ही यह चमत्कार है जो आपसे भी ऋगादि शब्दों द्वारा वेदों की लक्ष्यार्थता स्वीकार करा ली** ॥१०७-११०॥

महीधर के **'ऋगादिवेदा उत्पन्नाः'** इस वाक्य में **'नामग्रहे नामैकदेश ग्रहणम्'** इस न्याय के अनुसार ऋक् पद से ऋग्वेद लिया गया है। यह **'ऋच्'** पद का वाच्यार्थ नहीं है। इस प्रकार **'ऋच्'** आदि पदों की मन्त्रार्थता प्रमाण से और तर्क से स्पष्ट हो रही है ॥१११-११३॥

'जाताधिकार' (मी० ३.३.१) इस सूत्र के अधिकरण में 'ऋच्' आदि शब्दों से वेद न लेकर मन्त्र रूप अर्थ ही ग्रहण किया है। यदि वेद रूप अर्थ ही सर्वमान्य होता तो संशय होता ही नहीं। तब पूर्व पक्ष, सिद्धान्त पक्ष यह सब हो जाता। जब यह संशय उपस्थित हुआ कि ऋगादि शब्दों से वेद लिये जावें या मन्त्र ? तब पूर्व पक्ष उठाकर यह सिद्धान्त किया गया कि इनका मन्त्ररूप अर्थ वाच्यार्थ है और वेदरूप अर्थ लक्ष्यार्थ। स्वामी दयानन्द जी के मत के अनुसार तो यह सभी विचार निरर्थक है; क्योंकि यह वाक्य ब्राह्मण भाग के अन्तर्गत है। ब्राह्मण भाग को उन्होंने वेद माना ही नहीं। हमारे मत में तो ब्राह्मण भाग भी वेद है, इस लिये विचार सार्थक है ॥११४-१२१½॥

वेद वाक्यों का अर्थ निर्णय करने के लिये ही पूर्व-मीमांसा और उत्तर-मीमांसा का आरम्भ हुआ है। इनका निर्णय सभी आचार्यों को मान्य है। इनमें अधिकांश ब्राह्मण वाक्यों का ही विवेचन किया गया है। आप ब्राह्मण भाग को वेद मानते ही नहीं, तो उनकी मीमांसा व्यर्थ है। ब्राह्मण भाग को वेद मानकर ही मीमांसा सार्थक होती है ॥१२२-१२४॥

'वेदो वा प्रायदर्शनात्' (मी० ३.३.२) इस अधिकरण के उपक्रम में जितने भी वाक्य लिखे गये हैं, वे सब ब्राह्मण भाग के हैं, न कि मन्त्र भाग के। आपके अनुसार तो इस अधिकरण का उपक्रमोपसंहार सब व्यर्थ है; क्योंकि वे अवैदिक हैं। वेदानुकूलता को लेकर इनके प्रामाण्य का पोषण करने में तो हमने पूर्व के प्रकरणों में अन्योन्याश्रय आदि दोषों की झड़ी लगाकर लिख दी है। इसलिये आपको भी दुराग्रह छोड़कर हमारे पक्ष में मिल जाना चाहिए। १२५-१२८॥

"लिङ्गाच्च" (मी० ३.३.३.) इस सूत्र के सन्दर्भ में **'ऋग्भिः पूर्वाह्णे'** (तै० ब्रा० ३.१२.९.१) इस ब्राह्मण वाक्य के **'ऋक्'** पद का अर्थ वेद नहीं हो सकता। वेदों की वाचकता मानने पर बहुवचन असङ्गत होगा। ऋचाएँ अनेक हैं; पर ऋग्वेद तो एक ही है। यहाँ 'ऋक्' शब्द का अर्थ मन्त्र ही है, वेद नहीं। इस प्रकार सर्वत्र ऋगादि शब्द मन्त्र के ही वाचक सिद्ध हुए।

उच्चैस्त्व-उपांशुत्व ये धर्म भी मन्त्र के ही हैं, वेद के नहीं। इन्हें वेद का धर्म बताना मिथ्या भाषण का पाप बटोरना है। ऋचाओं में उच्चैस्त्वधर्म बताकर फिर साम में भी उसका कीर्तन **'स्थूणानिखनन्न्याय'** से उच्चैस्त्व की पुष्टि के लिये है ॥१२९-१३४॥

'त्रयी विद्या' (पृ० २३) इस वाक्य में भी मन्त्रों के ही तीन भेद बताए गये हैं। वेद तो चार हैं ॥१३५॥

आपके स्वामी दयानन्द जी को भूख ने इतना सताया कि वे ११२७ वेदों की शाखाओं को निगल गये। बेचारे अथर्व वेद का तो चिह्न भी कहीं नहीं रहने दिया। सम्पूर्ण अथर्व वेद खा लिया ॥१३६॥

वेदार्थपारिजातभाष्यवार्तिकम्

परिशिष्टम्

॥ श्रीः ॥

वेदार्थपारिजातभाष्यवार्तिकम्

सिंहावलोकनम्

सिन्दूरपूरक्तगैरिकरागशोभे
शश्वन्मदस्रवणनिर्झरवारिपूरे।
सङ्ग्रामभूमिगतमत्तगजेन्द्रकुम्भे-
कूटे मदीयनखराशनयो विशन्तु ॥१॥

प्रतिजानन् स्वमात्मानं विशुद्धानन्दनामतः।
मिश्रत्वादीर्ष्यया चक्रे व्या० सा० सिद्धा ह्यशुद्धयः ॥२॥

पित्तोपहतदृष्टिश्चेत् पित्तमेव विपश्यति।
कामं स्यान्मौक्तिकं शुभ्रं चन्द्रकान्तमथापि वा ॥३॥
छन्दोव्याकरणन्यायशास्त्राणां भूर्य्यशुद्धयः।
करपात्रस्य भाषन्ता नात्मानं पश्यतः स्वयम् ॥४॥
सुरेन्द्रशास्त्री मिश्रश्च विशुद्धानन्दसंज्ञकः।
सिंहावलोकनं तस्मात् 'श्रीकण्ठो' विवशोऽकरोत् ॥५॥

ग्रन्थकर्त्तुः चित्रपृष्ठे वेदार्थकल्पद्रुम इदमवलोकयन् नेदं आभाणकं नेत्राञ्चलीकृतं भवति यत् "प्रथमे ग्रासे मक्षिकापातः" मन्ये प्रतिवादिनः विभिन्नस्थलेषु संशोधनमुद्रणादिहैतुकाश्चेत् स्खलतयो भवेयुः तत् प्रायश्चित्तरूपेण ग्रन्थकर्त्रा संकलय्य व्याकरणसाहित्यैक्येन भावेन एकत्रैव तत्रापि प्रथमबंधे तत्रापि मुखपृष्ठे निधिरिव कृताः। तथाहि "आनन्दान्त विशुद्धमिश्रपदवो नाम्ना धृता येन सः"।

अत्रेत्थं विमर्शः—ग्रन्थकारस्य नाम तु विशुद्धानन्द इति मात्रम्, नतु मिश्रान्तं तस्य (मिश्र इत्यस्याः) पदवीत्वात्। यदेतत् ग्रन्थकर्त्रा प्राग्वाक् प्रसङ्गे वेदार्थकल्पद्रुमस्य १५ पृष्ठे "तमिह खलु विशुद्धानन्द नामाहमार्यः" इति प्रमाणितम्। अथ श्लोकबंधप्रसङ्गात् अन्यत्रापि पित्रोः समर्पितिः स्थले आत्मजः विशुद्धानन्दः" पृ० ४ इति च। एतावता मिश्र इति पदं नाम्नः भिन्नमेव पदवीबोधकञ्च, तच्च पूर्वनिर्दिष्टश्लोकद्वितोयपादोद्धरणे स्पष्टम्।

अत्र-स्फुटं काव्यदोषः = नाम्नः स्वतंत्ररूपेणं निर्दिश्यमाने सविभक्तिकः पाठ आवश्यकः समासेकृते तु पदव्यन्तभागस्य एकवाक्यत्वात्-विशुद्धान्तस्य शुद्धनाम्नः अनवबोधः, एवं "नाम्ना धृता येन स" इति भागेन च अध्याह्रियमाणायाः मिश्र इतिपदव्या न शाब्दबोधसंबन्धः इति अभवन्मतरूपः काव्यदोषः ।

इत्थमेव व्याकरणदृष्ट्यापि दोषदुष्टत्वम् । तथाहि—उक्तश्लोकपादे विशुद्धपदान्ते विभक्तिरनिर्देशात् समस्त एव स्वीकृतो भवति समासस्य एषः स्वभावः (प्रकृतिः) यत् विभिन्नानां पदानां समासेन अभिधेयत्वे चरमेण विभक्त्यन्तेनैव पदेन सर्वेषां पदानां एकार्थीभावत्वं साधयति, एकपद्यमेकस्वर्यमेकविभक्तिकत्वञ्च समासप्रयोजनम् इति नियमात् । विभिन्नानां पदानां समासे व्यपेक्षालक्षण एकार्थीभावलक्षणरूपसामर्थ्यस्य च मूलत्वात्, "समर्थः पदविधिः" इति पाणिनीसिद्धान्तात् ।

एवञ्च समास तत्रैव साध्यते यत्र विभिन्नानां पदानां आकांक्षा-योग्यता-सन्निधिश्च भवति, प्रस्तुते "विशुद्धानन्द" इति नाम-पदस्य निर्वचनाय आनन्दान्त-विशुद्ध इति भागे आनान्दान्तं विशुद्धं नाम यस्य इति समासः आवश्यकः, नाम्ना-धृता येन स इत्यनुपदं पठितेन भागेन स इत्यन्यपदार्थस्य बहुव्रीहिमन्तराऽनभिधेयत्वात्, एवम् मिश्र इति पदवी पदार्थस्य नामसत्तातो विभिन्नतया उक्त भवत् श्लोकबंधानुरूपं "मिश्रपदवी" इति समस्तभागेन पृथक् रूपेण स्वीकृतावेव-सार्थकता, नाऽन्यथा । तथा उभयोरेकीभावे तु-आनन्दान्तविशुद्धेन मिश्रपदवी, इति पाठे आनन्दान्त विशुद्धस्यैव मिश्र इति पदबोध्या पदवी योग्यतामाधत्ते, न तु सामर्थ्यबोधितस्य विशुद्धानन्दस्य, तदित्थं "विशुद्धानन्दः मिश्र" इति साऽपेक्षः शुद्धः शाब्दबोधः विघटित एव ॥

चेत् वादितोषन्यायेन पदपदार्थविघटनं कल्पयित्वा आनन्दान्त विशुद्ध नाम्नामिश्रपदवी धृता इत्यर्थः सङ्गमनीयः तदा आनन्दान्तविशुद्ध इतोऽग्रे विभक्तिर्निर्देशः आवश्यकः, स च नास्ति एवं भवदभिमतः समास गौरवोऽपि "भक्षितेऽपि लशुने न शान्तो व्याधिः" इत्याभाणकपदं धत्ते । इति दुष्टत्वम् काव्यस्य ।

अयं सारः—एकार्थीभाव स्वभावतया समासस्य नाम्ना सह पदव्या समासे गुणीभावे न नाम पदव्योर्मध्ये उद्देश्य विधेयाऽविमर्शस्याऽवश्यम्भावितया अनेकविधं काव्यदोषदुष्टत्वं अपरिहार्य्यमेव । यतः पदवी सर्वथा नामतो भिन्नः

पदार्थः अनुपदं हि नाम्ना इति पठितेन पदार्थेन "आनन्दान्त विशुद्धमिश्र पदवी" इत्यन्तस्य बोधे उभयोर्मध्ये उद्देश्यविधेययोरेव साङ्कर्यम् ।

विशुद्धमिश्रयोश्च पूर्वंकर्मधारये (विशुद्धानन्दश्चासौ मिश्रश्च विशुद्धानन्दमिश्रः विशुद्धानन्दमिश्रपदवी यस्य स) इत्येवं रूपे पदव्याः सर्वथैव 'अदर्शनं लोपः" इति पाणिनिसूत्रं नृत्यति । ग्रन्थकृता आरम्भपद्येषु ९ पृष्ठे ४९ श्लोके "मिश्रेत्युपाह्वे कुले" इत्यत्र "मिश्र" इति कुलबोधकत्वेन पदव्याः, अथ च प्रकरणे १५ पृ० "तमिह खलु विशुद्धानन्द नामाहमार्य्यः" एवं "आनन्दान विशुद्ध नामक इयंञ्चार्धाङ्गिग्नी निर्मला" १० पृष्ठे ५० त्तमे श्लोके च स्वस्य विशुद्ध नाम्नः पृथक्निर्द्देशात्‥‥‥ कृते तु समासे आकांक्षा योग्यता सन्निधिस्थ सामर्थ्यस्य विलोपात्‥‥‥ व्याकरणदोषः ॥ एवं मिश्र इति च अत्रैव ९ पृ० ४९ श्लोके "मिश्रेत्युपाह्वेकु" नाम्नोभिन्न तयास्वीकृतम् ।

अथाऽपरः काव्यदोषः—पृ० १ श्लोक १, "नित्यशब्दार्थसम्बन्धं ह्यनादिनिधनश्रुतिम्" ।

अत्र अभवन्मतरूपः काव्यदोषः—तथाहि-नित्यशब्दार्थ सम्बन्धं इति विशेषणभागे समस्तो नित्यशब्दः‥‥‥भवदभिमतार्थस्य (वेदनित्यत्वरूपस्य) प्रतिपादने अप्रतीतः, वेदार्थकल्पद्रुमे वेदोत्पत्तिविचारप्रस्तावे १९ पृ० त्वया स्वयमेव "वाचा विरूप नित्या" नित्यया उत्पत्तिरहितया वाचा मन्त्ररूपया इति उद्धरणेन वेदनित्यत्वप्रतिपादनयैव तव अभीष्टत्वात्, न तु शब्दार्थयोः । प्रस्तुते नित्यपदस्य शब्दार्थाभ्यां समासे "नित्यश्चासौ शब्दादर्थसम्बन्धश्च" इति विधया शब्दार्थयोः सम्बन्धे एव नित्यत्व त्वबोधन तु वेदे । इति अभिमतार्थस्य समानेन गुणीभूतत्वात् वेदेन नित्यत्वस्य योगाभावात् "अभवन्मतकाव्यदोष-दूषणम् ।

अपिच—शब्दाऽर्थयोः नित्यः सम्बन्धश्च न केवलं वेदे एव, परं लोकेऽपि तथैवाऽस्ति, "वागर्थाविव सम्पृक्तौ" इति सिद्धे एवं वेदशब्दार्थगतं विशेषणात्मकं भवतः‥‥‥लक्षणं लौकिकशब्दार्थयोरव्याप्तम् इति—**न्यायशास्त्रनिबन्धनो दोषः** । भवत्प्रयुक्ततः नित्यशब्दस्तु समासशक्तितः शब्दार्थयोरेव नित्यत्वं निर्वक्तिः न तु वेदस्य । शब्दमात्रपदेन नित्यस्य समासेऽपेक्षिते तु "शब्दो, नित्यः कृतत्वेन" इत्यादिना प्रत्यक्ष्यवृत्तित्वरूपो दोषश्चायाति । इत्थं **वेदस्य नित्यत्वप्रतिपादनरूपं यत्** भवदभीष्टं, तत्तु समासमन्तरा सविभक्तिकैनैव नित्यपदेन "नित्यं शब्दाऽर्थ सम्बन्धम्" इत्यात्मकेन निर्दुष्टं काव्यपदं धत्ते, नाऽन्यथा ।

अथाऽन्यत् वे० क० द्रु पृ० १ "ऋषि दयानन्द सरस्वती सुतम्" **अपाणिनीयमिदं**—काव्यगतदोषोऽपि ग्रन्थकारेण अभिप्रेतो भावः इत्थं दर्शितः, तथाहि 'ऋषि दयानन्द सरस्वती रूपी सुत को' परमयं भावः पद्ये सरस्वत्यंतभागे द्वितीयाविभक्त्यन्तनिर्देशमंतरा न प्रकाशते, स च नास्ति इति **व्याकृतिदोषः।** चेत् समस्तवाक्यत्वेनेष्टम् तदा षष्ठी तत्पुरुष समासेन (दयानन्दसरस्वत्याः सुतो दयानन्दसरस्वती सुतः तम्) ग्रन्थकारस्य वेदप्रतिष्ठोदिधीर्षोर्महर्षेर्बोधः असम्भवी, षष्ठी विभक्तेः शेष स्वभावत्वेन—दयानन्दात् अन्यस्यैव सुतस्य कस्यचिद्बोधात् तथात्वे तु भवत् आजन्म ब्रह्मचारिणः सुतोत्पत्तिकल्पनायां कलंक एव। स्वयं च भवान् वे० क० द्रुम २ पृष्ठे "ब्रह्मचर्य व्रतेनाऽत्मायत्याभूत्पावनः परः" इति स्वीकरोति। विशेषण समासे तु सुतपदस्य पूर्वभावत्वेन छन्दोभङ्गः। यदि चेत् भवन्मतप्रवर्त्तकहेतोः ऋषि सरस्वतीसुतत्वेन, ईष्टे, तदा दयानन्दपदे विभक्तिनिर्देशः आवश्यकः, इति भवत्कृतौ **काव्यव्याकरणदोष समष्टिः।**

वे० क० द्रु० पृ० १.... – "दयानन्दसरस्वतीड्यः" अत्र समाप्त पुनरात्तरूपः काव्यदोषः तथाहि—सुतार्किकादि विशेषणविशिष्टस्य स्वामिनः दयानन्दस्य समाययौ, इतिक्रियया शान्ताकांक्षत्वेन पुनः इ "ड्यः इति विशेषणं काव्यं दूषयति।

पृ० श्लोक ५, "प्रमोदलोकात्समनोदयद्धरिः" अस्याऽर्घो हिन्दीटीकायाम् 'स्वर्ग-लोक से भूमि पर भेजा' अत्र निहताऽर्थतारूपः काव्यदोषः तथाहि "मुत्त् प्रीतिः प्रमदोहर्ष प्रमोदाऽमोदसमदाः" इति कोषान् आनन्दे प्रसिद्धः (शक्तः) प्रमोद शब्दः स्वर्गलोकाभिधाने अप्रसिद्धत्वान्निहताऽर्थतया विदुषः काव्याऽनभिज्ञत्वं एव भक्ति।

अन्यदपि परमाश्चर्यम्—विशुद्धनिर्मल हिन्दी भाषा टीका निर्दिष्ट अभिप्रेतस्य स्वर्गस्य "स्वरव्ययंस्वर्गनाकत्रिदिवत्रिदशालयाः। सुरलोकोदिवोद्वेस्त्रियां क्लीबेत्रिविष्टपम्।" इति कोषोपलब्धानेकपर्यायेषु सत्स्वपि अप्रतीतं प्रायुक्ङ्त, सारल्येनैवात्र "सत्स्वर्गलोकात् समनोदयद्हरिः। इति बंधेन सुखं सर्व्वार्ऽर्थलाभात्।

अथचान्यत् परं निग्रहस्थानं दृश्यताम्। श्रीमिश्रः दयानन्दमहाभागस्य दिव्याऽवतारबोधनाय, स्वर्गलोकादवतरणं प्रशस्तं मन्यते, पुनः स्वयमेव स्वर्गलोकमपलपति च (न स्वीकारोति)। तथा वेदार्थकल्पद्रुमस्य ४९९-५०० त्तमे पृष्ठे करपात्रविभूति अनभिज्ञत्वेन प्रलपन् मनुष्याणां देवत्व साधनप्रयासे लिखति

यत् "वस्तुतो लेखकोऽयं स्वर्गस्थान् काँश्चिद्देवान्, स्वर्गं चापि आकाशेऽस्मिन् किमपि विशिष्टं स्थानं मनुते।" इति स्पष्टं कीदृशीयं इन्द्रजालसरणी, दयानन्दस्य महत्त्वबोधनाय तु स्वर्गलोकस्य स्वीकारः, परं करपात्रसम्पर्कात् स्वर्गस्य अपलापः, धन्योऽसि मिश्र... ।

वे० क० द्रु० पृ० ३ श्लोक १६—"श्रीमद्दयाप्रथमनन्दकृतिः" अत्र—स्वामिनो नाम बोधनाय मध्ये धृतः पदं दयायां अन्वेति नन्दे वा ? इति सन्देहः, काव्यबन्धशैथिल्यम् ।

वे० क० द्रु० पृ० ३ श्लोक १३—"धन्या अपीड्यमुनयः" श्लोकस्य हिन्दी तु निर्मला, तथाहि : "स्तुत्य मुनिवर्ग धन्य है" परं संस्कृताऽनुवादकत्तुः पदे पदे स्खलति, "अनुवाद्यंमनुक्त्वैव न विधेयमुदीरयेत्" नियमेन धन्यत्व-विधेयस्य प्रागुपादानात् । अन्यञ्च 'अपि, इत्यव्ययपदप्रयोगः अपि उद्देश्यभूत मुनिपदात् प्राक् प्रयुक्ते धन्यत्वे स्वार्थं नियच्छति, इति भावानभिव्यक्तिकलंकः शैथिल्यदोषश्च ।

वे० क० द्रु० पृ०३ पृ० श्लोक १५ "अगादि तेनेयमृगादिभूमिका" अत्र प्रस्तुते गद् धातोः क्रियापदं अप्रसिद्धत्वकाव्यदोषदुष्टम् । भूमिकायाः ग्रन्थप्रकृतितया ग्रथिता-लिखिता-रचिता-कृता इति साधुः, गद्धातोस्तु व्यक्तवाचि एव शक्तिः, न लेखने—व्यतवाक् मनुष्यकृत शब्दप्रयोग इति मनोरमा ॥ "अलेखि तेने यमृगादिभूमिका" अकारि इति च सरलम् ।

वे० क० द्रु० पृ० २ श्जोक ७—"निर्गतोऽयं मिलिन्दो"...... "दयानन्द योगी" साहित्यदोषदुष्टत्वमत्र, तथाहि "योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः" इति पातञ्जलात् संयमशीले योगिनि दयानन्दे, चंचल मनस्वभावस्य विरुद्धधर्मणि मिलिन्द(भ्रमर)स्य आरोपकल्पनाकाव्यदोषः । "तद्रूपकमभेदोयः उपमानोपमेययोः" इति । मम्मटः अतिसम्यादपह्नुतभेदयोरभेदः, उपमामूलकत्वादस्याऽलंकारस्य साधर्म्याभावात् दृष्टान्ताऽसिद्धिः दोषः ।

वे० क० द्रु० पृ० ४ श्लोक १७ "मनः सु नो नाम चकार सुभ्रुवम्" अत्र संदिग्धार्थकत्वं साहित्यदोषः । अस्मदर्थबोधक "नो" इत्यस्य निषेधाऽर्थकाव्ययेन संदिग्धाऽर्थकत्वात् ।

वे० क० द्रु० पृ० १० श्लोक—५०, "शंका समाधि दधे" अत्र अप्रतीत-विरुद्धमतिकृत्-रूपौ-दोषौ-साहित्यनाशकौ, अतः अकाव्यत्वम् । तथाहि समाधि

